✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में निकली झांकी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 81 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 17 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### जन्माष्टमी के अवसर पर सीएम नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान

# ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों को मुफ्त में मिलेगी जमीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जन्माष्टमी के अवसर पर उद्योग लगाने वालों को कई सुविधाएं देने की बात कही है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों को मुफ्त में जमीन देने की बात कही थी। शनिवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया पर उन्होंने उद्योग लगाने वालों को विशेष पैकेज देने का एलान किया। कहा कि 2020 में सात निश्चय-2 के तहत की गई घोषणा के क्रम में हमारी सरकार ने 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है। अब हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग



लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधाएं देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। निजी क्षेत्रों को बिहार में उद्योग लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा विशेष आर्थिक पैकेज देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कई और प्रावधान भी किए गए हैं जिससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणा के अनुसार कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी तथा जीएसटी के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा। उद्योग लगाने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी तथा ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों को मुफ्त में जमीन दी जाएगी। उद्योग लगाने हेतु आवंटित भूमि से संबंधित विवादों को समाप्त किया जाएगा। यह सारी सुविधाएं अगले 6 महीने में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को दी जाएंगी।

# पीपीपी मोड पर शुरू होगी अंतरराज्यीय बस परिवहन सेवा : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान में रिकॉर्ड 19वीं बार फहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में रिकॉर्ड 19वीं बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराया। गांधी मैदान में परेड की सलामी लेने के पश्चात 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया। बिहारवासियों को मुख्यमंत्री ने कहा कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। मैं उन वीर जवानों को भी नमन करता हूं जो बहादुरी से देश की सरहदों की सुरक्षा कर रहे हैं। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इतिहास इस बात का गवाह है कि बिहार ने स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभायी। बिहार के लोगों ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि 24 नवंबर 2005 को हमारी सरकार बनी थी तो सर्वप्रथम राज्य में कानून-व्यवस्था को



ठीक किया गया। राज्य में कानून का राज बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्ष 2005 में बिहार में पुलिस बल की संख्या मात्र 42 हजार 481 थी जो जरूरत के हिसाब से बहुत कम थी। शुरू से ही पुलिस बल की संख्या को बढ़ाने पर जोर दिया गया और वर्ष 2022 में पुलिस की संख्या बढ़कर 1 लाख 10 हजार हो गयी है। फिर वर्ष 2023 में पुलिस बल की संख्या को बढ़ाकर 2 लाख 29 हजार तय किया गया। अब पुलिस बल की संख्या 1 लाख 31 हजार हो गयी है और नियुक्ति तेजी से जारी है। चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार ने बिहार से बाहर रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा कर दी है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उन्होंने गांधी मैदान से एलान करते हुए कहा कि छठ, दिपावली और दुर्गा पूजा के दौरान अब बिहार लौटने वालों को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। बस टिकट की किल्लत और ऊंचे किरायों की समस्या भी काफी हद तक कम हो जाएगी। पीपीपी मोड पर बिहार सरकार अंतरराज्यीय बस परिवहन सेवा शुरू करने जा रही है जिससे त्योहारों के दौरान यात्रियों को बेहतर बस सेवा मुहैया हो सकेगी। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से दुर्गा पूजा, छठ जैसे अवसरों पर बिहार आने वालों की संख्या बहुत ज्यादा होती है। इस दौरान लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। बिहार सरकार ने इस समस्या का समाधान कर दिया है। इसके लिए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर अंतरराज्यीय बस परिवहन शुरू करने जा रही है। इसके अंतरराज्यीय बस परिवहन सेवा देने वाले निजी बस ऑपरेटरों को प्रोत्साहित करने के लिए पीक सीजन में प्रति सीट 150 रुपये और ऑफ सीजन में प्रति सीट 300 रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी। इसके लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम और निजी ऑपरेटरों के बीच पांच साल का अनुबंध किया गया है। जिससे दूसरे राज्यों से बिहार आने वाले बसों संख्या और कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कार के अंदर मिला दो बच्चों का शव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्रा थाना क्षेत्र पटेल नगर रोड नंबर 12 के गोकुलपथ में एक गाड़ी में दो मासूम बच्चों का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकरी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मृत बच्चों की पहचान गणेश साव की पुत्री लक्ष्मी और पुत्र दीपक के रूप में की गई है।

### शराब तस्करों ने ले ली होमगार्ड जवान की जान

**गोपालगंज (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विश्वंभरपुर थाना क्षेत्र के सिपाया पॉलिटेक्निक के पास शनिवार सुबह शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। शराब तस्कर ने पुलिस की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उत्पाद विभाग में तैनात एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के बंगालखाड़ गांव निवासी 30 वर्षीय अभिषेक शर्मा के रूप में की गई है।

### बिजली बिल मांगने पर सगे भाई को मार डाला

**मधेपुरा (नबिटा ब्यूरो)।** घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के रतनपुरा गांव में बिजली बिल के विवाद में बड़े भाई ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मंझले भाई की पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस घटना में बड़े भाई उमाकांत यादव ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर छोटे भाई श्याम यादव की पीट-पीट कर हत्या कर दी। वहीं मृतक के पिता प्रयाग प्रसाद यादव, मां सत्यभामा देवी और छोटे भाई बबलू यादव गंभीर रूप से घायल हो गये।

### छात्र की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पहाड़चक में स्वतंत्रता दिवस की शाम तिरंगा उतारने के दौरान स्पर्शाघात से एक छात्र की जान चली गई। छात्र की मां स्कूल टीचर है। मृतक की पहचान अजीत पासवान के पुत्र आयुष कुमार के तौर पर हुई है।

# सरकारी नौकरी के आवेदकों को नीतीश ने दी राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के लाखों युवाओं के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बड़ा तोहफा दिया है। एक और ऐतिहासिक के साथ-साथ बड़ा फैसला लेते हुए सरकारी परीक्षा में लगने वाली परीक्षा शुल्क को एकदम न्यूनतम करते हुए महज 100 रुपये कर दिया है। वहीं पीटी पास कर मेन्स की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए शुल्क पूरी तरह से माफ कर दी है। यानी किसी सरकारी परीक्षा की मेन्स की परीक्षा में शुल्क नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार रोजगार के नए-नए अवसर मुहैया कराने के साथ ही युवाओं को अनेक तरह से लाभ देने के लिए लगातार उल्लेखनीय कदम उठा रहे हैं। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी साझा की है। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि राज्यस्तरीय सभी प्रारंभिक (पीटी) प्रतियोगिता परीक्षाओं, चाहे वह बिहार लोक सेवा आयोग हो, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग या केन्द्रीय सिपाही चयन पर्षद में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से अब केवल 100 रुपये लिया जाएगा। यही नहीं, प्रारंभिक परीक्षा पास कर मुख्य (मेन्स) परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों से अब कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस फैसले से राज्यभर के लाखों युवाओं को सीधा फायदा होगा।

# नहर में डूबने से तीन युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा थाना अंतर्गत राजपुर खैरा गांव में शनिवार को उतर कोयल नहर में पैर फिसलकर गिरने से दो युवकों की डूबकर मौत हो गयी। मृत युवकों की पहचान माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा के 21 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार व 17 वर्षीय पुत्र पियूष कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गयी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ की टीम के आने का आश्वासन देकर वापस लौट गई। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब एनडीआरएफ की टीम नहीं पहुंची तब ग्रामीण प्रशासन की उदासीनता से उग्र हो गए और ओरडीह गांव के समीप औरंगाबाद-नबीनगर मुख्य पथ पर टायर जलाकर पुलिस और प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए मुख्य पथ को जाम कर दिया। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद से ग्रामीणों का प्रशासन के विरुद्ध विरोध जारी है। मुख्य पथ जाम होने के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने फूफा रामाशीष विश्वकर्मा के घर कुटुंबा थाना क्षेत्र के राजपुर गांव आए हुए थे जहां शौच के क्रम में पैर फिसलने से नहर में गिर गए। दोनों युवकों का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। वहीं रिसियप थाना क्षेत्र के धनीबार गांव स्थित नहर में डूबने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी बिरजू पासवान के पुत्र पिंटू पासवान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि पिंटू अपने घर से नहर की तरफ शौच करने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। नहर में पानी अधिक होने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### डैम में डूबने से दो छात्रों की मौत

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** स्वतंत्रता दिवस के दिन जिले में बड़ा हादसा हो गया। रौशनगंज थाना क्षेत्र स्थित फुलवा डैम में स्नान करने गए चार दोस्तों में से दो की डूबने से मौत हो गई जबकि दो छात्र किसी तरह बच निकलने में सफल रहे। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को चारों छात्र ध्वजारोहण समारोह में शामिल होने के बाद फुलवा डैम पर नहाने पहुंचे थे। स्नान के दौरान 14 वर्षीय सचिन कुमार और 14 वर्षीय निखिल कुमार गहरे पानी में चले गए और डूब गए। दोनों को बचाने की दोस्तों ने काफी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शवों को बाहर निकाला।

# मुख्यमंत्री ने भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्रा पार्क पटना में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधान पार्षद राजेन्द्र



प्रसाद गुप्ता, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, विधायक संजीव चौरसिया, पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ.चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

# कुटुंबा बीडीओ मनोज कुमार का निधन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कुटुंबा के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार का



शनिवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके अकास्मिक निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त की रात उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के लिए उन्हें पटना स्थित मेदांता हॉस्पिटल जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वे अपने पीछे पत्नाी के अलावा दो प्रत्र और एक पुत्री को छोड़ गये है। वे बीते एक साल से कुटुंबा में कार्यरत थे। उनके आकस्मिक निधन की सूचना पर अधिकारियों, कर्मियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया है।

# स्पर्शाघात से दो किसानों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी(पटना)।** पटना जिले के मसौढ़ी एवं धनरूआ में अलग-अलग जगहो पर करंट लगने से दो किसानों की मौत हो गई है। पहली घटना मसौढी के हसनपुरा गांव की है जहां खेत में निकोनी करने जाने के दौरान चाइनीज बिजली तार की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान हसनपुरा गांव के महेंद्र बिंद के पुत्र राजू बिंद के रूप में ही है। वहीं दूसरी घटना धनरूआ थाना क्षेत्र के महादेवपुर में हुई है। यहां के किसान भी खेत में खेत में निकोनी करने जा रहे थे उसी दौरान पहले से गिरे बिजली तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान विनय कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मसौढ़ी के हसनपुरा में हुई घटना को लेकर जिला पार्षद प्रतिनिधि विजय यादव ने सरकार से मृतक किसान के परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि कई किसान अभी भी खेतों में चाईनीज तार का इस्तेमाल कर रहे हैं जो किसानों के लिए मौत का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि बिजली तार से बचाने के लिए किसानों को जागरूक करना पड़ेगा।

# बिहार के 192 सीडीपीओ कार्यालयों में खुलेंगे आधार सेवा केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 92 लाख 99 हजार 592 बच्चों के आधार कार्ड अब बाल विकास परियोजना पदाधिकारी यानी सीडीपीओ कार्यालयों से बनेंगे। इसके लिए राज्य के कुल 192 सीडीपीओ कार्यालयों में आधार सेवा केंद्र खोले जाएंगे। इसकी तैयारी समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय ने शुरू कर दी है। जिस सीडीपीओ के अंतर्गत जो आंगनबाड़ी केंद्र रहेगा, वहां के पंजीकृत बच्चों का आधार कार्ड वहीं के सीडीपीओ कार्यालयों से बनेंगे। बच्चों की सूची के अनुसार ही सीडीपीओ कार्यालय में आधार बनाने वाले कर्मी को रखा जाएगा। वर्ष 2019 के बाद आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का आधार बनने का काम शुरू हुआ था। वर्ष 2020 के बाद धीरे-धीरे तमाम आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का आधार बनाने का काम बंद हो गया। एक बार फिर आईसीडीएस के प्रयास से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का आधार बनाने का काम शुरू किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का आधार बनाने के लिए यूआईडीआईए और आईसीडीएस के साथ हाल में बैठक हुई है। इसके बाद सीडीपीओ कार्यालय स्तर पर आधार केंद्र खोल कर बाल आधार बनाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इससे हर आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चे के अभिभावक अपने प्रखंड के सीडीपीओ कार्यालय में जाकर आधार बनवा सकेंगे। इसके लिए एजेंसी की चयन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। अबतक बच्चे के आधार कार्ड बनाने के लिए अभिभावकों को विभिन्न आधार सेवा केंद्र पर भटकना होता है। जिला स्तर पर आधार सेवा केंद्र में उन्हें कई-कई दिन लग जाते हैं। कई बार दलाल के चक्कर में फंसने पर पैसे भी खर्च हो जाते हैं। लेकिन, सीडीपीओ कार्यालय में उन्हें पूरी सुविधा मिलेगी और आसानी से आधार कार्ड बन जाएगा। क्योंकि हर सीडीपीओ के पास संबंधित बच्चे की तमाम जानकारी रहेगी। इससे फर्जी आधार कार्ड बनने का मामला कम होगा। आईसीडीएस निदेशक अमित कुमार पांडेय ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में आधार कार्ड बनने का काम फिर से शुरू होगा। सभी सीडीपीओ कार्यालय में आधार केंद्र बनाये जायेंगे। इससे अभिभावक अपनेबच्चेका आसानी सेआधार कार्ड बनवा सकेंगे।

बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों एवं मतदाताओं को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी के अवसर पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अशोक कुमार सिंह

उर्फ रामबाबू सिंह

नेता-राष्ट्रीय जनता दल

समाजसेवी एवं संवेदक

बड़हरा (भोजपुर)

बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के साथ-साथ क्षेत्र में शांति-व्यवस्था, भाईचारा कायम रखने और खुशहाली लाने के लिए सदैव प्रयत्नशील

# सासाराम में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**सासाराम।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले के मुख्य समारोह स्थल न्यू फैजलगंज स्टेडियम सासाराम में 15 अगस्त को बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिला प्रभारी मंत्री जयंत राज के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पूर्व प्रभारी मंत्री द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इसके बाद जिला मुख्यालय सासाराम समाहराणालय परिसर में जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। न्यू फैजलगंज स्टेडियम सासाराम में ध्वजारोहण के बाद प्रभारी मंत्री द्वारा अपने संबोधन में जिलेवासियों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा किए गए विभिन्न कल्याण कल्याणकारी योजनाओं यथा शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, समाज कल्याण, उद्योग आदि उपलब्धियों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। इसके बाद मंत्री द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए कई व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिसमें जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह को अपने कार्यकाल में रोहतास जिला को विकास की नई गति प्रदान करने एवं उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया तथा तिलौथू प्रखंड की बीडीओ अंकिता जैन को आकांक्षी प्रखंड के तहत बेहतर कार्य करने के क्षेत्र में गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रोहतास जिले में विधि व्यवस्था के संधारण, विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा । आप सबों के सहज सहयोग और समर्थन के बल पर जिला प्रशासन ने न केवल अपना दायरा बढ़ाया है बल्कि सरकार की सभी विकास परक तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्तियों मे खड़े व्यक्तियों तक पहुंचने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री के द्वारा कुछ योजनाओं की घोषणा की गई थी। पूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रगति यात्रा के क्रम में उक्त योजनाओं को बहुत कम समय में संबंधित विभागों के द्वारा स्वीकृत दे दिया गया है जिसकी कुल लागत 935 करोड़ रुपए है। वहीं उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा जिले के वर्ग 1 से 8 तक सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 2 लाख 36 हजार 50 छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध कराया गया है। जिले में चिन्हित 5295 दिव्यांग बच्चों में से 2126 दिव्यांग बच्चों को वित्तीय वर्ष 2025 26 में विद्यालयों में नामांकन कराया गया है। शिक्षकों के नियुक्ति के तहत कल 1293 शिक्षकों का काउंसलिंग के उपरांत 1064 शिक्षकों द्वारा आवंटित विद्यालय में योगदान किया गया। टीआरइ-3 के तहत 1156 प्रधान शिक्षकों का काउंसलिंग के उपरांत कल 978 प्रधान शिक्षकों द्वारा आवंटित सरकारी विद्यालयों में योगदान किया गया। उन्होंने बताया कि रसोईया का मानदेय 1650 रुपए से बढ़ाकर 3300 रुपया किया गया तथा विद्यालय के रात्रि प्रहरी का मानदेय 5000 से बढ़कर 10000 किया गया। इसी तरह शारीरिक शिक्षा एवं अनुदेशक का मानदेय 8000 से बढ़कर 16000 किया गया। वही आशा कार्यकर्ताओं का भी प्रोत्साहन राशि 1000 रुपए से बढाकर 3000 रुपए किया गया तथा ममता कर्मियों का भी प्रोत्साहन राशि 300 रुपए से बढाकर 600 रुपए किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा कृषि के क्षेत्र में भी कई कार्य किए गए हैं जिसमें वर्ष 2025-26 खरीफ योजना के तहत अन्नदाता किसानों के द्वारा 2 लाख 6 हजार 3 सौ 29 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती की गई है। खेत की उर्वरक शक्ति को बनाए रखने एवं किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया है। आत्मा द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत गत वर्ष में कुल 5128 किसानों को प्रशिक्षण, 1457 किसानों का परिभ्रमण एवं 19 किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।

## आज सासाराम में आएंगे राहुल गांधी, डीएम ने सभा स्थल का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी के 17 अगस्त को रोहतास जिले के सासाराम में प्रस्तावित दौरा को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा सभा स्थल सुअरा हवाई अड़ा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान हेलीपैड का निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग सहित कई अन्य आवश्यक बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। वही सांसद राहुल गांधी के आगमन को लेकर शहर के अलग-अलग जगहों एवं चौक-चौराहों पर पोस्टर बैनर के जरिए कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत करने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## सार्जेन्ट सोनू कुमार निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला पुलिस लाइन में तैनात सार्जेंट दिवा पदाधिकारी सोनू कुमार को महिला सिपाही के साथ बदसलूकी के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। सार्जेन्ट ने गत 6 अगस्त को डिहरी के डायल-112 में तैनात महिला सिपाही नीतू कुमारी एवं अन्य पुलिसकर्मी का औचक निरीक्षक के कम में प्रतिनियुक्त महिला सिपाही नीतू कुमारी के साथ बदसलूकी करने का मामला अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आयी।

एसपी रौशन कुमार ने तत्पश्चात उक्त प्रकरण की जांच कर तत्संबंधी जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश ,डिहरी के एसडीपीओ एक एएसपी अतुलेश झा को निदेशित किया।

एएसपी जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि सार्जेन्ट सोनू कुमार, सिविल ड्रेस में औचक निरीक्षण करने गये, परन्तु इनका ड्युटी जांच करने का कोई सिड्यूल नहीं था। उस दौरान पीटीसी सिपाही के साथ हुई बहस की सूचना किसी वरीय पदाधिकारी को इन्होंने नहीं दी। पीटीसी सिपाही के द्वारा रिकॉर्डिंग प्रस्तुत किया गया, जिसमें सार्जेंट का वातालाप संदिग्ध प्रतीत होता है। मीडिया कर्मी से बातचीत के ऑडियो में इन्होंने उसे व्यक्तिगत रूप से मिलने एवं मामला सुलझाने की पेशकश की है। पीटीसी एवं महिला सिपाही के द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि ये नशे में थे। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-एक द्वारा सार्जेंट सोनू कुमार, पुलिस केन्द्र का कृत्य कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं घोर संदिग्ध आचरण परिलक्षित होने का मंतव्य दिया गया है।

# अनुमंडल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस









नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वतंत्रता दिवस पर शहर में तिरंगा शान से लहराया और इसके संग संग लहराई देश की आन बान और शान। जगह-जगह चौराहा, चौराहा सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों में सुबह से ही राष्ट्र भक्ति गीतों की गूंज एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाने का संदेश देती रही। देशभक्तों की शहादत की अलख जगाती रही तिरंगे को सलामी दी गई।

**घटना रोकने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : एसपी**

एसपी रौशन कुमार ने कहा कि उनके लिए आज अत्यंत गौरवपूर्ण पल है। मानव सभ्यता की इतिहास में इसकी तरक्की में हमारी स्वतंत्र सोच और खुद की नियति स्वतः तय करने की स्वतंत्रता का अमूल योगदान रहा, लेकिन इसी इतिहास के कालखंड में एक ऐसा अवसर आया कि हमने इसे खो दिया पर जब एहसास हुआ तो हर तरह की कुर्बानी देकर अपनी नियति स्वयं करने की स्वतंत्रता हासिल की। उसके बाद एक राष्ट्र के तौर पर कुछ मूल्यों और सिद्धांतों की आत्मसात करते हुए संविधान के रूप में उसकी रूपरेखा तैयार की समाज में उन मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए हमें अहम जिम्मेदारी दी गई। अभी तक हमने इस जिम्मेवारी को काफी बेहतर तरीके से देश की आंतरिक सुरक्षा के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों का सामना किया है। देश के नागरिकों का भरोसा बनाए रखा है। विगत समय में अपने आप को हम तैयार करते आए हैं इसमें तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बयान से विज्ञान की ओर अग्रसर हैं। इस प्रक्रिया में हमारे नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय अधिनियम का कानून एक महत्वपूर्ण कड़ी है। आप सभी समझते हैं कि सोशल मीडिया का लोकतंत्रीकरण के साथ अब ऐसी हालत है कि छोटी घटना अभी आम लोगों पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। ऐसे में लोगों के आकांक्षाओं पर खरा उतरना हमारे लिए चुनौती है। इस चुनौती पर खरे उतारने के लिए हम लोग प्रयत्नशील हैं। इस प्रयास के तहत विगत समय में जितनी भी घटनाएं जो आम जनमानस के मन में असुरक्षा की भावना पैदा कर सकती है उसमें से 90 प्रतिशत घटनाओं का हम लोगों ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है। ताकि आम जनमानस में पुलिस के प्रति भरोसा कायम रहे, लेकिन जैसा मैंने पहले कहा है यह एक सतत प्रक्रिया है लोगों की। एसपी ने कहा उम्मीदें समय के साथ बदल रही है। अब सिर्फ घटना होने के बाद कांड का उद्बोधन कर लेना लोगों की अपेक्षा नहीं है। आम जनों की अपेक्षा है कि घटना हो ही नहीं पर इसमें समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज के लोग इसमें अपनी भूमिका निभा पाए। इसके लिए जरूरी है कि उनका हम पर भरोसा हो और हम अपने आप को याद दिलाए कि हम जिस समाज से आए हैं उसे समाज के प्रति कुछ जिम्मेदारी है जिसके लिए हम संविधान के प्रति अपने आप को समर्पित कर चुके हैं। एसपी रौशन कुमार ने पुलिस लाइन में झंडोतोलन के बाद सम्बोधित करते उक्त बातें कही। इसके पूर्व एसपी ने जिला पदाधिकारी व एएसपी के साथ जिला पुलिस व महिला पुलिस बल के सलामी गारद का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन स्थित रोहतास जिले के विधि व्यवस्था संधारण में शहीद हुए पुलिस कर्मियों को शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में डीएम उदिता सिंह, एसडीएम नीलेश कुमार, एसएसपी अतुलेश झा समेत पुलिस प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। एसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मौके पर डीएम भी मौजूद थी।

**सरकारी दफ्तरों में भी हुआ ध्वजा रोहण**

शहर के सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों कॉलेजों विद्यालयों महाविद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र कार्यालय पर डी आईजी डॉ सत्य प्रकाश ने ध्वजारोहण किया। बिसैप दो में कमांडेंट लिपि सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया और सलामी गादर का निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार, व्यवहार न्यायालय में न्यायिक पदाधिकारी व अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय की उपस्थिति में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी राजदीप, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एएसपी अतुलेश झा, विधिक संघ कार्यालय में संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद शशि कुमारी, स्टेशन परिसर में स्टेशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह, आरपीएफ कार्यालय में निरीक्षक राम विलास राम, इंद्रपुरी थाना में थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी, मुफ्सिल थाना में थानाध्यक्ष राकेश गोसाई, आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में निदेशक आनंद सिंह, महिला कॉलेज में प्राचार्य डॉ अशोक सिंह जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार ओझा, राम किशोर सिंह कॉलेज में सचिव डॉ ललन सिंह अंदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में डॉक्टर वीरेंद्र कुमार, माता देवरानी हॉस्पिटल में डा निर्मल कुशवाहा, सूर्या क्लीनिक में डा नीलम ने झंडोतोलन किया। जेआर एस इंटनेशनल स्कूल में पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, आवासीय सनबीम पब्लिक स्कूल में सचिव राजीव रंजन, अरविंद अकेडमी में निदेशक कृष्णा प्रसाद ने झंडोतोलन किया। जदयू प्रखंड कार्यालय पर अध्यक्ष विकाश कुमार सिंह ने ध्वजरोहण किया। प्रखंड कार्यालय परिसर के प्रांगण में प्रखंड प्रमुख मनीष कुमार डिहरी नगर थाना में थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार पुलिस अंचल कार्यालय में इंस्पेक्टर रवि भूषण, महिला थाना में प्रभारी थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी एससी-एसटी थाना में थानाध्यक्ष गुड्डू सरदार, पीओपी थाना में चन्दहास व अंजनी कुमार के अलावा सभी थानों के थानाध्यक्ष के द्वारा झंडातोलन किया गया। अकोढ़ीगोला में पूर्व जिला पार्षद नीतू सिंह, जन अधिकार फाउंडेशन में सुजीत कुमार, बांक स्थित गुप्ता जी ब्रदर्स राईस मिल पर भाजपा बिहार व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता ने झंडोत्तोलन किया। मझिआंव पंचायत में मुखिया अनिल कुमार के द्वारा अपने मझिआंव पंचायत भवन के प्रांगण में ध्वजारोहण किया। पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज में प्रधानाचार्य संजय कुमार, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहरी में प्रधानाध्यापक बलीराव कुमार, वीआईपी पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष राजू चौधरी ने अपने प्रतिष्ठान थोक मछली मंडी डिहरी पड़ाव मैदान में ध्वाजारोहण किया। बुद्धिजीवी चेतना मंच के संस्था सचिव केदारनाथ सिंह ने किया झंडोतोलन। बालवाटिका के छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत स्वागत गान से झंडोतोलन की शुरुआत की।

## चंदनपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के चन्दनपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग रविवार को विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। इस वर्ग में चंदनपुरा, भदोखरा एवं सरैया मंडल के स्वयंसेवक सहभागी होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वर्ग का संचालन खंड संघचालक जंगलेश प्रसाद चौरसिया की देखरेख में सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। वर्ग व्यवस्था की जिम्मेदारी व्यवस्थापक प्रमुख मिथलेश कुमार विश्वकर्मा तथा सहायक व्यवस्थापक विकास कुमार गुप्ता निभा रहे हैं।

## चौधरी चरण सिंह इवनिंग महाविद्यालय में प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** कोचस प्रखंड में 79 वां स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर विभिन्न संस्थाओं के प्रधानों ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी व देश के आन बान शान राष्ट्र ध्वज को झूकने नहीं देने की शपथ खायी। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह इवनिंग महाविद्यालय के प्राचार्य शिवमुनी सिंह यादव ने महाविद्यालय परिसर में झंडोत्तोलन की। इसके साथ ही मेकर इंडिया पब्लिक स्कूल प्रबंधक इंजीनियर राजीव रंजन ने झंडोत्तोलन करते हुए छात्र छात्राओं को आजादी के दास्तान को छात्र छात्राओं से साझा करते हुए कहा कि किस तरह से आजादी के लिए हमारे देशवासियों को अपने प्राणों की आहूतियां देनी पड़ी तब बर्षो संघर्ष के बाद इस दिन हम लोग राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दे रहे हैं तथा संकल्प ब्यक्त कर रहे हैं कि इसके लिए अगर हमें बलिदान देनी पड़ी तो हम पीछे नहीं हटेंगे।

**पूर्व रेलवे**

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. केपीए-ईआरएस-ओटी-33बी-25-26, दिनांक 13.08.25; उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24-परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा के लिए निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है : **विवरण :** 1500 एम्पियर्स ईपी लाइन कंटेक्टर की पीओएच/मरम्मत/री-कंडीशनिंग एवं जांच, मात्रा: 63 अदद। **निविदा मूल्य:** जीएसटी एवं अन्य सभी शुल्कों के साथ रु. 1,42,08,163.20। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 04.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **समापन अवधि:** 36 महीने। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (MISC-166/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में आर एस के पब्लिक स्कूल अव्वल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर डिहरी के बस्तीपुर क्षेत्र में स्थित आर एस के पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अनुमंडलीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने बिहार प्रधान से संबंधित गीत हमारा बिहार पर नृत्य के द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और इस अवसर पर समारोह में चार चांद लगाकर धूम मचा दिया। बिहार ऐतिहासिक सांस्कृतिक और प्राकृतिक विशेषताओं के लिए जाना जाता है इस नाट्य रूपांतरण गीत और नृत्य में वीर कुंवर सिंह की वीरता, बिहार के महापर्व छठ, किसान भाइयों और बहनों की उपयोगिता, विधिवत रूप से शादी ब्याह से लेकर बिस्मिल्लाह खान भगवान बुद्ध की छवि दिखाई गई बच्चों के बेहतरीन प्रस्तुति से प्रसन्न होकर अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार एवं निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार ने विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह के सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करवाने की सोच पर जमकर सराहना की एवं कहा कि हर विद्यालय में बच्चों को ऐसे ही सांस्कृतिक कला से जोड़कर रखने वाली शिक्षा देनी चाहिए जो अपने राज्य एवं देश की जड़ों और संस्कृति से मनुष्य को जोड़कर रखे इस कार्यक्रम में कई विद्यालय जैसे डी ए वी कटार सीनियर सेकेंडरी जैन बालिका उच्च विद्यालय रमा रानी, पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज जैसे कई स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें आर एस के स्कूल अव्वल स्थान पर रहा । मौके पर हमारे बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए उनके साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह, प्रधानाचार्य प्रेमलता शर्मा, उप प्रधानाचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव संगीत शिक्षक बादल गुरु नीतू सिंह नीलम उपाध्याय शीला शर्मा गीतकार विजेंदर जख्मी सुनील प्रजापति इत्यादि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के सदस्य को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य व प्रखण्ड के देवडीही निवासी श्यामबिहारी पाल के श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व.पाल संघ के सक्रिय सदस्य थे जो ग्रामीण क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों की सेवा व सहयोग में करते रहते थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा कि स्व. श्यामबिहारी पाल संघ के समर्पित कार्यकर्ता थे उनका निधन प्रखण्ड इकाई के लिए गहरा आघात है, लेकिन विधि के विधान के आगे हमसभी को नमस्तक होना पड़ता है। श्रद्धांजलि देने वालों में वशिष्ठ प्रजापति, विमल पांडेय, बिहारीलाल पाल, धनराजो देवी, रामजग पाल, सुरेन्द्र पाल, दामोदर पाल,नागेंद्र पाल, सुरेन्द्र पाल, सतेंद्र पाल, नागेंद्र पाल, सुनीता देवी, सोनमती देवी, कंचन देवी, निधि कुमारी, सार्थक, नीरज, धीरज, शक्ति सहित अन्य उपस्थित थे।

## रोहतास में मेडिकल कॉलेज सहित अन्य घोषणाओं की खुशी में जदयू ने निकाली रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड के नेताओं कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने सासाराम शहर में एक रैली निकाली। यह रैली विश्वकर्मा मोड़ बाजार समिति तकिया सासाराम से निकलकर शहर के मुख्य भागों से होते हुए पोस्ट ऑफिस चौराहे तक पहुंची। रैली में सम्मिलित कार्यकर्ता और नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लोक कल्याणकारी निर्णय के लिए हर्षोल्लास से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते नजर आए। मौके पर पार्टी के रोहतास जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन के बाद रोहतास जिले के साथ-साथ पूरा प्रदेश अपने आप को गौरवान्वित और हर्षित महसूस कर रहा है। हम लोगों की एक चिर प्रतीक्षित अभिलाषा पूर्ण हुई और हमारे जिले में एक मेडिकल कॉलेज की नींव जल्दी ही पड़ने वाली है। रोहतास जिले में मेडिकल कॉलेज के खुलने से केवल रोहतास जिला ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों के निवासियों को चिकित्सकीय सुविधा और शिक्षा दोनों को प्राप्त करने में सुलभता होगी। मुख्यमंत्री ने छात्रों के लिए जो घोषणा की है कि अब बिहार में परीक्षा शुक्ल केवल 100 होगा और मुख्य परीक्षा फ्री होगी। इससे छात्रों का मनोबल मजबूत हुआ है और ऐसे हजारों प्रतिभा संपन्न छात्र जो केवल परीक्षा शुल्क की व्यवस्था न होने से प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाते थे वैसे छात्रों को बहुत ही राहत मिलेगी और उनका मनोबल मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–उ– ईटीएन –12–25–26

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : चरण–2 कार्य के तहत दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन के यार्ड का पुर्ननिर्माण। 2. कार्य का लगभग मूल्य : ₹6,11,44,277.19; 3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹4,55,700/–; 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 03.09.2025, चौदह तीस बजे। 5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि : उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/ पूमरे/ महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्यः निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0772/सीएन/एन/एमएचएक्स/अभि./टी/25–26/40

## भंगी समाज के कार्यकर्ताओं को टिकट देने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मोहन राम ने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि, मेहतर सेवा संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष व जननायक राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम से आग्रह करते हुए कहा है कि बिहार राज्य में खास कर अनुसूचित जातियों में जो वंचित दलित (मेहतर, डोम, बासफोर एवं बाल्मीकि) समाज के लोग कांग्रेस पार्टी में वर्षो से निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करते आ रहे हैं उन्हें आज तक बिहार के किसी भी सदनों में वर्षों की आजादी के बाद भी समुचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। आरक्षण का लाभ अनुसूचित जातियों में जो प्रभावशाली दलित नेता हैं उन्हें मिलते आ रहा है। श्री राम ने उपरोक्त शीर्ष नेतृत्व से यह अपील किया है कि बिहार के भंगी समाज को कांग्रेस की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु बिहार में हो रहे विधान सभा चुनाव में जहां सुरक्षित सीट है जैसे रोहतास में चेनारी विधान सभा एवं कैमूर में मोहनियां विधान सभा इन दोनों में एक सीट दलित समाज ( चमार, दुसाध, धोबी एवं पासी) से किसी एक जाति को तथा एक सीट वंचित दलितों में से(मेहतर, डोम, बाल्मीकि एवं बासफोर) एक जाति को दिया जाय।

# धूमधाम से मना 79 वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**अकोढीगोला।** अकोढ़ीगोला, दरिहट एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। आन बान शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। वहीं पूरा क्षेत्र राष्ट्रीय पर्व की खुशी में मग्न था। क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों पर राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत होकर तिरंगा लहराए गए जहां अकोढीगोला स्थित स्वर्गीय ललन सिंह फॉर्म हाउस नवाडीह व मां शिला वाटिका प्रांगण में लोजपा (आर) के प्रदेश महासचिव प्रभारी राजीव रंजन सिंह सोनू सिंह की पत्नी नीतू सिंह (पूर्व जिला पार्षद), अकोढ़ीगोला थाना में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, दरिहट थाना में थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा, आयरकोठा थाना में थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी, रामप्यारी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार, भागवत दास राजकीय मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक प्रमोद तिवारी, दरिहट पंचायत भवन पर मुखिया शारदा कुंवर, अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, मझिआंव पंचायत भवन टंडवा में अनिल कुमार, डीएवी स्कूल भड़कुडिया में प्रधानाध्यापक आरएन पाठक, एडीफाई वर्ल्ड स्कूल में प्रधानाध्यापक आकाश कुमार सिंह, तथागत पब्लिक स्कूल विजय पाल ने शान से तिरंगा झंडा फहराया। वही सभी लोगों ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर अपने प्रांगण में लोगों को संबोधित किया और बधाई दी। इस मौके भागवत दास राजकीय मध्य विद्यालय दरिहट तथा एडीफाई वर्ल्ड स्कूल तथा तथागत पब्लिक स्कूल आयरकोठा के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक झांकी, नाट्य, नृत्य, भाषण, गीत, कविता आदि की शानदार प्रस्तुति दी जिसमें जीना है तो पापा शराब मत पीना सोशल मीडिया की गुलामी, पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ, जल बचाओ आदिवासी डांस आदि नाटकों पर छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति की जहां अभिभावक और श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके दरिहट पंचायत भवन पर सरपंच प्रीति सिंह, बुचूल सिंह यादव, सुभाष सिंह कुशवाहा, श्रीकांत पाल, ललन पाल, अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, नागेन्द्र सिंह, अधिवक्ता प्रदीप कुमार, मेघनाथ सिंह, कृष्ण प्रसाद (सर जी), अशोक पाल, विवेक कुमार, मिठ्ठ सिंह, संजीव कुमार उर्फ गुड्ढ, चन्दन कुमार, पवन कुमार, पंकज कुमार, दीनानाथ राम , राजेश महतो, मुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।

# बी डी कॉलेज के विकास के प्रण के साथ प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने किया ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी डी कॉलेज परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो रत्ना अमृत ने ध्वजारोहण किया और सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में प्रो रत्ना अमृत ने सर्वप्रथम स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही हमें ब्रिटिश हुकूमत से आजादी मिली। उन्होंने भारत सरकार के 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य का




उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के 100वें स्वतंत्रता दिवस तक हमारा देश निश्चित रूप से विश्व के अग्रणी विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत विकास की तेज रफ़्तार पकड़ चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार के मुख्यमंत्री के प्रयासों से बिहार भी सामाजिक न्याय और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। प्रो रत्ना अमृत ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए भारतीय सेना के जांबाज और वीर सैन्य पदाधिकारियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए ईमानदारी और मेहनत से कार्य करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर एक सशक्त, शिक्षित और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्या ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राओं को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने घोषणा की कि बी डी कॉलेज में एनसीसी और एनएसएस की दो-दो इकाइयां बनाई जाएंगी। साथ ही यह भी बताया कि नैक मूल्यांकन और प्रत्यायन की तैयारी के लिए टीम का गठन कर लिया गया है और शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कार्य शुरू हो जाएगा। प्रो रत्ना अमृत ने अंत में कहा कि बी डी कॉलेज को नई ऊंचाइयों पर ले जाना उनका संकल्प है और इसे पूरा करने के लिए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को मिलकर कार्य करना होगा।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने स्वतंत्रता दिवस पर वृक्षारोपण एवं मरीजों को भेंट किया उपहार





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा निर्देशन में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यालय में आयोजित झंडोतोलन कार्यक्रम में पूमरे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर मुख्यालय परिसर में पूमरे महिला कल्याण संगठन एवं मुख्यालय, हाजीपुर के अधिकारीगण द्वारा संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया गया। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर अध्यक्षा, पूमरे महिला कल्याण संगठन एवं अन्य सदस्यों द्वारा सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में भर्ती 200 मरीजों को उपहार स्वरूप तौलिया सेट, फल एवं हॉर्लिक्स बिस्किट दिया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह तथा महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं।

# शहीदों की शहादत से मिली देश को आजादी : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा द्वारा झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने अपने आवास पर किया। इस अवसर पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि आज हम स्वतंत्र होकर खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इसके आजादी के हजारों शहीद दीवानों को नमन करते है जिसके बल पर आज आजादी मिली, लेकिन आजाद भारत में 79वर्षों में जितने देश का और राज्य का प्रगति होना चाहिए था जो नहीं हुआ। आज पूरे दुनिया भारत नाम का डंका बज रहा है तेज रफ्तार से देश प्रगति कर रहा है। आज अपने दुश्मनों सरकार और हमारे सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। बिहार में सड़कों का जाल बिछाया गया। अस्पताल से लेकर गरीबों को मुफ्त बिजली का इंतजाम किया गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के वित्तीय प्रबंधन के बल आज सभी संविदा पर कार्यरत कर्मी आसा, ममता, जीविका दीदियों का वेतन में दुगुना



वृद्धि की गई है। आज बिहार में समाज के वंचित वर्ग को को पंचायत नगर निकाय में आरक्षण देकर उनको राजनीत के मुख्य धारा में लाया गया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि आज भी पुनः तुष्टिकरण की नीति लागू करने के लिए राष्ट्र को कमजोर करने के लिए कांग्रेस गठबंधन लगी हुई। इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है और इस अवसर पर देश के एकता अखंडता के लिए हम सब को एक जुट रहने की आवश्यकता है। जरूरत पड़ने पर देश के रक्षा के लिए जान देना पड़े तो हमे तैयार रहना चाहिए यहीं संकल्प लेकर जाइए। इस अवसर पर जिला परिषद के स्तुति गुप्ता, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, संतोष पटेल, मुन्ना सिंह चंद्रवंशी, मुकेश मंडल, सुबोध कुमार, चंदन शर्मा, पवन ठाकुर, अनिल चंद्रवंशी, राजीव रंजन सिंह, अनिल शर्मा, बीजेपी नेता संजय गुप्ता, राकेश चौरसिया, मुकेश चंद्रवंशी, उमेश सिंह चंद्रवंशी, विजय प्रकाश सिंह, विवेक कुमार इत्यादि लोगों ने अपना विचार रखा और प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी।

# पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में स्वतंत्रता दिवस पर किया गया ध्वजारोहण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के कार्यपालक निदेशक अरिंदम सेनशर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया जिसमें पावरग्रिड के सभी पदाधिकारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यपालक निदेशक अरिंदम सेनशर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें ब्रिटिश शासन के 200 वर्षों के बाद मिली आजादी और उन शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की खातिर अपना बलिदान दे दिया। 15 अगस्त के दिन भारत के लोग खुशी-खुशी आजादी का जश्न मनाते हैं। यह दिन मातृभूमि के प्रति आपके प्यार और गौरव को दर्शाता है। इस अवसर पर कार्मिको, बच्चों एवं महिलाओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। वहीं पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-I के अंतर्गत बिहार एवं झारखंड के सभी उपकेन्द्रों पर ध्वजारोहण कर विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित किए गए।

# बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक में किया गया झंडोतोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक सीमित, बुद्ध मार्ग, पटना के अध्यक्ष ममता सिंह के द्वारा बैंक परिसर में झंडोतोलन किया गया। अध्यक्ष के द्वारा सहकारिता के सभी संस्थानों, सहकारिता नेताओं, बैंक के सभी निदेशकों, प्रतिनिधियों एवं बिहार झारखण्ड के सभी किसान भाइयों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिया गया।



समारोह में एमएलसी-सह-अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी आवस संघ बोर्ड, नई दिल्ली-सह-निदेशक, भूमि विकास बैंक, पटना विजय कुमार सिंह ने भी बिहार एवं झारखण्ड के किसान भाइयों, बैंक के सभी प्रतिनिधि, निदेशकगण, पदाधिकारी एवं कर्मचारी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

मौके पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, बिहार-झारखण्ड गुणा नन्द गामी, भूमि विकास बैंक के निर्देशकगण में राजेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, बैंक के अधिवक्ता राजेश प्रसाद चौधरी, बैंक के मुख्य निगरानी पदाधिकारी आर पी सिंह, प्रबंध निदेशक डॉ कौशलेन्द्र सिंह, निदेशक तकनीकी राजीव कुमार, निदेशक कार्मिक राजेन्द्र कुमार एवं बैंक के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने झंडोतोलन में भाग लिया।

# बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष के एस द्विवेदी ने किया झंडोत्तोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग कार्यालय के परिसर में अध्यक्ष के एस द्विवेदी के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया । इस अवसर पर आयोग के सचिव सुरेश प्रसाद चौधरी, सदस्य सचिव पंकज सिन्हा, सदस्य प्रवीण



कुमार, पुलिस अधीक्षक मदन आनंद, पुलिस उपाधीक्षक के एन मांझी, पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय एवं अन्य पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित रहे।

# शक्तिधाम में नंदलाल के जन्म का उल्लास, आधी रात गूंजा जय कन्हैया लाल की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जन्माष्टमी का मंगल अवसर और पटना के दादी मंदिर में हर ओर भक्ति का उल्लास, आरती की गूंज और कन्हैया के नाम का जयघोष। समिति के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि श्री दादीजी सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धालुओं के हृदय में रंग और राग का अनुपम रस घोल गया। शनिवार दोपहर 1:30 बजे कार्यक्रम का आगाज हुआ और अग्रसेन भवन शक्तिधाम का वातावरण भक्ति की मधुर तरंगों से भर उठा। रंग-बिरंगी झालरों से सजा मंदिर, पुष्पों से महकते द्वार



और दीपमालाओं की रेखा से झिलमिलाते आंगन ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। ऐसा लगा मानो स्वयं मथुरा का नंद महल शक्तिधाम में आ बसा हो। महोत्सव में झांकियों के रूप में बाल गोपाल का दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। छप्पन भोग की झलक ने भक्तों के मन में श्रद्धा की मिठास भर दी तो सांकेतिक मटकी फोड़ ने गोकुल की गलियों की याद दिला दी। संध्या होते-होते मंच पर कोलकाता की प्रसिद्ध नृत्य मंडली ने जब रासलीला प्रस्तुत की तो लगा जैसे यमुना तट पर गोपियों संग स्वयं माधव उतर आए हों। सुरों की आराधना में भजन गायक संजय शर्मा, जस्सी सोनी, अन्नू शर्मा, नीरज भारद्वाज और माधव सुल्तानिया ने ऐसा सुर साधा कि पूरा पंडाल श्याम नाम की अमृत गंगा में डूब गया। कहीं हाथ जुड़ते दिखे, कहीं आंसू छलकते और कहीं रागिनी के साथ झूमते श्रद्धालुओं संग हर कोई कृष्णमय हो उठा। महोत्सव के मुख्य यजमान संजय भलोटिया रहे। शक्तिधाम के सचिव अक्षय अग्रवाल ने बताया कि समिति के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन में ओम पोद्दार, अक्षय अग्रवाल, रमेश मोदी, सूर्य नारायण, जय प्रकाश तोदी, मनोज अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रोशन सर्राफ, दीपक भुवानिया, बिमल माधोगढिया, दिगम्बर अग्रवाल, मुन्नाजी अग्रवाल, रोहन झुनझुनवाला, रमेश अग्रवाल, उमंग शाखा के सदस्य सहित अनेक सदस्य तन-मन से जुड़े रहे।

# मौलाना मजहरुल हक विवि में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मौलाना मजहरुल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की शुरूआत कुलपति प्रो. मोहम्मद आलमगीर द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इस अवसर पर कुलसचिव अनवारूल हक अंसारी, सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी और सैंकड़ों छात्र भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कुलपति तथा कुलसचिव ने उपस्थित छात्रों को संबोधित भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग द्वारा महिला अधिकारों पर केंद्रित एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता विभाग के प्रमुख डॉ. निखिल आनंद गिरि ने किया।

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के मौक पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के राज्य कार्यालय में न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कर सलामी दी। इस मौके पर न्यास बोर्ड के कार्यालय में आयोजित समारोह में वेद विद्यालय के बच्चों के स्वतिवाचन एवं मंत्रोच्चार के बीच ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर आयोजित समारोह में स्कूली बच्चों के बीच पेन व कॉपी भी बांटी गयी।




# जनमाष्टमी 80 क्विंटल फूल से सजा पटना का इस्कॉन मंदिर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जन्माष्टमी का त्योहार पूरे प्रदेश धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों को सजाया गया है। इस साल छह शुभ योग में जन्माष्टमी मनाई जा रही है। पटना इस्कॉन में जन्माष्टमी को लेकर भव्य आयोजन किया गया है। 80 क्विंटल फूल से पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया है। थाईलैंड, कोलकाता, बैंगलोर, बैंकॉक से फूल मंगाए गए हैं। इस बार मंदिर की सजावट वृंदावन थीम पर की गई है। भगवान का 251 चांदी के कलश और शंख से अभिषेक



होगा। इस्कॉन मंदिर का पट जन्माष्टमी के अवसर पर सुबह 7 बजे खोल दिया जाएगा जिसके बाद भक्त दर्शन कर सकते हैं। देर रात 1 बजे तक दरबार भक्तों के लिए खुला रहेगा। मायापुरी और वृंदावन से विशेष भजन-कीर्तन मंडलियां आ रही है। दूसरी ओर पटना के महावीर मंदिर में भी जन्माष्टमी पर विशेष आयोजन होगा। मंदिर के दूसरे तल पर धनुर्धर अर्जुन संग विराजमान भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष रात 9 बजे से भजन-कीर्तन के साथ जन्माष्टमी के आयोजन की शुरूआत होगी। भागवत, गीता, भजन आदि का पाठ होगा। वहीं, रात 12 बजे विशेष पूजा होगी। इसके लिए खास तौर पर फूल कोलकाता से मंगाए गए हैं। वहीं, 4 हजार किलो नैवेद्यम प्रसाद के लिए तैयार किया गया है। पटना से 20 किलोमीटर दूर नौबतपुर के तरेत पाली मठ में जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर हैं। 17 अगस्त की मध्यरात्रि को कृष्ण जन्माष्टमी और 18 अगस्त को भगवान श्री कृष्ण की बारात का आयोजन होगा।







## पीएम के दौरे को लेकर हम युवा मोर्चा की बैठक

**गयाजी।** शहर में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा(से.) के जिला युवा प्रकोष्ठ की अहम बैठक हुई। अध्यक्षता युवा जिलाध्यक्ष संतोष सागर ने की। मुख्य एजेंडा 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गया आगमन को लेकर तैयारी और रणनीति तय करना था। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सभी प्रखंडों से 1000 युवा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे।






## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस पर विकास भवन में 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकास भवन, में 20 सूत्री कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार-सह-प्रभारी मंत्री, जिवेश कुमार तथा सांसद, विवेक ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता



काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। उद्घाटन के उपरांत प्रभारी मंत्री ने उपस्थित 20 सूत्री के उपाध्यक्षों एवं सदस्यों से जिले में सकारात्मक, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 20 सूत्री के माध्यम से जिले के विकास एवं जनकल्याण की दिशा में सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए। मौके पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश,, पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जिले के तीन व्यवसाईयों को प्रभारी मंत्री ने दिया भामाशाह सम्मान

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में राज्य कर आयुक्त द्वारा तीन व्यवसाईयों को भामाशाह पुरस्कार प्रदान किया गया है । राज्य कर संयुक्त



आयुक्त के हद्वारा जिले के तीन व्यवसायी अमित अग्रवाल , रेशम सिन्हा और दाऊद खान को चयनित किया गया था। तीनों व्यवसाईयों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा के द्वारा हरिशचंद्र स्टेडियम में कार्यक्रम के उपरांत सम्मानित किया गया । जीएसटी विभाग की ओर से यह निर्देशित किया गया था कि तीनों व्यवसाईयों के द्वारा सर्वाधिक जीएसटी जमा करने के उपरांत यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है । सर्वाधिक जीएसटी जमा करने वालों में प्रथम सागरमल एंड संस , दूसरा अंजलि इंटरप्राइजेज और तीसरे नंबर पर टुडे'एस फैशन रहा है । तीनों के प्रोपराइटर को विभाग की ओर से सम्मानित किया । यह पुरस्कार प्रभारी मंत्री ने प्रदान किया । मौके पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश, एसपी अभिनव धीमान मौजूद थे।

### जिले भर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश की आजादी के 79 वर्ष पूरे होने पर नवादा जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में तिरंगा फहराया गया । संस्थान प्रमुख के द्वारा तिरंगा फहराया गया। मुख्य कार्यक्रम नवादा के हरिशचंद्र स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां प्रभारी मंत्री जीवेश कुमार ने झंडातोलन कर झंडे को सलामी दी और परेड का निरीक्षण किया । इसके बाद जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय में व विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने विकास भवन में , पुलिस कप्तान अभिनव धीमान ने पुलिस केंद्र में , सदर एसडीओ अनुमंडल कार्यालय में, नगर परिषद में मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी , प्रजातंत्र द्वार पर उपमुख पार्षद कंचन विश्वकर्म, नगर भवन में कार्यपालक पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार शर्मा के द्वारा झंडोतोलन किया गया। इसके साथ ही मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में डायरेक्टर डॉ अनुज कुमार की ओर से विद्यालय में झंडोतोलन किया गया । जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में डायरेक्ट डॉ आर पी साहू ने झंडोतोलन किया । फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल में प्रोफेसर विजय कुमार ने झंडोतोलन किया । नवादा विधि महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ डीएन मिश्रा ने झंडोतोलन किया । रोटरी क्लब में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, नवादा क्लब में अध्यक्ष नवीन कुमार छवि के द्वारा झंडोतोलन किया गया । इसके साथ ही जिला परिषद कार्यालय में अध्यक्ष पुष्पा देवी, भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू कार्यालय में जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष सतीश कुमार मंटन सिंह, राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में जिला अध्यक्ष उदय यादव ने झंडा तोलन कर झंडे को सलामी दी।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस पर नवादा में उत्साह, गर्व और विकास की गूंज

डॉ. पंकज कुमार सिन्हा

## प्रभारी मंत्री जीवेश कुमार ने किया झंडोतोलन








**नवादा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम जिले के ऐतिहासिक स्थल हरिश्चन्द्र स्टेडियम में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार-सह-प्रभारी मंत्री, जिवेश कुमार, डीएम रवि प्रकाश और एसपी अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात मंत्री ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण के बाद वहां उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मचारियों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों एवं समस्त नवादा वासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि बिहार सरकार सामाजिक न्याय के साथ विकास के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा एवं सड़क के क्षेत्र में कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वहीं पंचायत निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत तथा सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करना देश के अनेक राज्यों के लिए अनुकरणीय है। सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को डोमिसाइल नीति के तहत आरक्षण दिया गया है। 182 पंचायत एवं 04 (चार) नगर निकाय वाले नवादा जिले में विकास की धारा बह चली है। उन्होंने विभागवार जिले की उपलब्धि के बारे में जानकारी दी जो निम्नवत है:

1. जिला ग्रामीण विकास अभियंत्रण ज्ञ जल जीवन हरियाली अभियान के तहत 4,419 तालाब/पोखर/आहर/पईन का जीर्णोद्धार, 4,291 सोख्ता, 483 जल संचयन संरचनाएं तथा 1,905 अन्य योजनाएं पूर्ण। मनरेगा से 1,79,971 परिवारों को रोजगार, ₹52.47 करोड़ की मजदूरी भुगतान, 110 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 1,43,335 आवास स्वीकृत, 1,15,620 पूर्ण। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 2,249 आवास स्वीकृत, 2,147 पूर्ण।

2. स्वच्छता और पेयजल ज्ञ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत 2,52,740 शौचालय निर्माण पूर्ण। 847 ग्राम पंचायत ODF Plus, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों की स्थापना।

3. सामाजिक सुरक्षा ज्ञ पेंशन योजनाओं के तहत 2,55,327 लाभुकों को ₹1,100 मासिक पेंशन का डीबीटी के माध्यम से भुगतान।

4. नगर विकास-पीएमएवाई (शहरी) के तहत नवादा, हिसुआ, वारिसलीगंज एवं रजौली नगर निकायों में हजारों आवास स्वीकृत एवं निमार्णाधीन। पीएम स्वनिधि योजना के तहत फुटपाथ विक्रेताओं को रियायती ऋण। डीएवाई-एनयूएलएम से महिला स्वयं सहायता समूहों को सहायता। नालों, सड़कों, जलनिकासी एवं प्रकाश व्यवस्था की योजनाएं पूर्ण।

5. पंचायती राज ज्ञ मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 19,260 लाइटें स्वीकृत, 16,978 स्थापित। पंचायत सरकार भवन निर्माण - 35 भवन पूर्ण कर लिया गया है।

6. शिक्षा-1,642 विद्यालयाध्यक्ष नियुक्ति, पीटीआर 28.29 है। विद्यालयों में शौचालय, बोरिंग एवं अन्य बुनियादी ढांचे का विकास।

7. कृषि एवं सड़क- पीएम किसान सम्मान निधि के तहत ₹34.03 करोड़ का वितरण। हिसुआ-खनवां पथ एवं कई सड़कों का चौड़ीकरण एवं मरम्मत कार्य।

8. स्वास्थ्य -बाल हृदय योजना से 100 बच्चों का निःशुल्क इलाज। जिला अस्पताल में ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन, आईसीयू, एनसीडी क्लिनिक, एनआरसी, 200 बेड का नया अस्पताल।

9. कल्याण विभाग- डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय की स्थापना, छात्रावास निर्माण, कन्या छात्रावास, जननायक कपूर्री ठाकुर छात्रावास का संचालन।

10. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं आपूर्ति- नल-जल योजना में 2,473 वार्डों में पाइपलाइन बिछाई गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 4,21,989 परिवारों को प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण।

इसके बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा 16 अगस्त 2025 से शुरू होने वाले राजस्व महाअभियान के बारे में जानकारी दी। माननीय मंत्री ने कहा कि अब जमीन से संबंधित सारी समस्याओं का समाधान आपके घर पर ही होगा। इसके साथ प्रभारी मंत्री ने नवादा वासियों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति पेड़ लगाए तथा उसका संरक्षण करे। अपने बच्चों के सुखद भविष्य के लिए तथा आने वाली पीढ़ी के सुंदर सपनों को साकार करने के लिए वृक्ष अवश्य लगाएं एवं उसका संवर्द्धन करें। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। नवादा जिले को प्रगति की राह पर आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के प्रयास तथा आप सभी के सहयोग से नवादा जिला एक सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में प्रगति की राह पर सदैव अग्रसर रहेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री द्वारा पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें हिमांशु कुमार, परि0 पु0अ0नि0, नगर थाना नवादा; स्वेक्षा वर्मा, म0सि0/1173, यातायात थाना नवादा; धर्मेन्द्र कुमार, गुड सेमेरिटन; बाबूलाल राजवंशी, सफाई कर्मी, नगर परिषद नवादा तथा मुकेश कुमार, अग्निक-106, जिला अग्निशमनालय, नवादा शामिल हैं।साथ ही वाणिज्यकर के कर-संग्रहण में महत्वपूर्ण योगदान देने के सम्मान में नॉन-कॉरपोरेट व्यवसायियों को "भामाशाह सम्मान" हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार मे0 मंजुश्री के अमित अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार मे0 अंजली इंटरप्राइजेज के रेशमा सिन्हा एवं तृतीय पुरस्कार मे0 टुडेज फैशन के मो दाऊद खान को दिया गया। मंच संचालन शिक्षक ममता शर्मा ने किया।

## हिलसा अनुमंण्डल में आन बान शान से फहराया तिरंगा



**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हिलसा के रामबाबु हाईस्कूल के मैदान मे मुख्य एसडीओ अमित कुमार पटेल ने राष्ट्रीयध्वज फहरा कर अमर शहीदों और भारत माता के वीर सपूतों को याद किया,इसके पूर्व उन्होंने नालंदा पुलिस के जवान के परेड का निरीक्षण किया।अपने संबोधन में एसडीओ ने कहा कि सब का सहयोग एवं सरकार के प्रयास से बिहार विकास के मामले में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा।

सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया आज महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही है इसमे सरकार का कही न कही अहम योगदान है। उन्होंने वर्तमान परिवेश में मौसम का जो प्रतिकूल असर देखा जा रहा है उसमें हमसबो को जागरूक होना होगा। पानी की बबार्दी को रोकना होगा और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है।अगर इस बात को हमलोग नही समझे तो आने बाले समय और विकट परिस्थितियों से गुजरना पड़ेगा।इसके अलावे एसडीओ ने अपने आवास व कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। डीएसपी सुश्री शैलजा और कार्यालय, नगर परिषद हिलसा में मुख्य पार्षद धनंजय कुमार,थाना परिषर में थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार,अधिवक्ता संघ में अध्यक्ष सतीश सिन्हा, प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख मनोज पासवान, जदयू प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार, राजद प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष नवल यादव, एसयू कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य डॉ गजेंद्र प्रसाद गदकर, हिलसा जेल में जेल उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह, अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक एस के सुधाकर,नंदा फ्यूलस पेट्रोल पंप पर धर्मेंद्र कुमार,बीपीएस स्कूल मे प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार, मध्य विद्यालय मई मे प्रधानाध्यापक कुमार पंकज, मध्य विद्यालय मानपुरवा के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार सिन्हा, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल मे जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद सिंह, हिलसा पूर्वी भाजपा अध्यक्ष आशुतोष कुमार गौरी, हिलसा पश्चिम भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, भाजपा नगर कार्यालय में मंजय कुमार, कैरियर पब्लिक स्कूल में निर्देशक मृत्युंजय कुमार, इंदौत पंचायत नंदकेश्वर सिंह उच्च विद्यालय चिकसौरा रामकुमार ओझा, मदर टेरेसा स्कूल निर्देशक संजय कुमार वर्मा, विद्या विहार लालसी बिगहा मे क्षप्रधानाध्यापिका अरूणिमा कुमारी, डीपीएस पब्लिक स्कूल में निर्देशक विजय भास्कर, संत जोसेफ स्कूल चिकसौरा रोड मे शंभू शरण सिंह,डीएभी प्रोगेसिव स्कूल में निर्देशक चंद्रभूषण कुमार आर्य, राज कंप्यूटर सेंटर में संचालिका मधुमिता कुमारी,शन साइन हाई स्कूल में डॉ (प्रो) उपेंद्र सिंह, मून लाईट प्रोगेसिव स्कूल में रेड क्रॉस सोसाइटी में मैनेजिंग कमेटी का अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद,व्यवहार न्यायलय, नवीस संघ, निबंधन कार्यालय आदि सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं में हर्षोल्लास के साथ तिरंगा झंडा फहराया गया।इस दौरान कई शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया।इस मौके पर अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मोर्य,सीओ इकबाल अनवर, बीपीआरओ स्वाति कुमारी, समाजसेवी डॉ आशुतोष कुमार मानव, पूर्व उपप्रमुख्य प्रमोद कुमार,राजद नगर अध्यक्ष मोहम्मद परवेज, भीम यादव,प्रकाश कश्यप, शैलेन्द्र कुमार,ललन प्रसाद,अजित कुमार सिंह, वार्ड पार्षद प्रमोद कुमार, भाजपा नेता अमित कुमार चंद्रवंशी, जदयू नेता राजीव कुमार उर्फ राजू,पंकज कुमार, आदि मौजूद रहे।

## पथों का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर करने की मांग



**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संघ द्वारा भी झंडोत्तलन किया गया। नवादा के स्टेशन रोड स्थित कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग शामिल हुए। झंडोत्तोलन के बाद स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों ने नवादा प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल पर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि देनेवालों में संघ के सचिव पूर्णेन्दु के अलावा मोहम्मद मकसूद आलम, डॉ बुद्धसेन, कुमार हर्ष, अंकित कुमार, अभिषेक कश्यप, आनन्द कश्यप कुमार शान और शुभ्रा शामिल हैं। इस अवसर पर संघ ने स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में उनके निवास-स्थल अथवा निवास-स्थल को जानेवाले मार्ग का नामकरण उस क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर करने की मांग नवादा नगर परिषद से की।

## गोवर्धन मंदिर में बड़े पैमाने पर हुआ कृष्णजन्माष्टमी का आयोजन



**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा नगर की पहचान बन चुके गोवर्द्धन मंदिर में हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया। दो दिवसीय इस उत्सव में विशेष अनुष्ठान के अलावे , भजन संध्या , आकर्षक झांकियां , नृत्यनाटिका आदि की धूम मची रही।

शुक्रवार को प्रारंभ इस आयोजन में अंतरप्रांतीय कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति से खचाखच भरे दर्शक दीर्घा में श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया । खासकर भव्य मंच से सीमा के जवानों की वीरता और अपनी माटी अपना देश की भवना का जीवन्त दर्शन हुआ । अघोरी परंपरा के महाकाल आराधना का दर्शन पाकर सारे भक्त देर रात तक झूमते रहे वहीं शिव-शक्ति लीला को मंच पर उतारते हुए कानपूर के कलाकारों ने खूब तालियाँ बटोरी । दक्ष प्रजापति के यज्ञ मण्डप में शिव को निमन्त्रण नहीं मिलने का प्रसंग दर्शकों में नई कौतुहल पैदा करने में सफल रहा। भोले को भस्म से प्यार की अंतर्कथा को उस समय लोगों ने महसूस किया जब भस्म के गुब्बार से समस्त मंदिर परिसर सराबोर हो गया । समस्त आयोजन को निर्देशित करने वाले आचार्य कुमार गौरव शुक्ल ने बताया कि शनिवार को प्रातः काल से ही पूजा विधान को विद्वान ब्राह्मणों की देख रेख में संपन्न कराया जा रहा है । मंदिर के सभी देवताओं की पूजा अभिषेक , वेदी पूजन ,सर्वतोभद्र , पंचांग पूजन , नवग्रह पूजन इत्यादि का सिलसिला मध्य रात्रि तक जारी रहेगा जबकि जन्मोत्सव की बधाई , राधा कृष्ण के फूलों की होली , भगवान का श्रृंगार आदि की भव्य प्रस्तुति मंच से किया गया । मंदिर समिति के सचिव महेंद्र यादव ने बताया कि पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद की रिहाई के बाद जिलावासियों का जोश भी इस आयोजन में दिखाई दिया।

## राजद नेत्री संजू कोहली ने मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के वोट अधिकार रथ को किया रवाना

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजद नेत्री संजू कोहली ने हरी झंड़ी दिखाकर पार्टी के वोट अधिकार रथ को रवाना किया। यह प्रचार रथ मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में जाएगा और मतदाता को जागरूक करेगा।इस अवसर पर राजद नेत्री संजू कोहली ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजद के 17 महीने के कार्यकाल में किए गए कार्यो को इस रथ के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। मखदुमपुर विधानसभा के मखदुमपुर बाजार, नवाबगंज, टेहटा सहित इस विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में यह रथ जाएगा।उन्होंने बताया कि वोट अधिकार रथ के माध्यम से हमें राजद के संकल्प पत्र को सभी मतदाताओं तक पहुंचाना है। उन्होंने पार्टी के संकल्प को दोहराते हुए बताया कि बिहार राज्य में राजद की सरकार बनने पर ग्रामीणों को बिजली बिल में राहत मिलेगी।

## समाजसेवी गुलाबचन्द्र साव की पुण्यतिथि पर मंत्री व सांसद ने दी श्रद्धांजलि





**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ता उम्र सामाजिक जीवन जीने वाले स्वर्गीय गुलाबचंद साहू की 27वीं पुण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा समारोह पूर्वक मनाई गई शहर के इंदिरा चौक स्थित कारू साहू सेवा सदन में कार्यक्रम हुआ जिले के सांसद विवेक ठाकुर जी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिले के नामचिन्ह समाजसेवी स्वर्गीय गुलाबचंद साहू की कृति व अनुकरणीय है, नई पीढ़ी को उनसे सीखने की जरूरत है। एक आदर्श की समाज स्थापना में हमारे इन अभिभावकों की तब भी महत्वपूर्ण भूमिका रही और आज भी वह प्रासंगिक है। कार्यक्रम में उपस्थित नवादा जिले के विधान पार्षद अशोक यादव ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

दिवंगत के पौत्र भाजपा नेता व बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकरिणी सदस्य रवि गुप्ता ने अपने दादाजी स्वर्गीय गुलाबचंद साहू के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दादाजी सटक 70 के दशक में कोलकाता के बहु बाजार में शिव मंदिर का निर्माण के साथ ही अन्य अनेक सराहनीय समाजिक कार्य किए थे। जिसने सामाजिक बदलाव पर खासा प्रभाव पड़ा। इस कार्यक्रम में हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह, रजौली के पूर्व विधायक कन्हैया रजवार ने भी अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ जी आयोजन कार्यक्रम में स्वर्गीय गुलाबचंद साहू की स्मृति में सदन में सभागार में पौधारोपण किया गया। इसके बाद करीब 500 बच्चों को पाठक सामग्री की वितरण किया गया। साथ ही इंदिरा गांधी चौक स्थित खीर पुरी का भी सैकड़ो की संख्या में लोगों को वितरण किया गया। मौके पर दिवंगत की पुत्री तेतरी देवी, शकुंतला देवी कमला देवी, छोटी पुत्री कादिरगंज की पूर्व मुखिया नीतू देवी के साथ मालती देवी, कंचन देवी, तृप्ति गुप्ता आदि ने नाम आंखों से श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित किया ! इस आयोजन में अंबिका प्रसाद, मुन्ना कुमार साहू, ईश्वर लाल साहू , भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार, वीरेंद्र सिंह, साहू समाज के अध्यक्ष राजेंद्र विशाल, प्रताप रंजन, जिला पार्षद अजीत यादव, जिला पार्षद सरोज राजवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजीत शंकर विजय साहू, संदीप कुमार चुन्नू, अधिवक्ता शशि भूषण सिंह, अधिवक्ता निरंजन बाबू, अधिवक्ता मुरारी सिंह, अनीता मेहता, जितेंद्र पासवान, उमेश मल्होत्रा ज, भोला सिंह, मोहन सिंह चंद्रवंशी, पंकज कुमार मुन्ना, पंकज साव, पंकज सिन्हा, किरण भारती, सुनील कुमार गुप्ता प्रोफेसर, कमलेश कुमार साहू व तमाम समाजसेवी एवं बुद्धिजीविगण मौजूद थे।

## कौआकोल प्रखण्ड में हर्षोल्लास व शान से लहराया गया तिरंगा



**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल प्रखण्ड में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से शुक्रवार को मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड के सरकारी,गैर सरकारी संस्थानों सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक व निजी स्थलों पर समारोह पूर्वक राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहरा कर सलामी दी गई। प्रखण्ड मुख्यालय में बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार,बीपीआरओ शमा बानो एवं उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव की मौजूदगी में प्रखण्ड प्रमुख रीना राय ने झंडोतोलन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। वहीं बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ अंजली कुमारी,बीआरसी में प्रभारी बीईओ सह बीसीओ अजित कुमार,अंबेदकर पार्क में अध्यक्ष ब्रह्मदेव रविदास,कौआकोल ग्राम कचहरी में सरपंच मुन्नी देवी,वन विभाग में रेंजर गौरव शांडिल्य, कस्तूरबा विद्यालय में वार्डन साधना सिंह,थाना में थानाध्यक्ष दीपक कुमार,राजस्व कचहरी में राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल,पंचायत भवन कौआकोल में मुखिया नीभा कुमारी,मंझिला पैक्स में अध्यक्ष नरेंद्र कुमार,राजद कार्यालय में अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव,जदयू कार्यालय में अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,प्रोजेक्ट गायत्री बालिका इंटर विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार,ईंटर विद्यालय कौआकोल में प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा,बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार,वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट में प्राचार्य डॉ० बिपिन कुमार सिन्हा,पंचायत भवन सोखोदेवरा में मुखिया रेखा देवी, कन्या मध्य विद्यालय कौआकोल में प्रधानाध्यापक अवध किशोर पासवान,मध्य विद्यालय कौआकोल में प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास,दरावां पैक्स में अध्यक्ष रजनीश कुमार,केवाली पैक्स में अध्यक्ष संजय यादव,पाण्डेयगंगौट पंचायत भवन में मुखिया दीपक कुमार,प्राथमिक विद्यालय रानीबाजार में सचिव नेहा कुमारी, राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने झंडोतोलन कर राष्ट्रध्वज तिरंगा को सलामी दी। वहीं इन सभी स्थानों पर राष्ट्रीय मिठाई जलेबी का वितरण भी किया गया। स्वतंत्रता दिवस को लेकर वन विभाग कार्यालय को आकृषक ढंग से सजाया गया था।

## नवादा पब्लिक एकादश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से हराया



**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवादा के हरिशचंद्र स्टेडियम के मैदान में शुक्रवार को प्रशासन एकादश तथा पब्लिक एकादश के बीच क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें पब्लिक एकादश ने चार विकेट से प्रशासन एकादश को हराया ।

भारी गहमागहमी के बीच शाम 4 बजे के करीब जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा पब्लिक एकादश के बुद्धिजीवियों, पत्रकारों के बीच टीम का गठन कर क्रिकेट टूनार्मेंट की शुरूआत की गई। एसपी अभिनव धीमान ने बेहतर प्रदर्शन किया। बावजूद अधिवक्ता डॉक्टर साकेत बिहारी ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया ।अपर समाहर्ता अरुण कुमार तिवारी को भी रन आउट हो जाना पड़ा ।पिछले गणतंत्र दिवस की हार से सबक लेते हुए पब्लिक एकादश की टीम ने खेल में बेहतर प्रदर्शन किया। जिसके कारण पब्लिक एकादश चार विकेट से प्रशासन एकादश को पराजित किया। एसपी अभिनव धीमान तथा अपर सामान्य अरुण कुमार तिवारी ने पब्लिक एकादश को विजेता का खिताब सौंपा। वही पब्लिक एकादश के खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को उपविजेता का ट्राफी सोपा। इस अवसर पर एसपी अभिनव धीमान , अपर समाहर्ता अरुण कुमार तिवारी , डीआरडीए के डायरेक्टर रवि जी ,रतन कुमार तिवारी ,पब्लिक एकादश के कप्तान मनीष आनंद, पत्रकार तथा अधिवक्ता डॉ साकेत बिहारी, विशाल कुमार ,मुकेश कुमार फिल्म अभिनेता राहुल वर्मा ,सौरभ कुमार आदि ने बेहतर प्रदर्शन किया ।प्रेम तथा सौहार्द के बीच क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन किया गया।

# पीएम मोदी के आगमन की तैयारी का सहकारिता मंत्री ने लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आगामी 22 अगस्त 2025 को मगध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होना प्रस्तावित है जिसे लेकर जिले भर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने टेंट सिटी, मंच, आगंतुकों की बैठने और खड़े होकर सुनने की व्यवस्था, हेलीपैड तथा पार्किंग स्थल का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि डेढ़ लाख लोगों के बैठने और एक लाख लोगों के खड़े होकर कार्यक्रम में भाग लेने की क्षमता वाला विशाल टेंट सिटी हैंगर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए कुल पांच हैंगर लगाए जा रहे हैं। साथ ही ग्रीन रूम, हेलीपैड और पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बरसात की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए टेंट सिटी और हेलीपैड की व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय कुमार मांझी, नगर परिषद सभापति ललिता देवी, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, मगध प्रमंडल विपणन सहकारी संघ अध्यक्ष वसंत परमार, लघु उद्योग प्रकोष्ठ सह संयोजक प्रेम सागर, देवानंद पासवान, नीरज निश्चल, सुधांशु मिश्रा, कृष्ण गुप्ता, वाहिद अली, ओम प्रकाश, शशि सिन्हा, वेद प्रकाश, गौतम कुमार, दीनानाथ प्रसाद सहित अनेक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जिले भर में उत्साह का माहौल है और लोग इस ऐतिहासिक अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री के आगमन पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया आमंत्रण पत्र वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गयाजी में आमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने टावर चौक सहित विभिन्न स्थानों पर व्यवसायियों, रेडी-पटरी दुकानदारों और आमजन से मुलाकात कर उन्हें 22 अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गयाजी आगमन 22 अगस्त 2025 को होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अब तक बिहार में 55 से अधिक बार आ चुके हैं, वहीं गयाजी में यह उनका सातवां आगमन होगा जो शहरवासियों के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। मंत्री द्वारा आमंत्रण पत्र वितरण के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रेम सागर, विकास कुमार, अमर शेखर, कृष्णा कुमार, आशीष पाठक, सुरेंद्र यादव, विनय जैन, राजेश मिश्रा, सोनू कुमार, बंटी वर्मा, दीनानाथ जी सहित कई अन्य

## गया में सशस्त्र सीमा बल ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के प्रांगण में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण का नेतृत्व उप-महानिरीक्षक मानवेंद्र ने किया। इस अवसर पर 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट मधुकर अमिताभ और क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), गया के कमांडेंट राजेंद्र भारद्वाज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत में उप-महानिरीक्षक मानवेंद्र ने क्षेत्रक और वाहिनी के सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, बलकर्मी तथा उनके परिवारजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक का स्वतंत्रता दिवस संदेश पढ़कर सुनाया और कहा कि यह दिन हमारे लिए गौरव, हर्ष और सम्मान का प्रतीक है। यह हमारे पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान की देन है कि हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। समारोह के दौरान उप-महानिरीक्षक मानवेंद्र ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और बलकर्मियों को महानिरीक्षक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक से सम्मानित बलकर्मियों का नाम पढ़कर सुनाया गया। इसके अतिरिक्त 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट मधुकर अमिताभ ने भी वाहिनी के अधिकारियों और बलकर्मियों को प्रचालन एवं प्रशासनिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस पर शान से गयाजी में लहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**






**गयाजी।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय परिसर में आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया सफीना ए एन द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर संगीत शिक्षक व छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत की। झंडोत्तोलन समारोह में पुलिस महानिरीक्षक, मगध प्रक्षेत्र, जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, आयुक्त के सचिव, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, उप निदेशक जन सम्पर्क गया, उप निदेशक (सांख्यकी) एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं समाहरणालय में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गयाजी संवाददाता के अनुसार बिहार सरकार के वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार के द्वारा हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम गांधी मैदान गया में ध्वजारोहण किया गया। मंत्री श्री कुमार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कर संग्रह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यवसायियों को सम्मानित किया गया। गयाजी संवाददाता के अनुसार आजादी की 79वें वर्षगांठ पर गया संग्रहालय में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा एक भव्य सैन्य बैंड प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने उपस्थित जनसमूह को गौरव और देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत देशभक्ति गीतों की मधुर धुनों के साथ हुई जिसमें विशेष रूप से 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' की धुन ने सभी श्रोताओं को भावुक कर दिया। जैसे ही बैंड ने यह अमर धुन बजानी शुरू की, वैसे ही वातावरण में एक अलग ऊर्जा और प्रेरणा की लहर दौड़ गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर चेहरा गर्व और उत्साह से भर उठा। इस आयोजन का उद्देश्य केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं था, बल्कि इसके पीछे एक गहरा और प्रेरणादायक भाव था। कार्यक्रम के माध्यम से न केवल हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया गया, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। यह आयोजन उन वीर योद्धाओं को समर्पित था जिन्होंने स्वतंत्र भारत के निर्माण में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी विशेष रूप से उल्लेख किया गया। समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन न केवल एक संगीतमय प्रस्तुति था, बल्कि भारत के उज्जवल भविष्य का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को एक नए आयाम में ले गया जहां सैन्य शौर्य, सांस्कृतिक गौरव और नागरिक कर्तव्य एक साथ पिरोए गए। इस अवसर पर सैन्य अधिकारियों सहित विशेष कार्य पदाधिकारी जनार्दन अग्रवाल, अल्प संख्यक कल्याण पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भारतीय स्टेट बैंक ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना मंडल के प्रांगण में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया तथा बैंक के सुरक्षाकर्मियों ने राष्ट्रीय ध्वज को विधिवत सलामी दी ` राष्ट्रीय ध्वजारोहण के साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित बैंक कर्मियों ने समवेत स्वर में राष्ट्र गान प्रस्तुत किया। अपने सम्बोधन में मुख्य महाप्रबंधक श्री जोशी ने देश की आजादी की लड़ाई में शहीद हुए स्वतन्त्रता सेनानियों को विनम्रता पूर्वक याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का अनुपालन करते हुए हम आजादी की 79 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश विश्व की महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। आज हर भारतीय को विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत, आर्थिक रूप से संपन्न भारत, स्वच्छ- स्वस्थ और संवहनीय भारत बनाने में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर आयोजित एक सांस्कृतिक समारोह में भारतीय स्टेट बैंक के कलाकार स्टाफ सदस्यों ने देशभक्ति गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। एसबीआई लेडिज क्लब पटना की अध्यक्षा साईं लक्ष्मी ने कलाकार स्टाफ सदस्यों को स्मृति भेंट देकर उनका हौसला बढ़ाया। समारोह में बैंक के अन्य उच्चाधिकारियों में महाप्रबंधकगण रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, आर. नटराजन एवं विवेक चन्द्र जायसवाल सहित स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभी उप महाप्रबंधक, एस बी आई लेडिज क्लब के सदस्यगण सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी देवेश मित्तल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया ध्वजारोहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15.08.2025 को महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाईड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित थीं । स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमनें सतत विकास एवं मुस्कान के साथ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं । इस वर्ष 119 मीलियन टन का माल लदान किया है जिससे 14 हजार 918 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई जबकि यात्री यातायात से लगभग 2773 करोड़ रुपए प्राप्त हुए । इस प्रकार जनवरी से जुलाई माह तक कुल प्रारंभिक आय 18 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा रही । वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पूर्व मध्य रेल द्वारा माल लदान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 200 मीलियन टन माल का लदान किया गया था।

## गुरुआ प्रखंड में धूमधाम से मना आजादी का जश्न, विभिन्न संस्थानों में फहराया गया तिरंगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता की 79 वीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों व पंचायत भवनों में राष्ट्रध्वज फहराया गया और देशभक्ति गीतों के बीच आजादी के वीरों को नमन किया गया। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख नीलम कुमार यादवेंदु ने ध्वजारोहण किया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ धर्मवीर कुमार ने झंडा रोहन कर लोगो को शुभकामना दिया साथ ही पावर ग्रिड परिसर में जेई राम कृष्ण मणि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। काज पंचायत सरकार भवन में मुखिया रितेश कुमार सिंह ने अपने सभी जनप्रतिनिधियों एव ग्रामीणों के साथ धूमधाम से तिरंगा फहराया और ग्रामीणों को स्वच्छता एवं विकास में सहयोग देने की अपील की। वही नदोरा मुखिया सौविंद कुमार सुमन नगवा मुखिया राणा संतोष कुमार सिंह गुनेरी मुखिया धर्मशीला देवी बिलौटी मुखिया अनिल सिंह पकरी पंचायत में विष्णुदेव मंडल, गुरुआ लोजपा कार्यालय लोजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील कुमार दांगी ने अपने पार्टी के कार्यकर्ता के साथ में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराया। इस मौके पर युवाओं, महिलाओं व बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## आंती में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन, टिकारी विधायक ने कार्यकर्ताओं को दिया एकजुट होकर काम करने का मंत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती हाई स्कूल के सभागार भवन में आंती व तिनेरी पंचायत के एनडीए कार्यकर्ताओं का जनसंवाद सह सम्मेलन शनिवार को दोपहर एक बजे हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मो.गालिब ने किया। इसमें पूर्व मंत्री सह टिकारी विधायक डॉ. अनिल कुमार शामिल हुए। विधायक ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। एकजुटता और समर्पण से ही संगठन मजबूत होगा और क्षेत्र का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आज सभी जगह सड़क का निर्माण कार्य हो गया है। कुछ बाकी भी है तो वह भी कुछ ही दिनों बाद हो जाएगा। उन्होंने महागठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि नौकरी देने का श्रेय लेते फिर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री कोई संवैधानिक पद होता है, जो नौकरी देंगे। नौकरी देने का कार्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। आशा, ममता, टोला सेवक आदि लोगों का मानदेय बढ़ाया। मौके पर हम नेता अजीत कुमार, पूर्व प्रमुख महेंद्र पासवान, मंटू पासवान, पूर्व मुखिया दिलीप सिंह, मो.हसनैन, मो.सगीर सहित सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मना, गूंजा देशभक्ति गीत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ नीमचक बथानी केशव आनंद ने सुबह नौ बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर राष्ट्र गान के साथ झंडे को सलामी दी। इसके बाद डीएसपी कार्यालय में डीएसपी सुरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, नगर पंचायत कार्यालय में मेयर रिंकू देवी, थाना परिसर में थानाध्यक्ष रंजन कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी मीना राय,+2 यशवंत उच्च विद्यालय के प्रभारी लता सिन्हा, ने झंडोतोलन किया। इस समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी सुमन सहित कई अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यकम का समापन राष्ट्र गान और मिठाई वितरण के साथ किया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–24 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ– साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.–19–डीडीयू–व.मं.इंजी.–मुख्यालय–25–26

(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डी.डी.यू. के अधीन वैगन केयर सेंटर में आरए/आरडी शेड और व्हील लेथ शेड में शेड की छत की शीट का फिटमेंट कार्य। (ii) कार्य का अनुमानित लागत:₹99,17,050.14, (iii) धरोहर राशि : ₹1,98,400/– (vii) ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 08.09.2025 12:00 बजे तक। (viii) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0779/डीडीयू/अभि./टी/25–26/32

## प्रखण्ड से पंचायत तक संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस पर गूंजी देशभक्ति की धुन, लहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखण्ड में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रखंड कार्यालय, थाना, पंचायत सरकार भवन, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालय, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सहकारी समितियों और अन्य संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए गए। सुबह से ही आसमान में हल्की धूप के बीच देशभक्ति का माहौल छाया रहा। प्रखंड कार्यालय में प्रमुख मनी देवी ने तिरंगा फहराया। वहीं, कोंच थाना परिसर में थानाध्यक्ष शैलेश कुमार, आंती में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत सरकार भवन आंती में मुखिया सुनीता कुमारी और पैक्स कोंच में पैक्स अध्यक्ष कोंच सह प्रदेश सचिव (महिला कांग्रेस) रिया कुमारी ने झंडोत्तोलन कर पुलिसकर्मियों को संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालयों में बच्चों ने तिरंगे को सलामी दी और देशभक्ति गीतों, कविताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। राजनीतिक दलों के कार्यालयों में भी ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और आम ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प दिलाया। पूरा दिन देशभक्ति के नारों, 'वन्दे मातरम' और भारत माता की जय की गूंज से सराबोर रहा जबकि जगह-जगह मिठाइयों का वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। मौके पर बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, जदयू जिला महासचिव मो आकिब आलम, कोंच पैक्स अध्यक्ष सह महिला प्रदेश कांग्रेस सचिव रिया कुमारी, परसावां मुखिया दिलीप कुमार, राजद प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार, जेडीयू अध्यक्ष जमीलू रहमान, अंजनी पंकज रंजन, शत्रुघ्न यादव, खजूरी मुखिया रेणु शर्मा, सरपंच रूबी शाहीन, प्रतिनिधि मो शाहिद उर्फ साहु, मुखिया प्रतिनिधि मो.इंतेशाब, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, पैक्स अध्यक्ष तिनेरी संजय यादव, चबूरा मुखिया संजय यादव, श्रीगांव पैक्स अध्यक्ष बृजनंदन यादव, खजूरी पैक्स प्रबंधक जमाल अंसारी, काबर पंचायत अध्यक्ष लालू यादव, श्रीगांव मुखिया कलावती कुमारी, उप मुखिया खुशबू देवी, प्रतिनिधि लालू यादव, राजद नेता सुजीत यादव, शंभू नाथ यादव आदि मौजूद थे।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)–2025/10 दिनांक– 16.08.2025

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)–2025/08 एवं 2025/09 दिनांक– 16.07.2025 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता परीक्षा (ITICAT)-2025 के आधार पर Round-2 Online Counselling का दिनांक 14.08.2025 को प्रकाशित **Seat Allotment Result** में सम्मिलित सभी पात्रता–प्राप्त अभ्यर्थियों/ सम्बन्धित सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 14.08.2025 को प्रकाशित Round-2 Seat Allotment Result अपरिहार्य तकनीकि कारणों से रद्द किया जाता है।** तदनुसार दिनांक 17.08.2025 से दिनांक 19.08.2025 तक आयोजित 2nd Round Document Verification एवं Admission कार्यक्रम अगली सूचना तक स्थगित किया जाता है।

संशोधित 2nd Round Seat Allotment Result तथा Online Document Verification एवं Admission कार्यक्रम की पुनर्निर्धारित तिथियों की सूचना यथासमय पर्षद के वेबसाईट एवं समाचार पत्रों के माध्यम से दे दी जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक**

संपादकीय

## खुद गड्ढे में रहकर दूसरों को भी गिराना चाहता है पाकिस्तान

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अपने बड़बोलेपन से एक बार फिर पाकिस्तान की टुच्ची मानसिकता को ही उजागर किया है. उनकी गीदड़भभकी कोई नई बात नहीं है लेकिन यह बात जरूर हैरान करने वाली है कि उन्होंने अमेरिका की धरती से परमाणु युद्ध की धमकी दी ! तो क्या इसके पीछे ट्रम्प का वरदहस्त है? जो भी हो, भारत ने इसका करारा जवाब दे दिया है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि मुनीर की टिप्पणी ने सेना और आतंकवादी समूहों के बीच सांठगांठ वाले पाकिस्तान में परमाणु कमान और नियंत्रण की विश्वसनीयता को लेकर व्याप्त संदेह को और पुष्ट किया है.

अमेरिका को भी कड़ा संदेश देते हुए मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह खेदजनक है कि ये टिप्पणियां किसी तीसरे मित्र देश की धरती से की गई हैं. मुनीर की गिरी हुई मानसिकता का अंदाजा उनके उस उदाहरण से लगाया जा सकता है जो उन्होंने फ्लोरिडा के टाम्पा में पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए दिया. उन्होंने भारत की तुलना चमचमाती मर्सिडीज कार से की, जो हाईवे पर फर्राटा भर रही है, जबकि पाकिस्तान को कबाड़ ढोने वाला ट्रक बताया. पाक सेना प्रमुख ने कहा कि सोचिए अगर इन दोनों गाड़ियों की टक्कर हो जाए तो नुकसान किसका होगा? अर्थात मुनीर अपने देश को भी भारत की तरह चमचमाती मर्सिडीज कार नहीं बनाना चाहते, बल्कि अपने कबाड़ ढोने वाले ट्रक से भारत को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं !

मुनीर ने साबित कर दिया है कि पाकिस्तान कुएं के उस मेंढक की तरह है जो खुद तो कुएं से बाहर निकलना नहीं चाहता, लेकिन निकलने वालों की टांग खींचकर उन्हें भी गिराने की कोशिश करता है. परमाणु युद्ध की धमकी देते हुए मुनीर ने कहा कि अगर हमें लगता है कि हम नीचे जा रहे हैं तो हम अपने साथ आधी दुनिया को भी नीचे ले जाएंगे. आतंकवादियों की भाषा में और पाकिस्तान के सेना प्रमुख की भाषा में आखिर क्या फर्क रह गया है? मुकेश अंबानी को धमकी देते हुए उन्होंने जामनगर रिफाइनरी-जो दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स है, को सीधे तौर पर निशाना बनाने की बात भी कही.

मुनीर की इस घटिया सोच के सामने आने के बाद भी क्या किसी को इस बारे में कोई शक हो सकता है कि पाकिस्तान क्यों बदहाली का शिकार बना हुआ है? जहां तक भारत पर उसकी परमाणु युद्ध की धमकी के असर का सवाल है, भारत ने एक नहीं अनेक बार साबित किया है कि वह उसकी गीदड़भभकियों से नहीं डरता. आपरेशन सिंदूर इसका ताजा उदाहरण है. इसके पहले वर्ष 2016 में भारत ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी और 2019 में भी नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त किया था. पहले भी पाकिस्तान की परमाणु ब्लैकमेलिंग की कोशिशों का भारत करारा जवाब देता रहा है.

1999 में कारगिल युद्ध के दौरान जब पाकिस्तान ने भारत को परमाणु हमले की धमकी दी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि पाकिस्तान ने अगर ऐसी हिमाकत की और परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया तो पाकिस्तान के लोग कल का सूरज नहीं देख पाएंगे. यह विडंबना ही है कि पाकिस्तान साथ-सुथरा बनने की बजाय खुद को कीचड़ में लपेटकर यह भय दिखाता है कि वह दूसरों से लिपटकर उन्हें भी कीचड़ में सान देगा ! लेकिन उसे शायद नहीं पता कि जो देश चमचमाती मर्सिडीज की तरह हाईवे पर फर्राटा भरने की ताकत रखते हैं, उनके भीतर कबाड़ भरे ट्रकों से टकराए बिना दूसरे तरीकों से भी उन्हें नेस्तनाबूद करने की क्षमता होती है !

# पूरे देश के आवारा कुत्तों पर कार्रवाई क्यों नही?

**साल 2018 में मेडिकल जर्नल लैंसेट में छापी इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में हर साल 20 हज़ार लोग रेबीज के कारण मरते हैं, इनमें से ज्यादातर रेबीज के मामले कुत्तों द्वारा इंसानों तक पहुंचे हैं।ऐसा नहीं है कि हर कुत्ते के काटने से आपको रेबीज हो सकता है, लेकिन ज्यादातर आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज का खतरा रहता है। कुत्तों के इन हमलों के सबसे ज्यादा शिकार छोटे बच्चे, महिलाएं और जवान होते हैं। सुप्रीम कोर्ट को यह समझना होगा कि अवारा कुत्तों की परेशानी दिल्ली-एनसीआर में ही नहीं है, ये पूरे भारतवर्ष की समस्या है। देश के देहात के तो हडवार (मरे जानवर डालने के स्थान के पास) रहने वाले कुत्ते तो और भी ज्यादा खतरनाक होते हैं। ये महिलाएं, बीमार और बच्चों समेत अकेले आते जाते व्यक्ति को मारकर उसके मांस से अपना पेट भरतें हैं। आवारा कुत्तों की समस्या भारत व्यापी है। इसलिए इस मामले पर कार्रवाई भी देशव्यापी होनी चाहिए।**

अशोक मधुप

दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली/ एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश दिये गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि %एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि आठ हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। पीठ ने ये भी कहा कि %एमसीडी/एनडीएमसी और दिल्ली एनसीआर के संबंधित प्राधिकरण दैनिक आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का रिकॉर्ड रखें और पकड़े जाने के बाद एक भी आवारा कुत्ता वापस छोड़ा नहीं जाना चाहिए और सभी को आश्रय स्थल में रखा जाए।% पीठ ने कहा कि अगर इस मामले में लापरवाही की गई तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे। अदालत ने कहा आवारा कुत्तों के बारे में शिकायत मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए और कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें वापस पुरानी जगह न छोड़ा जाए। अदालत ने कहा कि रेबीज की वैक्सीन की उपलब्धता भी चिंता का कारण है। अदालत ने वैक्सीन की उपलब्धता की भी पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नवजात, छोटे बच्चे किसी भी कीमत पर इन आवारा कुत्तों के शिकार नहीं बनने



चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि एक हफ्ते में हेल्पलाइन स्थापित की जाए, ताकि इस पर लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं को रिपोर्ट कर सकें। न्यायालय ने कहा कि %आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में रखें, अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें%।

जस्टिस पारदीवाला ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि %नसबंदी हो चुकी है या नहीं, सबसे पहली चीज है कि समाज आवारा कुत्तों से मुक्त होना चाहिए। एक भी आवारा कुत्ता शहर के किसी इलाके या बाहरी इलाकों में घूमते हुए नहीं पाया जाना चाहिए। हमने नोटिस किया है कि अगर कोई आवारा कुत्ता एक जगह से पकड़ा जाता है और उसकी नसबंदी करके उसे उसी जगह छोड़ दिया जाता है, ये बेहद बेतुका है और इसका कोई मतलब नहीं बनता। आवारा कुत्ते क्यों वापस उसी जगह छोड़े जाने चाहिए और किस लिए?% पीठ ने कहा कि हालात बेहद खराब हैं और इस मामले में तुरंत दखल दिए जाने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने भी अदालत से अपील की कि वे इस मामले में सख्ती से दखल दें ताकि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान हो सके। मेहता ने कहा कि नसबंदी से कुत्तों की सिर्फ संख्या बढ़नी रुकती है, लेकिन रेबीज का संक्रमण फैलाने की उनकी क्षमता कम नहीं होती।

सवाल यह है कि ये आदेश दिल्ली/एनसीआरके लिए ही क्यों हैं। देश में भी तो नागरिक रहते हैं। उनके लिए क्यों नही। आवारा कुत्तों का आंतक तो पूरे देश में है। देश में कुत्तों के काटने से औसतन प्रति वर्ष 29 हजार से ज्यादा व्यक्ति मरते हैं। यह तो संख्या वह है जो रिपोर्ट हो जाती है। गांव देहात के मामले से रिपोर्ट ही नही हो पाते। न वे खबरों की सुर्खियां बनते हैं।

उत्तर प्रदेश का बिजनौर बहुत छोटा जिला है। यहां हाल ही में 24 जुलाई की शाम थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव झाड़पुरा भागीजोत में खेत पर काम कर रहीं 65 वर्षीय वृद्धा को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच कर मार डाला। तीन अगस्त को हीमपुर दीपा के गांव गांगू नंगला में हिंसक कुत्ते ने हमला कर दो बच्चों सहित 10 लोगों को बुरी तरह से घायल कर डाला। छह जून 2025 को अफजलगढ़ में पांच साल की बच्ची यास्मीन को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर मार डाला. दरअसल, बच्ची मां के साथ दूध लेने गई थी और पीछे रह जाने पर बच्ची कुत्तों के हि लग गई।

23 अक्तूबर 2023 को देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक 49 साल के पराग पिछले हफ्ते अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। खुद को बचाने में वह फिसलकर गिर गए और उन्हें ब्रेन हेमरेज होने से निधन हो गया।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने पिछले साल संसद में हुए एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि 2019 में 72 लाख 77 हजार 523 कुत्तों के हमले रिपोर्ट हुए। वहीं साल 2020 में कुल 46 लाख 33 हजार 493 कुत्तों के हमलों रिपोर्ट हुए, जबकि साल 2021 में कुल 1701133 कुत्तों के काटने के मामले रिपोर्ट हुए। साल 2022, जुलाई तक भारतीय लोगों पर हुए कुत्तों के हमले की कुल संख्या स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, 14 लाख 50 हजार 666 थी। इन हमलों में कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। ये हमले आवारा और पालतू दोनों कुत्तों के हैं। इसके साथ ही इन हमलों के शिकार, बच्चे, बुजुर्ग और जवान तीनों हुए हैं।

साल 2018 में मेडिकल जर्नल लैंसेट में छापी इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में हर साल 20 हज़ार लोग रेबीज के कारण मरते हैं, इनमें से ज्यादातर रेबीज के मामले कुत्तों द्वारा इंसानों तक पहुंचे हैं।ऐसा नहीं है कि हर कुत्ते के काटने से आपको रेबीज हो सकता है, लेकिन ज्यादातर आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज का खतरा रहता है। कुत्तों के इन हमलों के सबसे ज्यादा शिकार छोटे बच्चे, महिलाएं और जवान होते हैं। सुप्रीम कोर्ट को यह समझना होगा कि अवारा कुत्तों की परेशानी दिल्ली-एनसीआर में ही नहीं है, ये पूरे भारतवर्ष की समस्या है। देश के देहात के तो हडवार (मरे जानवर डालने के स्थान के पास) रहने वाले कुत्ते तो और भी ज्यादा खतरनाक होते हैं। ये महिलाएं, बीमार और बच्चों समेत अकेले आते जाते व्यक्ति को मारकर उसके मांस से अपना पेट भरतें हैं। आवारा कुत्तों की समस्या भारत व्यापी है। इसलिए इस मामले पर कार्रवाई भी देशव्यापी होनी चाहिए।

अध्यात्म

## शेर और हाथी की मित्रता

एक सांझ का समय था, जब जंगल में एक अनपेक्षित मुलाकात हुई। एक शक्तिशाली शेर, जिसका नाम था शेरू सिंह, अपने शिकार की तलाश में घूम रहा था। तभी उसका सामना एक विशालकाय हाथी, बलराम, से हो गया। दोनों के बीच एक छोटी सी भिड़ंत हुई, जिसमें बलराम ने अपने मजबूत दांतों से शेर को चोट पहुंचा दी। शेरू सिंह जमीन पर गिर पड़ा और उसे उठने-बैठने में तकलीफ होने लगी। चलना-फिरना मुश्किल हो गया, और शिकार करना तो जैसे सपना बन गया। दिन बीतते गए, और शेरू सिंह भूख से तड़पने लगा। एक दिन उसने अपने साथी शेरों को बुलाया और कमजोर आवाज में कहा, दोस्तों, मेरी हालत देखो। मैं शिकार नहीं कर सकता। जंगल में जाओ और कोई पशु ढूंढ लाओ, जिसे खाकर मैं अपनी भूख शांत कर सकूं। उसके साथी सहानुभूति जताते हुए जंगल की ओर निकल पड़े। उन्होंने हर कोने को खंगाला—झाड़ियों से लेकर नदियों के किनारे तक—उन्हें कोई शिकार नहीं मिला। निराश होकर वे वापस आए और बोले, शेरू सिंह भाई, आज जंगल सूना है। हमें कुछ नहीं मिला। शेरू सिंह का मन और भी उदास हो गया, और वह भूखे पेट ही लेट गया। कई दिन तक यही हाल रहा। एक सुबह, जब शेरू सिंह अपनी दर्द भरी हालत में सोच रहा था, तो उसने फैसला किया कि उसे अपनी गलती माननी होगी। वह धीरे-धीरे बलराम के पास रेंगता हुआ गया और बोला, बलराम भाई, मैंने तुमसे अनजाने में टक्कर ली थी। मेरी वजह से यह हाल हुआ। कृपया मुझे माफ कर दो और मेरी मदद करो। बलराम, जो अपने गुस्से को भुलाकर दयालुता दिखाना चाहता था, मुस्कुराया और कहा, शेरू सिंह, गलती हो गई, लेकिन दोस्ती से सब ठीक हो सकता है। मैं जंगल से औषधीय जड़ी-बूटियां लाता हूं, जो तुम्हें स्वस्थ कर देंगी। बलराम जंगल में गया और कुछ खास पत्तियां और जड़े लेकर आया। उसने शेरू सिंह को खिलाया और उसकी देखभाल की। धीरे-धीरे शेरू सिंह की चोटें ठीक होने लगीं, और वह फिर से चलने-फिरने लगा। एक दिन जब वह पूरी तरह स्वस्थ हो गया, तो उसने बलराम का हाथ जोड़ा और कहा, धन्यवाद, भाई। तुमने मुझे नई जिंदगी दी। मैं वादा करता हूं कि अब कभी जंगल के किसी जानवर को सताऊंगा नहीं। बलराम ने खुशी से कहा, यह अच्छा हुआ, शेरू सिंह। जंगल में शांति तभी रहेगी, जब हम सब एक-दूसरे का सम्मान करें। इस घटना ने जंगल में एक नई शुरुआत की। शेरू सिंह ने अपने साथी शेरों को बुलाया और कहा, दोस्तों, अब हम हिंसा नहीं करेंगे। बलराम ने मुझे सिखाया कि क्षमा और मित्रता से सब कुछ संभव है। शेरों ने भी इस बात पर सहमति जताई। एक दिन जंगल में एक उत्सव का आयोजन हुआ, जहां सभी जानवर—हाथी, शेर, हिरण, और बंदर—एक साथ आए। उन्होंने नाच-गाकर और फलों का आदान-प्रदान करके अपनी दोस्ती की नई डोर बांधी। शेरू सिंह ने बच्चों को बुलाया और कहा, छोटों, याद रखो—गुस्सा छोड़ो और प्यार फैलाओ। बच्चे खुशी से चहकने लगे और इस पाठ को अपने मन में बसा लिया। जंगल में शांति फैल गई, और शेरू सिंह व बलराम अब जंगल के संरक्षक बन गए। वे मिलकर जंगल की देखभाल करते और हर जानवर को सुरक्षा का आश्वासन देते। एक बार एक बाढ़ आई, तो दोनों ने मिलकर सभी जानवरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस घटना ने जंगल की एकता को और मजबूत किया। शेरू सिंह ने बलराम से कहा, भाई, अगर तुमने मुझे माफ न किया होता, तो आज यह सब संभव न था। बलराम ने हंसते हुए जवाब दिया, दोस्ती ही असली ताकत है, शेरू सिंह।

# वृद्धाश्रम केवल ईंट-पत्थर के भवन नहीं....

**आज आवश्यकता है कि हम अपनी आंखें खोलें, अपने हृदय के द्वार खोलें और वृद्धों की इस अनकही दास्तान को सुनें। यह केवल उनकी नहीं, बल्कि हम सबके भविष्य की कहानी है, क्योंकि एक दिन हम सब भी इसी पड़ाव पर होंगे। हमें याद रखना होगा कि जिस नींव पर आज हम खड़े हैं, उसे हमारे वृद्धों ने ही अपने खून-पसीने से सींचा है। उनके प्रति हमारा दायित्व केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक भी है। यह केवल उन्हें सहारा देने की बात नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, अपनी मानवीयता और अपने मूल्यों को बचाने की बात है। उन्हें वह सम्मान, वह प्रेम और वह सुरक्षा देना हमारी जिम्मेदारी है, जिसके वे हकदार हैं, ताकि उनकी शेष यात्रा पीड़ादायी नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण और गरिमामय हो।**

सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

अक्सर हम सुनते हैं कि बुढ़ापा जीवन का दूसरा बचपन होता है। पर क्या यह सचमुच उतना ही निर्दोष, निश्चिंत और आनंदमय होता है? दरअसल, यह जीवन का वह पड़ाव है, जहां देह की शक्ति क्षीण होती है और आत्मा की अग्नि भी मंद पड़ने लगती है। यह वह समय है, जब कभी अपनी अंगुलियों पर नचाने वाली दुनिया, उन्हीं अंगुलियों को सहारा देने से भी कतराती है। यह वह समय है जब जीवन का अनुभव, जो कभी ज्ञान का पर्याय था, आज बोझ लगने लगता है। वृद्धों की पीड़ा केवल शारीरिक नहीं होती, यह आत्मा की गहराइयों तक उतरती है, हृदय को छलनी करती है। यह वह चीख है जो होठों तक नहीं आती। वह आंसू है जो पलकों से नहीं बहता। वह दर्द है जो किसी से कहा नहीं जाता। उनकी अनकही दास्तान समाज के उस अदृश्य कोने में दबी पड़ी है, जहां कभी सम्मान का सूरज उगता था, पर अब केवल उपेक्षा की अंधेरी रात पसरी है।

आज के परिवेश में, जहां गति ही जीवन का पर्याय है, वृद्ध अक्सर पीछे छूट जाते हैं। वे उस तेज रफ्तार ट्रेन में बैठे मुसाफिर से लगते हैं, जिसकी मंजिल तो करीब है, पर साथी छूटते जा रहे हैं। यजुर्वेद का कथन है कि हम सौ शरद ऋतुओं तक जिएं। यह कामना तो है। पर क्या वह जीवन सौ शरद ऋतुओं तक सम्मान और प्रेम से भरा होगा? आज का वृद्ध अपने ही घर में अजनबी हो जाता है। जिस घर को उसने अपने पसीने से सींचा, जिस आंगन में उसने अपने बच्चों को खेलते देखा, आज उसी आंगन में उसे एक किनारे धकेल दिया जाता है।

उनकी बातें अनसुनी कर दी जाती हैं, उनके अनुभव को बेमानी ठहरा दिया जाता है। महाभारत में युधिष्ठिर ने यक्ष से पूछा था कि संसार में सबसे बड़ा आश्चर्य क्या है, तब यक्ष ने उत्तर दिया था, 'हर दिन प्राणी मरते हैं, फिर भी शेष अमरत्व की इच्छा करते हैं।' मगर कई वृद्ध अपनी आंखों के सामने अपनी उपयोगिता, अपने अस्तित्व को मिटता देखते हैं। यह कैसी विडंबना है कि जिन हाथों ने हमें चलना सिखाया, उन्हीं हाथों को आज सहारे की जरूरत पड़ती है, तो हम अपनी आंखें फेर लेते हैं।

उपेक्षा ही उनकी वेदना का एक पहलू नहीं। क्या हमने कभी उस बूढ़ी आंखों में झांका है, जहां कभी भविष्य के सपने तैरते थे, पर अब केवल एक धुंधली उदासी पसरी है? आधुनिक जीवन शैली ने उन्हें अकेला कर दिया है, एक ऐसे द्वीप पर जहां संचार के सारे साधन होकर भी वे निशब्द हैं। बच्चे करिअर की दौड़ में ऐसे व्यस्त हैं कि उनके पास माता-पिता के लिए दो पल बात करने का भी समय नहीं। वृद्धों ने अपना पूरा जीवन अपने बच्चों के भविष्य को संवारने में लगा दिया, बिना किसी फल की आशा के।

पर आज जब उन्हें प्रेम, सहारा और सहानुभूति के फल की उम्मीद है, तो वे खाली हाथ रह जाते हैं। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस कटु



सत्य का चीख-चीखकर प्रमाण दे रही है कि हमारा समाज अपनी जड़ों से कितनी दूर जा रहा है। ये वृद्धाश्रम केवल ईंट-पत्थर के भवन नहीं, बल्कि उन सपनों, आशाओं, रिश्तों के टूटने की हृदयविदारक कहानियां हैं, जिन्हें कभी अटूट माना जाता था। वे वहां केवल शारीरिक रूप से नहीं रहते, बल्कि एक गहन मानसिक और भावनात्मक सूनेपन में जीते हैं, जैसे कोई पतझड़ में सूखा पत्ता हो, जिसकी शाखाएं टूट चुकी हों।

वृद्धों के अनुभवों का विशाल भंडार, जिसे कभी समाज की धरोहर माना जाता था, आज उनके ज्ञान को 'पुरानी बातें' कहकर दरकिनार कर दिया जाता है। वृद्धों के मन में सिर्फ थोड़ा-सा प्रेम, थोड़ा-सा सम्मान और साथ की इच्छा होती है। पर क्या हम उन्हें यह प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं? उनकी जिंदगी की किताब के पन्ने आज खुद-ब-खुद पलटने के बजाय बिखरे हुए महसूस हो रहे हैं।

यह पीड़ा तब और गहरी हो जाती है, जब वे देखते हैं कि समाज का हर वर्ग उनके प्रति असंवेदनशील होता जा रहा है, मानो वे कोई अनावश्यक बोझ हों, जिनके अस्तित्व से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। सार्वजनिक स्थानों पर उन्हें मिलने वाला थोड़ा-सा सम्मान भी कम होता जा रहा है। अस्पतालों, बैंकों या किसी भी सरकारी दफ्तर में उन्हें अक्सर कतारों में खड़ा देखा जा सकता है, उनकी कांपती टांगें और झुकी हुई कमर इस बात की गवाही देती हैं कि उनकी शारीरिक शक्ति उन्हें इसकी इजाजत नहीं देती। यह सब कुछ उन्हें एक बोझिल अहसास दिलाता है, जैसे वे इस दुनिया, समाज या अपने ही परिवार पर एक अनावश्यक बोझ हों। वृद्धों की चुप्पी, उनकी निस्तेज आंखें और उनके अधखुले होंठों पर ठहरी शिकायतें, एक ज्वलंत प्रश्न बन कर खड़ी हैं- क्या यही है मानव सभ्यता का चरम विकास, जहां प्रेम और करुणा की जगह व्यावसायिकता ने ले ली है?

आज आवश्यकता है कि हम अपनी आंखें खोलें, अपने हृदय के द्वार खोलें और वृद्धों की इस अनकही दास्तान को सुनें। यह केवल उनकी नहीं, बल्कि हम सबके भविष्य की कहानी है, क्योंकि एक दिन हम सब भी इसी पड़ाव पर होंगे। हमें याद रखना होगा कि जिस नींव पर आज हम खड़े हैं, उसे हमारे वृद्धों ने ही अपने खून-पसीने से सींचा है। उनके प्रति हमारा दायित्व केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक भी है। यह केवल उन्हें सहारा देने की बात नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, अपनी मानवीयता और अपने मूल्यों को बचाने की बात है। उन्हें वह सम्मान, वह प्रेम और वह सुरक्षा देना हमारी जिम्मेदारी है, जिसके वे हकदार हैं, ताकि उनकी शेष यात्रा पीड़ादायी नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण और गरिमामय हो।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। काम की उलझनों के कारण आप फँस सकते हैं। शरीर में थकावट और कमजोरी हो सकती है।

**वृषभ**
आज स्वजन आपका प्रोत्साहन बढ़ायेंगे। पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिये धन खर्च कर सकते हैं। जरूरतमन्द लोगों की मदद करेंगे।

**मिथुन**
प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। लोगों के बीच आपके सम्पर्क का दायरा बढ़ेगा। कारोबार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे।

**कर्क**
परिवार में आपके सदगुणों की प्रशंसा होगी। बड़े-बुजुर्गों के लिये उपहार खरीद सकते हैं। जल्दबाजी और क्रोध के कारण काम रुक सकते हैं।

**सिंह**
अनावश्यक खर्चों की चिन्ता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को ज्यादा तूल न दें। अधीनस्थ कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें।

**कन्या**
घर का वातावरण अनुशासित और मर्यादित रहने वाला है। रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिल सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

**तुला**
आपकी मन:स्थिति विचलित हो सकती है। स्वार्थी व्यवहार के कारण लोग आपसे खिन्न हो सकते हैं। अपने खानपान को संयमित रखें।

**वृश्चिक**
अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके अधिकार बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**धनु**
पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिये। आपको लोन और कर्ज लेने से बचना चाहिये।

**मकर**
वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी। आज मेहनत में कमी हो सकती है।

**कुंभ**
अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सकते हैं। ट्रान्सपोर्ट से जुड़े व्यवसाय में अच्छी आय बढ़ सकती है। मनोरञ्जक गतिविधियों की ओर आप आकर्षित रहेंगे।

**मीन**
दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। काम की उलझनों में आप फँस सकते हैं।

# उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित

## रिफाइनरी में धूमधाम के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश द्वारा राष्ट्रध्वज फहराकर सीआईएसएफ के जवानों की सलामी के साथ किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात स्कूली बच्चों, डीजीआर एवं सीआईएसएफ के जवानों ने अनुशासित एवं आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान की मधुर ध्वनि और तिरंगे के सम्मान में सभी उपस्थितजन गौरवान्वित अनुभव कर रहे थे। कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमारे लिए देश के प्रति समर्पण, एकता एवं जिम्मेदारी की भावना को पुनः जागृत करने का अवसर है।उन्होने बताया कि बरौनी रिफाइनरी हर क्षण राष्ट्र हित के लिए तत्पर रहते हुये सुरक्षा संबंधी प्रबंधन यानि प्रक्रिया सुरक्षा प्रबंधन के लिए कार्यरत है जो कि सुरक्षित, विश्वसनीय और टिकाऊ संचालन की आधारशिला है। पीएसएम अत्यधिक खतरनाक रसायनों से जुड़ी प्रक्रियाओं से जुड़े खतरों की पहचान, मूल्यांकन और नियंत्रण पर केंद्रित है। जिससे लोगों, पर्यावरण या संपत्तियों को नुकसान पहुँचाने वाली घटनाओं को रोका जा सके। जब वैश्विक आपूर्ति संकट ने दस्तक दी, जब ऑपरेशन सिन्दूर जैसी परिस्थिति ने हमें युद्धस्तर पर ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने की चुनौती दी, तब बरौनी रिफाइनरी एक चट्टान की तरह डटी रही। हम सिर्फ उत्पादन इकाई नहीं, राष्ट्र की ऊर्जा रक्षा स्तम्भ बनकर खड़े हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया जिसमे सर्वश्रेष्ठ टर्नआउट पुरस्कार, मार्च-पास्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु, सुरक्षा एवं हाउसकीपिंग पुरस्कार, स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों में उत्कृष्टता हेतु विजेताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रिफाइनरी के अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन, मीडियाकर्मी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** एनटीपीसी बरौनी ने प्लांट परिसर में प्रशासनिक भवन में स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस दिन के महत्व पर जोर दिया और राष्ट्र निर्माण में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। आजादी के बाद




सम्पूर्ण भारत में बिजली की काफी किल्लत थी। भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश की बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से एनटीपीसी-लिमिटेड की स्थापना 7 नवंबर, 1975 को की गई थी। शून्य से यह यात्रा उस समय शुरूहुयी थी। गौरव की बात है कि आज हमने कोयला, गैस, जल, पवन एवं सौर आधारित सभी प्रकार की यूनिटो मिलाकर 82,977 एमडब्लू की क्षमता अर्जित कर ली है। एनटीपीसी द्वारा वर्ष 2032 तक 130 गीगा वाट की संस्थापित क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा राष्ट्र निर्माण हेतु हमे हर हाल में यह लक्ष्य प्राप्त करना है। अपने सम्बोधन में उन्होंने हालिया प्रमुख उपलब्धियों को साझा किया और उच्चतम सुरक्षा मानकों को अपनाने की अपील की। परियोजना परिसर मे उपस्थित बाल भवन के बच्चों द्वारा एक लघु सांस्तिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड व थाना क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में देश के राष्ट्रीय महापर्व 79 वीं स्वतंत्रता दिवस दिवस समारोह पूर्वक सम्पन्न हो गया। वीरपुर प्रखंड एवं अंचल परिसर में प्रखंड प्रमुख के नेतृत्व में एवं थाना परिसर में थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, नौला पंचायत भवन परिसर में मुखिया ऋचा कुमारी, एवं पर्रा पंचायत भवन परिसर में मुखिया मोहम्मद अश्जद समेत प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी मुखिया के द्वारा जबकि ग्राम कचहरी परिसर में सरपंच के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, अंचलाधिकारी भाई बीरेंद्र, सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### शहीद अकलू तुरहा को लोगों ने किया याद

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के तुरहापट्टी स्थित पैक्स अध्यक्ष रमेश साह के दरवाजे पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र साह उर्फ जीतू तुरहा की उपस्थिति में शहीद अकलू तुरहा की शहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष श्री साह ने किया। इस दौरान विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया.मोतिहारी के पूर्व मुखिया सुरेश साह ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में महज 18 वर्ष की आयु में ही वे कूद पड़े थे। मधुबनी में उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई लड़ते हुए 14 अगस्त 1942 में अंग्रेजों की गोली से शिकार होकर शहीद हो गए। इस दौरान वक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य उधो साह,दीनानाथ तुरहा,धर्मेंद्र तुरहा,नरेश साह तुरहा,मधुरेंद्र साह तुरहा, बिगु तुरहा,शनि तुरहा,सोनू तुरहा समेत तुरहा समाज के दर्जनों लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

# संत पॉल स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा में 79वें स्वाधीनता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानक सचिव राम बली सिंह, प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्राचार्या तनु सौरभ, उप प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा, हरे राम राय, संजय राय, समन्वयक राम कुमार मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से झंडोतोलन के साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रेसिडेंट लक्ष्मी कुमारी एवं अमित कुमार थे। मंच का संचालन विद्यालय के छात्र अमृत कुमार, छात्रा मोना कुमारी और कन्हैया कुमार एवं सेजल कुमारी



ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ होते ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। वहीं सीसीए सदस्य भारती सिंह एवं अमीषा रय के नेतृत्व में जहां पांव में पायल...., संदेशे आते हैं.... एवं सुजलम सुफलम.... जैसे गीतों की प्रस्तुति ईशानी, सौम्या, सृष्टि, खुशी, नैना, सैना, सांवी,आराध्या, सीनू, मानसी, तृप्ति, इशीता, मयूरी, ऋषिका, युवराज, रौनक, आर्यन, देव, शिवम आदि के द्वारा दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्या तनु सौरभ ने अपने संबोधन में फ्रीडम फाइटर को नमन करते हुए कहा कि देश के सभी नागरिकों को उचित शिक्षा और संस्कृति का अवसर प्राप्त हो। जिसके लिये वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब उस रास्ते पर है जहां दुनिया भारत को देख रही है भारत के बढ़ते कदम, इसी की मुनादी कर रहे हैं। उसके बाद विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में 2024-25 के दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट में स्वतंत्रता दिवस समारोह मना

**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट अफ मैनेजमेंट स्टडीज, बेगूसराय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और देशभक्ति के जोश के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वजारोहण से हुई। जिसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दरभंगा स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने पर ही सफलता मिलेगी। उन्होंने छात्रों को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया और स्वयं का लक्ष्य तय करें और उसे पाने के लिए दृढ़ योजना बनाएं, का संदेश दिया। संस्थान की प्राचार्य डॉ. सुधा कुमारी झा ने स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से विकसित भारत 2047 के विजन पर काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो मुरारी कुमार ने तकनीकी विकास के महत्व पर चर्चा की। मौके पर एमसीए, एमबीए और बीसीए के छात्रों द्वारा नृत्य, गीत, भाषण और विशेष अपरेशन सिन्दूर नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो ऋषभ कुमार ने किया।

# माउंट लिट्रा में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में भगवान श्री.ष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने राधा और कृष्ण की सुंदर झांकियाँ प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय के छात्रों ने नाटक, संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से श्री.ष्ण के जीवन, उनके जन्म तथा लीलाओं का मनोरम चित्रण किया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण मटकी और बांसुरी प्रतियोगिता रही। बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षकों की मदद से अपनी छोटी-छोटी



मटकियाँ और बांसुरी स्वयं तैयार कीं, जिन्हें देखकर सभी अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यालय ने अभिभावकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जिससे कार्यक्रम का उल्लास और भी बढ़ गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डा. शीतल ने कहा कि जन्माष्टमी केवल धार्मिक पर्व ही नहीं बल्कि यह बच्चों को सत्य, प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की सीख देने का अवसर है। वहीं विद्यालय के निदेशक डा. मनीष देवा ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, परिश्रम और सद्गुणों के बल पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। पूरा वातावरण भक्ति, उत्साह और आनंद से सराबोर रहा।

# पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान में हुए सड़क हादसे में चिरैया के 6 सहित 11 तीर्थयात्रियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के सरसावा घाट गांव से विगत 10 अगस्त रविवार को तीर्थयात्रियों को लेकर एक निजी बस देवघर, वासुनीनाथ, तारापीठ होते हुए गंगासागर पहुंची। गंगा सागर में स्नान व दर्शन करने के पश्चात सभी तीर्थयात्री गत 14 अगस्त गुरुवार की रात वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल के वर्धमान में गत 15 अगस्त शुक्रवार की अहले सुबह उक्त बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जाकर टकरा गई। बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मारी। जिसमें 11 तीर्थयात्रियों की मौत व 33 के बुरी तरह घायल होने की सूचना मिली है। यह हादसा इतना भयानक था कि कई यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वही गंभीर रूप से घायल कई लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई। सभी घायलों को वर्धमान मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां इनका समुचित इलाज किया जा रहा है। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 में वर्धमान के नाला फ़ेरी घाट के समीप घटित हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद चारों तरफ चीख -




पुकार मच गई। अचानक हुए हादसे को यात्री समझ नहीं सके। क्योंकि सुबह होने के कारण सभी यात्री सो रहे थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से राहत व बचाव का कार्य शुरू किया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूचना मिलते ही सरसावा घाट गांव निवासी ओमप्रकाश सहनी सहित गांव के अन्य दस लोग वर्धमान मेडिकल कॉलेज पहुंचे। श्री सहनी ने दूरभाष पर बताया कि बस में उक्त गांव के 30 लोग सवार थे। वही लालबेगिया गांव के 4 लोग सवार थे। इसके अलावा बाकी मोतिहारी और अरेराज के यात्री भी थे। उन्होंने बताया कि बस में 5 बच्चों सहित 45 यात्री सवार थे। जिसमें चिरैया थाना क्षेत्र के सरसावा घाट के चार तथा लालबेगिया गांव के मां व पुत्र सहित कुल 11 लोगों की मौत हो चुकी है। वही गंभीर रूप से घायल चार लोगों की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है।

**मौत की सीओ ने की पुष्टि**

इधर मौत की पुष्टि करते हुए चिरैया सीओ आराधना कुमारी ने बताया की पश्चिम बंगाल के वर्धमान में हुए बस हादसे में सभी 11 मृतको की पहचान हो गई है। इनमें चार सरसावा गांव के है जो इस प्रकार है- पारस साह(55) पिता स्व. हीरा साह, नगीना सहनी (76) पिता स्व. तुलसी सहनी, योगी साह ( 60) पिता स्व. रामवतार साह, सुंदरपति देवी (60) पति हरि पासवान व लालबेगिया गांव निवासी राजू सहनी की पत्नी मीरा देवी (50) तथा पुत्र अमरजीत कुमार (14) शामिल है। वही मुफस्सिल थाना क्षेत्र बढ़ई टोला मोतिहारी निवासी सुखदेव शर्मा पिता उत्तिम मिस्त्री, हरियन छपरा निवासी पुण्यदेव पासवान पिता सकीचन पासवान एवं नरेश पासवान पिता पुण्यदेव पासवान, लक्ष्मीपुर गांव निवासी शिवशंकर गिरी पिता वासुदेव गिरी है। इसके अलावा पहाड़पुर थाना क्षेत्र के रढ़ीया गांव निवासी संदीप कुमार पिता रामचंद्र महतो शामिल है। सीओ ने बताया कि सभी घायलों की भी पहचान कर ली गई है। घायलों में चिरैया के सरसावा घाट व लालबेगिया के 26 यात्री है। इनके अलावा अन्य मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के निवासी है।

**मुआवजे की हुई घोषणा**

पश्चिम बंगाल की सरकार ने मृतकों को दो-दो लाख व गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार तथा मामूली रूप से जख्मी को 25 हजार रुपए मुआवजे की घोषणा की है। इधर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी मृतकों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को पचास - पचास हजार रुपए देने की घोषणा की है।

# सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में शान से फहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमावर्ती शहर रक्सौल में 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पूरे देश भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। पूरा शहर अहले सुबह से ही देशभक्ति के माहौल मे पूरी तरह से रंग गया था। शहर में सरकारी और गैर सरकारी कई जगहों पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम किया गया जिनमे प्रमुख रूप से अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम मनीष कुमार ने ध्वजारोहण किया। कस्टम हाउस में सहायक उपायुक्त राधवेंद साह ने तिरंगा फहराया। एसडीपीओ कार्यालय में मनीष आनंद और रक्सौल थाना में इंस्पेक्टर विजय कुमार ने झंडारोहण किया। हरैया थाना में थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने तिरंगा फहराया। नगर परिषद में कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी ने झंडोत्तोलन किया। भाजपा कार्यालय में विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने तिरंगा फहराया। कांग्रेस कार्यालय में प्रो. अखिलेश दयाल और राजद कार्यालय में रामबाबू यादव और कर्पूरी आश्रम में राजद नेता प्रमोद राय ने ध्वजारोहण किया। सभी स्थानों पर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई। देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीरों को याद किया गया। बच्चों ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल-कॉलेज, सामाजिक संगठनों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने भी कार्यक्रम आयोजित किए।

### एसएसबी ने स्वतंत्रता दिवस पर नेपाली सैन्यकर्मियों को खिलाई मिठाई

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर सीमा क्षेत्र के चौंक चौराहों पर एस एस बी के जवानों के द्वारा चौकसी बरती गई। एस एस बी बेलदरवा कैम्प के इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने सीमा क्षेत्र के भ्रमण के बाद मटिअरवा चेक पोस्ट पर बताया कि अपराधिक गतिविधियों पर विषेश नजर रखी गई थी आने जाने वाले लोगों की जांच की जा रही है, पड़ोसी मित्र देश को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेपाल सीमा प्रहरी के जवानों को आपसी भाईचारा के साथ गले मिलकर मिठाई खिलाई गई, दोनो देशों के पांच पांच सैन्य कर्मी सीमा क्षेत्र के बीचोंबीच पहुंच कर स्वागत किया।

# कृष्ण के विचारों से ही समाज को मिल सकती है नई दिशा : किशोर कुणाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जगदीशपुर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर युवा राजद नेता किशोर कुणाल उर्फ़ राजू यादव ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। किशोर कुणाल ने सबसे पहले कृष्ण जन्माष्टमी शोभा यात्रा समिति, जगदीशपुर द्वारा आयोजित शोभायात्रा सह सम्मान समारोह में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और बाद में शोभायात्रा में शामिल होकर



श्रद्धालुओं के साथ नगर भ्रमण किया। पूरे नगर में कृष्णभक्ति के जयघोष गूंजते रहे। इस दौरान आयोजकों ने उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात उन्होंने युवाओं के साथ विशेष अंदाज में जन्मोत्सव मनाते हुए केक काटा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए किशोर कुणाल ने कहा कि भगवान कृष्ण का जीवन नीति, संघर्ष और आदर्शों से परिपूर्ण है। उन्होंने गीता में जो संदेश दिए, वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। समाज में व्याप्त बुराइयों और नकारात्मकता को दूर करने के लिए आवश्यक है कि हम कृष्ण के विचारों पर चलें और उनके उपदेशों को अपने जीवन में उतारें। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि चंदेश्वर सिंह और साधु यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष अफ़ताब उर्फ़ भोला खान, हरिशंकर यादव, अजय यादव, दिवाकर यादव, अनिल यादव, मोध अकबर अली, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे नगर में जन्माष्टमी का उत्सव धार्मिक आस्था और उमंग के साथ मनाया गया।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि मौके पर कचहरी चौक स्थित अटल स्मृति पार्क में शनिवार को सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। उक्त अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि अटल जी को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन करता हुं। भारत की सर्वांगीण प्रगति के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव सभी को एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रेरित




करता रहेगा। अटल बिहारी वाजपेयी 16 से 31 मार्च 1996 और फिर 19 मार्च 1998 से 13 मई 2004 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। वाजपेयी जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता बन गए थे। इंदिरा गांधी के बाद लगातार तीन बार अपने नेतृत्व में पार्टी को जीत दिलाने वाले इकलौते प्रधानमंत्री का गौरव भी उन्हीं के नाम है। मार्च 2015 में उन्हें भारत रत्न प्रदान किया गया। 16 अगस्त 2018 को 93 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। मौके पर जिलाध्यक्ष पवन राज, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** मोतिहारी-ढाका मुख्य पथ के परतापुर गांव के समीप शुक्रवार की संध्या अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक थाना क्षेत्र के कोलासी गांव निवासी स्व. लालबाबू यादव के 31 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार यादव है। घटना के बारे मे बताया जाता हैं कि मृतक ढाका से चिरैया की तरफ अपने घर साईकिल पर सवार होकर लौट रहा था।कि अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी। जिससे मृतक के सर में गहरी चोट लगी और वह सड़क के किनारे काफी दूर जाकर गिर पड़ा। कुछ देर तक खून से लथपथ होकर पड़ा रहा। राहगीरों ने स्थानीय लोगों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को रेफरल अस्पताल ढाका में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने नाजुक स्थिति देख उसे सदर अस्पताल मोतिहारी रेफर कर दिया। वही सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने नाजुक स्थिति देख कर उसे पटना रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने मोतिहारी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन वहां के भी चिकित्सको ने पटना रेफर कर दिया। पटना जाने के दौरान रास्ते मे ही घायल युवक की मौत हो गई। मृतक एक किसान था। उसे दो पुत्री शिवानी कुमारी (8) व कृति कुमारी (3) एवं एक पुत्र आर्यन कुमार (5) है। घटना से नाराज परिजनों ने शव को मोतिहारी-ढाका मुख्य पथ के मीरपुर चौक पर रख करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

# महिला सहित तीन तस्कर अफीम के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** पुलिस ने एसटीएफ के नारकोटिक्स सेल से मिली सूचना के आधार पर छापामारी कर लाखों रुपए मूल्य के प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम के साथ एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद अफीम 2.17 किलोग्राम अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग चार लाख रुपए बताया गया है। गिरफ्तार अफीम तस्कर थाना क्षेत्र के रामकरण पकड़ी वार्ड नंबर पांच का आशीष कुमार पिता राघोलाल साह व गुड्डी देवी पति चुन्नू साह तथा कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कटहरिया गांव निवासी कुंदन कुमार पिता नागेंद्र साह बताया जाता है। इसकी जानकारी थाना परिसर में एक प्रेसवार्ता में देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि एसटीएफ के नारकोटिक्स सेल से प्राप्त सूचना पर परि. पुअनि साक्षी सेहा ने रात्रि गश्त के दौरान मन चौक से बरमदिया रेलवे गुमटी की तरफ जाने वाली रोड में मिल जिरात के समीप बाइक सवार इन तीनों तस्करों को गिरफ्तार किया गया। तीनों तस्करों का तलाशी लेने पर आशीष के पास से 1.09 किलोग्राम अफीम, एक हीरो कंपनी का स्प्लेंडर बाइक तथा एक रियलमी कंपनी का एंड्रायड मोबाइल फोन व गुड्डी देवी के पास से 1.084 किलोग्राम था कुंदन कुमार के पास से एक रियलमी कंपनी का एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया गया। बताया कि आशीष कुमार का पिता राघोलाल साह मादक पदार्थ के तस्करी में दिल्ली में गिरफ्तार हुआ था। वहीं बताया जाता है कि मादक पदार्थ अफीम को पंजाब में पहुंचना था जिसके लिए तीन लाख एडवांस की रकम भी इन तस्करों को मिल चुका था। एसआई साक्षी सेहा का आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर इन तस्करों के जाल को खंगालने में लगी हुई है। छापामारी में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडे, अपर थानाध्यक्ष गौरव कुमार, एसआई साक्षी सेहा, एसआई पप्पू कुमार यादव सहित जिला आसूचना इकाई टीम, एसटीएफ नारकोटिक्स सेल सहित पुलिस बल शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भामाशाह पुरस्कार से सम्मनित हुए मोडर्न ऑटो के निदेशक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पश्चिम चंपारण जिले में सर्वाधिक कर अदा करने वाले प्रतिष्ठानों को भामाशाह पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री जनक चमार जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, सांसद डॉ संजय जायसवाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह में प्रथम भामाशाह पुरस्कार मोडर्न ऑटो एजेंसी के पार्टनर मनोज कुमार गोयनका को प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय भामाशाह पुरस्कार मॉडर्न ऑटोमोटिव के पार्टनर विधान गोयनका को दिया गया। इसके साथ ही चम्पारण ऑटोमोबाईल्स एलएलपी, मेसर्स मां विंध्यवासिनी कंस्ट्रक्शन, ठकराहां, मेसर्स नफीस ट्रेडिंग कंपनी, रामनगर एवं मेसर्स अदिती इन्डस्ट्री बगहा-01 को भामाशाह सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

### अज्ञात ट्रेन की चपेट आने से एक महिला की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपूर थाना के हरसरी गाव के समीप रेलवे ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मृत महिला को रेलवे ट्रैक के किनारे देखकर शिकारपूर पुलिस को सूचित किया। मृत महिला की पहचान राजपुर गाव वार्ड संख्या 10 निवासी राजन बैठा की पत्नी 35 वर्षीय श्रीमती देवी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया गया है।

### एडीएम ने प्रपत्र वितरण कर की राजस्व महाअभियान की शुरूआत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल के धुमनगर पंचायत अंगर्गत गदीयानी टोला गांव में शनिवार को अपर समाहर्ता (राजस्व) कुमार रविन्द्र ने प्रपत्र वितरण कर राजस्व महा अभियान की शुरूआत की। इस दौरान एडीएम ने गदियानी टोला गांव का निरीक्षण किया और रैयत को स्वयं महाअभियान से संबंधित जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि इस राजस्व महाभियान का सभी लोग लाभ उठाएं। अधिकारी ने संबंधित हल्का कर्मचारी को इस महा अभियान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वहीं सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि प्रपत्र वितरण के साथ आज से राजस्व महाभियान की शुरूआत कर दी गई है। इस दौरान धूमनगर, शिकारपुर, बनवरिया, डुमरिया और हरदीटेढ़ा में प्रपत्र वितरण का कार्य शुरू करवाया गया है। शेष पंचायतों में भी कर्मियों को प्रपत्र वितरण करने का निर्देश दिया गया है। सीओ श्री शेखर ने बताया कि 19 अगस्त तक सभी मौजा में प्रपत्र का वितरण कर दिया जाएगा। उसके बाद 19 अगस्त से पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राजस्व अधिकारी अशोक कुमार के अलावे राजस्व कर्मी अशोक पटेल, जगदीश राम, अमित कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

### पिस्टल लहराकर नृत्य करने वाला युवक गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए जौकटिया गांव निवासी सेराज आलम को पिस्टल समेत गिरफ्तार कर लिया।एसडीपीओ सदर विवेक दीप ने बताया कि 12 अगस्त की रात एक कार्यक्रम के दौरान सेराज आलम नर्तकी के साथ डांस करते हुए पिस्टल लहराता नजर आया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ।वीडियो की सत्यता की पुष्टि होने के बाद मझौलिया थाना की टीम ने त्वरित छापेमारी कर आरोपी को उसके पैतृक घर से गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद किया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के उपरांत शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### बेतिया में मुक्ता दो स्क्रीन मल्टीप्लेक्स शुरू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक सुभाष घई के स्वामित्व वाली कंपनी मुक्ता ए 2 सिनेमा के स्थानीय जेके सिटी सेंटर, में आधुनिक दो स्क्रीन मल्टीप्लेक्स का उद्घाटन जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने किया। बिहार सरकार के राज्य निवेश संवर्धन बोर्ड, पटना द्वारा अनुमोदित इस सीटी सेंटर में मौजूद मुक्ता ए2 सिनेमा के अधिकारियों परवेज फारूक, राजीव मल्होत्रा, कैलाश अहिर, आशीष गांधी, समृद्धि श्रीवास्तव, प्रकाश पांडे और सरफराज ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर अपर समाहर्ता कुमार



रविंद्र, एसडीएम विकास कुमार,नरकटियागंज एसडीएम सूर्यनारायण गुप्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, अधीक्षक मद्य निषेध सीमा चौरसिया, डीइओ रविंद्र कुमार, समेत शकील अहमद खान, जफीर अहमद आदि भी मौजूद रहे। इस मल्टीप्लेक्स के आरंभ होने से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं, बल्कि यह बिहार राज्य के लिए कर राजस्व उत्पन्न करने में भी योगदान देगा। यह मल्टीप्लेक्स बेतिया के निवासियों के लिए मनोरंजन का एक नया केंद्र बनने की उम्मीद है, जो आधुनिक सुविधाओं के साथ सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगा।

# बेतिया में आन बान शान से फहराया तिरंगा

## 79 वां स्वतत्रता दिवस की जिले में रही धूम







**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह शुक्रवार को पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। आन-बान-शान से जिले के कोने-कोने में तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह महाराजा स्टेडियम, में हुआ जहां, सुबे के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री जनक चमार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान मंत्री ने जिला बल, एनसीसी के मिली जुली परेड का निरीक्षण भी किया । इस अवसर पर सांसद डा. संजय जायसवाल, विधान पार्षद, सौरभ कुमार, महापौर गरिमा देवी सिकारिया एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित डीएम धर्मेन्द्र कुमार, एसएसपी डॉ0 शौर्य सुमन, डीडीसी सुमित कुमार, नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इधर समाहरणालय परिसर में डीएम धर्मेन्द्र कुमार, विकास भवन में डीडीसी सुमित कुमार, पुलिस कार्यालय में एसएसपी डॉ0 शौर्य सुमन, अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम, विकास कुमार द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। साथ ही जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, महादलित बस्तियों आदि में हर्ष एवं उल्लास के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मैनाटांड प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में आन बान शान से तिरंगा को लहराया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख सुशीला देवी थाना में थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता, इनरवा थाना में थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा, भंगहा थाना में रौशन कुमार, पुरुषोत्तमपुर थाना में सुधा कुमारी, मानपुर थाना में अर्चना कुमारी, उप डाकघर में उप डाकपाल सुनील कुमार सिंह, मैनाटांड अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय कुमार चौधरी ने आदि ने झंडातोलन किया। नरकटियागंज प्रतिनिधि के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व आवास पर आन बान शान से तिरंगा झंडा फहराया गया और झंडे को सलामी दी गई। अनुमंडल आवासीय कार्यालय व शहीद चौक पर एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता, एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख सुनैना देवी, आईसीडीएस में सीडीपीओ मो. सोहैल अहमद ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी। इसी तरह आरपीएफ, जीआरपी, निबंधन कार्यालय, उप डाकघर, अंचल निरीक्षक, शिकारपुर थाना, नगर परिषद, अनुमंडल अस्पताल, बाजार समिति एवं चयनित महादलित टोला तथा सभी पंचायत कार्यालयों में 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा झंडा फहराया गया और उसे सलामी दी गई। वही दूसरी ओर भेड़िहरवा, भसुरारी, राजपुर तुमकड़िया, शिकारपूर, केसरिया, गोखुला, धुमनगर समेत सभी पंचायतों के पंचायत कार्यालयो में मुखिया व पंचायत कर्मियो ने तिरंगा झंडा फहराया और तिरंगे को सलामी दीं गईं।मझौलिया प्रतिनिधि के अनुसार स्वतंत्रता दिवस पर प्रखंड के सभी सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में तिरंगा ध्वज बड़े ही गर्व और सम्मान के साथ फहराया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख शुक्ता मुखी, अंचल कार्यालय में सीओ राजीव रंजन, मनरेगा कार्यालय में कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार पांडेय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनुपम प्रसाद, थाना परिसर में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार और मझौलिया पंचायत सरकार भवन में मुखिया सत्यप्रकाश ने तिरंगा फहराया। साठी प्रतिनिधि के अनुसार 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर थाना क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में शुक्रवार को आन बान शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। इस दौरान साठी थाना में थानाध्यक्ष राजन कुमार, स्टेट बैंक में नीरज कुमार पाण्डेय, बीएड कॉलेज में हफिजुर रहमान, तथा निशा लॉ कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज में मोजीबुर्रहमान एवं ईशान वेलफेयर सेमरी में शोएब कमाल ने झंडा तोलन किया। वहीं शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार स्वतंत्रता दिवस पर एसडीपीओ कार्यालय, भगत सिंह चौक पर एसडीपीओ रागनी कुमारी , प्रखंड कार्यालय प्रमुख निहारिका नूतन, अम्बेडकर चौक सफाई कर्मी सरस्वती देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ डीएस आर्या, नगर परिषद में सभापति गीता देवी, मदरसा इस्लामिया अरबिया नरैनापुर में तबरेज आलम, पीएनबी के समीप व मदरसा इलाहिया मिल बहुअरी में व्यापारी संघ के अध्यक्ष शेख औरंगजेब, अम्बेडकर चौक के समीप कांग्रेस अध्यक्ष मोतिउर रहमान, थाना अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर अभय कुमार, थाना में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने झंडोत्तोलन किए है।

## एकमा व आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास से मना 79वां स्वतंत्रता दिवस, बंटी मिठाईयां







**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एकमा नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों व राजनीतिक दलों के कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सभी जगहों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तिरंगे को सलामी दी गई। राष्ट्र गान के बाद मिठाईयां बांटी गई। एकमा मुख्यालय स्थित कार्यालय पर प्रमुख अंजू देवी व नगर पंचायत एकमा बाजार कार्यालय पर मुख्य पार्षद श्वेता रानी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर बीडीओ डॉ अरुण कुमार, सीओ राहुल शंकर, नपं के ईओ रमन कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार विकल, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार, शिक्षक कमल कुमार सिंह, अहमद अली नेताजी, जाकिर हुसैन अंसारी आदि अन्य गणमान्य व्यक्ति व मीडिया कर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में एकमा स्थित एसडीपीओ कार्यालय पर एसडीपीओ राजकुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, डोहर गांव के दलित बस्ती में बीडीओ डॉ अरुण कुमार की मौजूदगी में वयोवृद्ध अयोध्या राम ने राष्ट्रीय झंडा फहराया। बीएचएम वाहिद अख्तर, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी में सीएचसी पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साजन कुमार, एकमा थाना पर पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष उदय कुमार, राजापुर गांव स्थित अपने आवास पर विधायक श्रीकांत यादव ने राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव, अवधेश यादव, कन्हैया यादव, जितेंद्र कुमार यादव, अनिल कुमार आदि की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एकमा व्यापार मंडल कार्यालय पर अध्यक्ष बच्चा सिह, राजस्व कचहरी पर सीओ राहुल शंकर, रामाधार सिह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज पर सचिव ई. जयप्रकाश सिह, बीआरसी पर बीईओ योगेंद्र बैठा, निबंधन कार्यालय पर उप निबंधक पूजा भारती, रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल नचाप में चेयरमैन परमेश्वर सिह, यमुना सिंह कॉलेज एकमा में लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, विद्यावती स्मृति सेवा संस्थान, राहुल नगर एकमा में सचिव व भाजपा नेता कुमार मानवेंद्र "राहुल", पचरुखिया स्थित मां अम्बालिका भवन पर शिक्षाविद प्रो. अजीत कुमार सिंह, आमडाढ़ी पंचायत भवन पर प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष चंदा सिह, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में संचालक उपेन्द्र कुमार यादव, कन्या विद्यालय पर प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी, अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय पर सारिका द्विवेदी, प्राथमिक विद्यालय देवीगंज में प्रधान शिक्षिका अनीता पांडेय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय में प्रधानाध्यापक कुमार रश्मि रंजन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रीठ में प्रधानाध्यापक दीपक कुमार, जदयू कार्यालय पर पूर्व विधायक मनोरंजन कुमार सिंह धूमल, आमडाढ़ी स्थित आवासीय परिसर में पूर्व मुखिया व जन सुराज के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, परसा दक्षिणी पंचायत भवन पर मुखिया काजल तिवारी, रसूलपुर पंचायत भवन पर मुखिया रीता देवी, उमाशंकर सिंह महाविद्यालय जलालपुर में प्राचार्य अभिनव प्रियदर्शी, प्राथमिक विद्यालय रामपुर में प्रभारी प्रधान शिक्षक सुनील कुमार सिंह, कन्या प्राथमिक विद्यालय कर्णपुरा में प्रभारी प्रधान शिक्षक शैलेश कुमार सिंह, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रामपुर मठिया में भरत कुमार सिंह, फुचटीकला पंचायत पर मुखिया महेश्वर राय, विशुनपुरा गांव में जन सुराज नेता विकास कुमार सिंह आदि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व राष्ट्रीय झंडा को सलामी दी। वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बच्चों द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## राज किशोर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सफरी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** प्रखंड क्षेत्र के सफरी गांव स्थित राज किशोर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ झंडोतोलन कर मनाया गया।समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के सचिव कृपाशंकर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देशभक्ति व स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने आजादी के महापुरुषों के बलिदान को नमन करते हुए देशहित में समर्पित जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्याख्याता विज्ञान सिंह ने की। वहीं अंजना कुमारी, अशोक सिंह, पप्पू जी, चंदन जी, करण सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के कर्मियों में अखिलेश्वर महतो, राहुल सिंह और रूपेश यादव सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## सांसद व मंत्री ने मझौलिया को दी विकास की सौगात

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. संजय जायसवाल और सूबे की मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाओं का भरोसा दिलाया। मनरेगा के तहत 32 लाख 67 हजार रुपये की लागत से मझौलिया बाजार हाट एवं पार्क का निर्माण होगा, जिससे बाजार का आधुनिक स्वरूप तैयार होगा और नागरिकों को विश्राम व मनोरंजन की सुविधाएं मिलेंगी। वहीं वर्षो से उपेक्षित महना से राजघाट तक की जर्जर सड़क का 3 करोड़ 19.62 लाख रुपये की लागत से पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिससे आवागमन आसान और सुरक्षित होगा। मुखिया सत्यप्रकाश ने सांसद व मंत्री का स्वागत किया। सांसद डॉ. जायसवाल ने कहा कि मुखिया सत्यप्रकाश के सतत प्रयासों से आज मझौलिया को यह सौगात मिली है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क निर्माण के बाद मझौलिया की मुख्य सड़क की बदहाली अतीत बन जाएगी। मंत्री रेणु देवी ने कहा,मझौलिया के लोग मेरे दिल में बसते हैं।मैं यहां की बेटी और बहन हूं,और क्षेत्र के चहुँमुखी विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी।ह्व उन्होंने अंचलाधिकारी राजीव रंजन और मनरेगा पदाधिकारी नीरज कुमार पांडेय को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मंच संचालन मुखिया सत्यप्रकाश ने किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। योजनाओं के पूरा होने पर मझौलिया न केवल सौंदर्य में निखरेगा, बल्कि जनजीवन की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस





**कोलकाता/एजेंसियां।** दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, श्री अनिल कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और रेलवे सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड तथा भारत स्काउट्स और गाइड्स की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक ने सभी को शुभकामनाएं दीं। दक्षिण पूर्व रेलवे की हालिया उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे, जिसे ह्लब्लू चिप रेलवेह्व के नाम से जाना जाता है, भारतीय रेलवे के शीर्ष तीन माल लदान जोन में शामिल है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दक्षिण पूर्व रेलवे ने 212.37 मिलियन टन माल लदान कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने यह भी बताया कि परिचालन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले वित्तीय वर्ष से लेकर जुलाई 2025 तक 136 किलोमीटर डबलिंग/तीसरी लाइन का कार्य पूरा किया गया है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में, पिछले वित्तीय वर्ष से जुलाई 2025 तक 49 फुट ओवरब्रिज, 22 लिफ्ट और 13 एस्केलेटर विभिन्न स्टेशनों पर चालू किए गए हैं। इसके अलावा, 42 प्लेटफॉर्म की ऊँचाई बढ़ाई गई है, 33 प्लेटफॉर्म की लंबाई में वृद्धि की गई है और 69 स्टेशनों पर कुल 183 प्लेटफॉर्म शेड्स लगाए गए हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने हेतु 487 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसी उद्देश्य से पिछले वित्तीय वर्ष से जुलाई 2025 तक 8 रोड ओवर ब्रिज और 38 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। साथ ही, 45 लेवल क्रॉसिंग को समाप्त किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष से जुलाई 2025 तक 6 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के 72 स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है, जिनमें से 2 स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना के अंतर्गत 132 स्टॉल और 50 ट्रॉली विभिन्न स्टेशनों पर चालू की गई हैं। रेलवे सुरक्षा बल के विशेष प्रयासों का उल्लेख करते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि "ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते" अभियान सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। "ऑपरेशन जीवन रक्षा" के अंतर्गत दक्षिण पूर्व रेलवे के आरपीएफ कर्मियों ने 49 महिला और पुरुष यात्रियों के प्राण बचाए, जिसमें उन्होंने अपने जीवन को भी जोखिम में डाला। उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे ने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिनों का गहन अभियान चलाया, जिसके तहत 190 निक्षय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में "हर घर तिरंगा" अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से राष्ट्र के विकास में सहयोग करने की अपील की।

## हिमालया इंस्टियूट ऑफ हायर एडूकेशन में '79वां स्वतंत्रता दिवस' की धूम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश आज 15 अगस्त 2025 को 79वें स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, और इस साल का थीम 'नया भारत' है, जो सरकार के विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में हो रही प्रगति को दर्शाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्या उषा कुमारी (नर्सिंग), प्राचार्य डॉ. सचिन्द्र नारायण पाण्डेय (पारामेडिकल), उपप्राचार्या/ शैक्षणिक कर्मचारी एलीना चौधरी एवं अन्य शिक्षकगण डॉ. आदित्य शर्मा, प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार, संदीप क्रांति, अभिषेक कुमार, जूली कुमारी, सुष्मिता कुमारी, तनीषा कुमारी, अभिषेक आनंद, पीयूष राज, डॉ. विशाल, सोनाली शर्मा, कार्यालय अधिकारी के रूप में श्वेता सिन्हा, लफ निशा कुमारी, आरती कुमारी, सुरत कुमारी, नीतम कुमारी, कन्या कुमारी, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, माधवेन्द्र पाण्डे, कुलदीप कुमार, अमित राज एवं कॉलेज के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राजाभार की बदलाव सभा में गरजे जनसुराज नेता




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज अभियान के तहत बेतिया विधानसभा के राजाभार में बिहार बदलाव सभा का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए जनसुराज के वरीय नेता सह अष्ट विनायक हॉस्पीटल के निदेशक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन सुराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और बिहार में बदलाव की अलख जगाना था। कहा कि जन सुराज एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। हम सब मिलकर बिहार को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मामले में आगे ले जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और एक नए, समृद्ध बिहार के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गो सहित समाज के हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस सफल आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि जन सुराज को लेकर लोगों में भारी विश्वास और उत्साह है। इसके पूर्व अनिल सिंह का कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर और नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। मौके पर नीतू शाही, सिकंदर चंद्रा, सौरभ तिवारी, ब्रजकिशोर राव, गौरव मिश्रा, पिंटू कुमार, कोदो हवारी, संतोष राम, धर्मेंद्र पाठक,तकबूल मियां उर्फ बबलू आदि मौजूद थे।

## पटना स्कूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्कूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भट्टाचार्या रोड स्थित बंसल टावर में किया गया। शिविर का उदघाटन नन्द किशोर यादव, अध्यक्ष, बिहार विधानसभा ने किया। उद्घाटन करते हुए नंदकिशोर यादव ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जो न केवल दूसरों की मदद करता है, बल्कि आपके अपने स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। रक्तदान से हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है, नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, और शरीर में आयरन का स्तर संतुलित रहता है. इसके अतिरिक्त, रक्तदान से कैलोरी बर्न होती है और एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच भी हो जाती है। रक्तदान शिविर संयोजक हनुमान गोयल ने बताया कि किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता कोई बीमारी या दुर्घटना के कारण होती है। इसकी कमी से व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है। रक्तदान शिविर का आयोजन माँ ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। इस मौके पर माँ ब्लड सेंटर के मुकेश हिसारिया ने बताया कि रक्त की पूर्ति सिर्फ रक्त दान से ही होती है। रक्तदान जीवनदान होता है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचती है। हिसारिया ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नही बन सकती है, इसकी पूर्ति सिर्फ रक्तदान से हीं होती है। मौके पर पटना स्कूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन स्वतंत्रता दिवस पर किया जाता रहा है। श्रीवास्तव ने बताया कि इस शिविर में रक्तदान करने हेतु कुल 160 व्यक्ति उपस्थित हुए जिसमे 128 लोगों ने रक्तदान किया। सभी संग्रहित रक्त माँ ब्लड सेंटर को दिया गया। माँ ब्लड सेंटर द्वारा थैलिसीमिया पीड़ित बच्चों एवं गरीबों को निःशुल्क रक्त दिया जाता। एम पी जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर को सफल बनाने में हनुमान गोयल , अब्बास ठेकेवाला, उमेश कुमार, राजेश श्रीवास्तव , अशोक कुमार गुप्ता, रमेश मोदी जी, बाबू जनजीवन सिंह जी, मनीष बनेटिया , कालीजी, सुशील सुंदरका जूजर जड़ीवाला एवं अन्य सदस्यगण लगे हुए थे।

## अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पटना में अजादी का जश्न मना







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 79वाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन द्वारा अपने शैक्षणक संस्थान "अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन" छितनावा, दानापुर पटना के परिसर में झण्डोतोलन का आयोजन किया गया। अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के चेयरमैन डॉ० कौशल कुमार के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उक्त अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा परेड मार्च निकाला गया जिसका नेतृत्व मनीकांत कुमार ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थान की छात्रा सुचिता, मौसमी एवं शालिनी द्वारा स्वागतम्-गीत तथा ज्योति एंड ग्रुप द्वारा स्वागतम्-नृत्य प्रस्तुत किया गया। संस्थान की छात्रा रितु, रितेश, प्रिया, निशा, श्वेता द्वारा नशा मुक्ति पर एक प्रेरनादायक नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें नशे के दुष्परिणामों को दशार्या गया और इसे होने वाले समाजिक और परिवारिक नुकशान को दिखाया गया। उक्त अवसर पर संस्थान में अध्ययनरत विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रुप नृत्य, सोलो सॉन्ग, ड्युट डांस, पोइट्री, एक्ट एवं मिक्स सॉन्ग प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के चेयरमैन डा० कौशल कुमार ने कहा कि हमारे आत्म विश्वास एवं भविष्य के सुनहरे सपने को साकार करने की आज हमे पूर्ण आजादी है। महान देशभक्तों एवं विभूतियों के त्याग व बलिदान से प्राप्त की गई स्वतंत्रता का यह पर्व हम सभी को नई शक्ति, नव उल्लास और नई प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के निदेशक शैक्षणिक, डॉ० मो० अब्दुल्ला, सहायक निदेशक अवधेश दास उपस्थित रहे। मंच का संचालन संस्थान के छात्रा तब्बु एवं गुजन ने किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ आशिष, डॉ शयंतन दास, भावना ठाकुर, गीता साहु, अभिषेक सिंह एवं शिक्षकगण प्रीतम, अनिता सोनी, हसीब रज्जा, अभिषेक सुमन, के साथ ही संस्थान के पदाधिकारी, कर्मचारियों के साथ सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति एवं हजारो विद्यार्थी एवं अन्य संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहें। कार्यक्रम का समापन लक्ष्मी बरासकर द्वारा "वोट ऑफ थैंक्स" से सम्पन्न किया गया।

# जहानाबाद में उत्साह और गौरव के साथ मना 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वतंत्रता दिवस पर जहानाबाद जिला में राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति के माहौल के बीच मुख्य समारोह गांधी मैदान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी द्वारा प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम से पूर्व जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा क्रमशः अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ध्वजारोहण से पहले मुख्य समारोह स्थल पर प्रभारी मंत्री, जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से बीएमपी, जिला पुलिस बल (पुरुष एवं महिला डीएपी) तथा गृह रक्षा वाहिनी की टुकड़ियों का परेड निरीक्षण किया गया जिनका नेतृत्व परेड कमांडर सार्जेंट माया कुमारी,सेकेंड परेड कमांडर सार्जेंट हर्षिता कुमारी, बीएमपी टुकड़ीसार्जेंट मिंटू कुमार सिंह, जिला पुलिस बल (पुरुष) टुकड़ी सार्जेंट अजय कुमार राय, जिला पुलिस बल (महिला) टुकड़ी सार्जेंट अनुप्रिया एवं गृह रक्षा वाहिनी टुकड़ी सार्जेंट रेखा कुमारी ने किया। अपने संबोधन में जिले के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जहानाबाद जिले की विकास यात्रा, चल रही योजनाओं एवं आगामी कार्यों पर प्रकाश डाला। मंच पर सदर विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक श्री सतीश कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी कपिल देव शर्मा को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।







**भामाशाह सम्मान अंतर्गत वाणिज्य कर विभाग, जहानाबाद अंचल के नॉन-कॉरपोरेट व्यवसायियों में उत्कृष्ट कर संग्रहण हेतु प्रथम पुरस्कार :** सर्वश्री बालाजी ऑटोमोबाइल,द्वितीय पुरस्कार : सर्वश्री मान एंटरप्राइजेज,तृतीय पुरस्कार सर्वश्री आकाश सिंथेटिक को माननीय मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गांधी मैदान में उपस्थित नागरिकों को तिरंगे वितरित किए गए, जिन्हें लोगों ने पूरे उत्साह एवं गर्व के साथ लहराया।

शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अब्दुलबारी नगर भवन में हुआ जहां सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवं स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

मंच का संचालन ललित शंकर द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय कुमार यादव उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। समारोह में अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी, जिला ग्रामीण अभिकरण पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार मिश्रा, नगर परिषद निदेशक सुदर्शन कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे)अमित कुमार, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा एवं पोषण पूनम कुमारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-छात्र एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

### उत्साह पूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर के विभिन्न इलाकों सहित सभी प्रखंड मुख्यालय में स्थित शैक्षणिक संस्थाओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों ने अपने-अपने संस्थानों में ध्वजारोहण कर झंडे की सलामी ली।

जहानाबाद शहर के एस. एस.कॉलेज में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0(डॉ0) दीपक कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का शुभ दिन हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के असीम त्याग और बलिदान को कृतज्ञतापूर्वक नमन करने का दिन है। समारोह का संचालन संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 विनोद कुमार राय ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। एस. एन. सिन्हा कॉलेज में प्राचार्य डॉ मेघन प्रसाद ने झंडोत्तोलन कर परेड की सलामी ली। उन्होंने युवाओं को देश के विकास और सुरक्षा में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्र की बागडोर युवाओं के हाथ में है। जिले के ए.एन.एस. कॉलेज में प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश सिंह ने, केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में मुख्य अतिथि डॉ रंजीत कुमार भारतीय, संस्कृत महाविद्यालय हुलासगंज में प्रभारी प्राचार्य डॉ श्रीनिवास शर्मा ने झंडोत्तोलन किया। इस दौरान जिले के सभी थाना परिसर में थानाध्यक्ष, अंचल कार्यालयों, अस्पताल सहित विभिन्न विद्यालयों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी झंडोतोलन कर स्वतंत्रता दिवस समारोह पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए देशभक्ति और जुनून को प्रदर्शित किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड में 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण रहा। खरभैया पंचायत की मुखिया चंद्रकांति देवी और उनके प्रतिनिधि उपेन्द्र चौधरी ने पंचायत में नवनिर्मित सौन्दर्यीकृत तालाब के किनारे ग्रामीणों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने राइस मिल परिसर में झंडोत्तोलन किया। वहीं, प्रखंड प्रमुख विनोद कुमार ने दनियावां प्रखंड कार्यालय, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया दनियावां पंचायत नवनीत कुमार, शाहजहांपुर पंचायत के मुखिया पल्लवी भारती, बांकीपुर-मछरियावां पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी और उनके प्रतिनिधि नीतीश कुमार यादव,सिंगरियावां पंचायत की मुखिया रुबी कुमारी और उनके प्रतिनिधि राजीव कुमार और सलारपुर पंचायत के मुखिया मनीष कुमार ने हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में तिरंगा फहराया।

## संस्थापित किसान संघ ने आन-बान व शान के साथ फहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नबीनगर थर्मल पावर में शुक्रवार को बीआरबीसीएल किसान मजदूर वेलफ़ेयर समिति द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस पर आन-बान-शान के साथ झंडोत्तोलन किया गया। समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दी। मौके पर प्रभावित किसान मजदूर की संगोष्ठी आयोजित किया गया। इस दौरान ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। कहा कि आज देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें महापुरुषों की याद दिलाती है। कहा कि देश की आजादी में महापुरुषों का बहुत बड़ा योगदान है। समिति के उपाध्यक्ष ललन सिंह, महासचिव ललन मेहता, संजय पाठक, राजेंद्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, सुरेंद्र पाल, अनिल पाठक, रघुराज सिंह, नवल चौधरी, बृजकिशोर पासवान, उपेंद्र राम सहित मौजूद रहे।



## प्रखंड में आन-बान-शान से फहराया गया तिरंगा, सलामी के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों तथा विभिन्न संस्थानों में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तिरंगे झंडे का ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने तिरंगा फहराया। थाना परिसर में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, बीआरसी कार्यालय में प्रभारी बीएओ अशोक कुमार, कस्तुरबा विद्यालय में वार्डे न रंभा कुमारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ ओनम तथा व्यापार मंडल परिसर में अध्यक्ष जयकृष्ण पटेल ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह कुष्ठ इकाई परिसर में डॉ. अनिल कुमार, कन्या उच्च विद्यालय में देवकांत कुमार, सीएचसी अस्पताल में डॉ. कुणाल कमाख्या नारायण, ई- किसान भवन में धर्मेंद्र कुमार, खाद्य आपूर्ति कार्यालय में एमओ प्रशांत कुमार, रामदेव प्रसाद सैनिक महिला महाविद्यालय में प्राचार्य गीता कुमारी तथा हसपुरा प्लस-टू विद्यालय में प्रधानाध्यापक सत्यनारायण सिंह ने झंडा फहराया। वहीं अमझरशरीफ पंचायत भवन में मुखिया पम्मी कुमारी, हसपुरा पंचायत भवन में मुखिया संगीता कुमारी, अहियापुर पंचायत भवन में मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुनु शर्मा, जैतपुर पंचायत सरकार भवन में मुखिया सतेन्द्र पासवान, इटवां पंचायत में मुखिया राकेश कुमार राम, मलहारा पंचायत भवन में मुखिया सन्तोष सौंडिक, सोनहथु पंचायत में मुखिया पूनम कुमारी, अहियापुर ग्राम कचहरी में सरपंच बखोरा खां तथा पुरहारा कचहरी में सरपंच सुरेंद्र कुमार सुमन ने ध्वजारोहण किया।

हसपुरा, डिंडीर और अहियापुर पैक्स गोदामों पर क्रमशः अध्यक्ष ओम चौधरी, संजीत शर्मा और मालती कुमारी ने झंडा फहराया। अमझरशरीफ पैक्स गोदाम पर अध्यक्ष सब्या कुमारी, राजद कार्यालय पर अध्यक्ष मनीष कुमार, जदयू कार्यालय पर चंद्रेश पटेल, भाजपा कार्यालय पर चंद्रकांत मुन्ना और रालोमो प्रखंड कार्यालय पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रणविजय कुमार ने तिरंगे को सलामी दी। इसके अलावा पचरुखिया बाजार स्थित पैराडाइज कोचिंग सेंटर में निर्देशक रणधीर कुमार, सब्जी उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड पचरुखिया में पूर्व मुखिया सोनम कुशवाहा, साधना संगीत महाविद्यालय में निर्देशक रौशन कुमार तथा सिहाड़ी में टोला सेवक ललन चौधरी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी, उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी, समाजसेवी डॉ. देवलाल पासवान, पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार मुन्ना, श्रीकांत वर्मा, राजू कुमार, रामजीत राम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, पंचायत भवनों और राजनीतिक दलों के कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुबह 8:30 बजे से झंडोत्तोलन का कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख स्नेहा सिंह, बीस सूत्री कार्यालय में अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष मिरिख दरखशा, थाना परिसर में थानाध्यक्ष शंभू कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, व्यापार मंडल में अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह सहित विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण किया।



ग्राम पंचायतों और पैक्स कार्यालयों में भी मुखिया व अध्यक्षों ने ध्वज फहराया। इस दौरान विद्यालयों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता और संवाद गोष्ठियां आयोजित की गईं। छात्रों ने राष्ट्रभक्ति गीतों और प्रस्तुतियों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम में बीडीओ उपेंद्र दास, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी साहब याहया, प्रशिक्षु बीडीओ ब्रजेश कुमार, उपप्रमुख रजंति देवी, कांग्रेस, राजद, जदयू, भाजपा एवं अन्य दलों के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उन वीर शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। साथ ही यह भी संकल्प लिया गया कि स्वतंत्रता की इस विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाएगा।

## कियान इंटरनेशनल स्कूल में फहराया गया तिरंगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के अवधपुरम पतेया स्थित कियान इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक आलोक कुमार सिंह ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दिया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति दिया। वहीं छोटे बच्चों ने भी आकर्षक प्रस्तुति दिया जिसे देख सभी ने काफी सराहना किया। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। निदेशक ने कहा कि आज हम सभी 79 स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। बताया कि देश की रक्षा में हमारे कई वीर जवानों ने अपना बलिदान दे दिया है। उनकी बलिदान को देश कभी भी भूल नहीं सकता है। विद्यालय के एडमिन पंकज कुमार सिंह, प्राचार्य गौतम कुमार, शिक्षक प्रेमलता सिंह, सुदामा पाल सहित मौजूद रहे।

## हर युवा को रोजगार देने के लिए दृढ़ संकल्पित है नीतीश सरकार : वीरेन्द्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राज्य की नीतीश सरकार हर युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रशिक्षण हेतु 149 आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस स्थापित की है। राज्य अभियंत्रण महाविद्यालय, स्वास्थ्य विज्ञान महाविद्यालय एवं खेल विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। वहीं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, अतिपिछड़ा, सभी वर्ग की महिलाओं, सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं तथा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को लाभ दिया जा रहा है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शनिवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेलाई पंचायत में जन संपर्क अभियान के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार में महिलाओं के उच्च शिक्षा के लिए इंटर पास करने पर 25 हजार तथा स्नातक उत्तीर्ण होने पर 50 हजार की राशि दी जा रही है। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुँचाने के लिए नहरों का विस्तारीकरण, निजी नलकूप को बढ़ावा, आहर-पईन एवं चेकडैम का निर्माण आदि काम तेजी से कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाई जा रही है। अब तक 39, 927 वार्डों में कार्य पूर्ण हो गया है जिससे शहरों की तरह गांवों में भी रात को रोशनी मिल रही है। प्रखंड अध्यक्ष नबीनगर कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद ने खिरी दयाल, भटवा भागली, बसडीहा बीघा, बसडीहा, दानी बीघा, कुसा, पांडे बीघा, इटवा, दुखन बीघा एवं नोनिया बीघा गांव में भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का स्वागत भी किया। यात्रा में जनता दल यूनाइटेड के जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, नगर अध्यक्ष जदयू प्रदीप कुमार सिंह, वरीय नेता शिवपूजन सिंह, सुजीत कुमार सिंह, किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, बेलाई पंचायत के अध्यक्ष दूधनाथ सिंह आदि उपस्थित थे। पूर्व सांसद की जन संपर्क अभियान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## जहानाबाद की यूनिक शोतो कान कराटे की टीम रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। यूनिक शोतो कान कराटे इंडिया की टीम जहानाबाद अम्मा क्लब से को पटना के लिए रवाना हुई। टीम पटना के नासरीगंज, दीघा इलाके में आयोजित राज्यस्तरीय कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। टीम का मैच रविवार को सुबह में आयोजित किया जाएगा सइस दौरान टीम के मुख्य कोच अन्नू शक्ति सिंह ने कहा कि हमारी टीम के सभी खिलाड़ी राज्यस्तरीय इस टूर्नामेंट में पूरी तैयारी के साथ हिस्सा ले रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारे सभी खिलाड़ी पदक प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि ऑफिशियल के रूप में राजेश दास कार्य करेंगे। खिलाड़ी के रूप में अर्पना कुमारी (केंद्रीय विद्यालय),आस्था कुमारी कश्यप,माही कुमारी,गौरव कुमार वर्मा और विश्व संस्कार ज्योति, कुणाल सिंह आर्य( डीएवी स्कूल जहानाबाद) ये सभी कराटे खिलाड़ी अपना जलवा चैंपियनशिप में बिखेरेंगे। जिले वासियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कहा है। जैसा कि ज्ञात हो जिले से विभिन्न आयु वर्ग में खिलाड़ी कराटे और तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर चुके हैं।



## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय से लेकर पंचायतों तक सरकारी एवं निजी संस्थानों, विद्यालयों और राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख किराणति देवी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जबकि मखदुमपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने ध्वजारोहण किया। बीआरसी भवन पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार, नगर पंचायत में पार्षद मीना देवी, टेहटा थाना में थानाध्यक्ष आलोक कुमार, राजद कार्यालय एवं अंबेडकर पुस्तकालय में स्थानीय विधायक सतीश कुमार, उमता धरनई थाना में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह और विसुनगंज थाना में थानाध्यक्ष फूलचंद यादव ने झंडोत्तोलन किया। इस मौके पर जगह-जगह लोगों ने राष्ट्रभक्ति गीतों पर झूमकर आज़ादी का जश्न मनाया और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बच्चों और युवाओं में देशभक्ति का उत्साह देखते ही बन रहा था। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आज़ादी का यह पर्व हमें एकजुट होकर देश की प्रगति और विकास के लिए काम करने की प्रेरणा देता है।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के ओकरी थाना क्षेत्र के प्रीतम बिगहा गांव में गुरुवार देर रात रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में 21 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव फैल गया है।जानकारी के अनुसार, गांव की गली में बिजली का पोल गाड़ने को लेकर पिछले कई महीनों से दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। गुरुवार रात यह विवाद अचानक हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के युवक पर निशाना साधते हुए गोली चला दी, जिससे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान फिलहाल सार्वजनिक नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही ओकरी थाना की पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और हालात को काबू में किया। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल भेजा गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि हत्या में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं गांव में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रशासन दोनों पक्षों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषियों को कड़ी सजा देने और विवाद का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।



## अटल बिहारी वाजपेयी की 7वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी एवं उत्तरी मंडल की ओर से शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 7वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम बनकट कैथी गांव में मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में गोह मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, उपहारा मंडल अध्यक्ष राजू विद्यार्थी, पोथु मंडल अध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी, हसपुरा उत्तरी मंडल इकाई से अनिल आर्य, सुरेश आर्य, चितरंजन कुमार, बीरेंद्र कुमार, नंदन यादव, गया लाल पंडित, वार्ड सदस्य उदय शर्मा सहित कई बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सात्विक वनस्थली स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर के बाबूगंज टीचर कॉलोनी स्थित सात्विक वनस्थली स्कूल में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में सजे और आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माखन चोरी और मटका फोड़ प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने कृष्ण-लीला का जीवंत प्रदर्शन किया। मंच पर राधा-कृष्ण का वेश धरे बच्चों की मनमोहक झांकियां और प्रस्तुतियां उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों को भावविभोर कर गईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा भारद्वाज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त कर धर्म की स्थापना की। उन्होंने बच्चों को श्रीकृष्ण के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रीकृष्ण की आरती की गई और माखन-मिश्री का भोग अर्पित कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक मनोज कुमार, एडमिन ऋतुरंजन भारद्वाज, कार्यालय प्रमुख उपेंद्र सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं श्याम नंदन पांडेय, अंजली कुमारी, रिया सिंह, विष्णकांत मिश्रा और रूबी कुमारी मौजूद रहे।



## पामरगंज सहयोग विकास केंद्र जम्होर में फहराया झंडा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पामरगंज सहयोग विकास एवं ईख-क्रय विक्रय संघ समिति लिमिटेड जम्होर में शुक्रवार को 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर आन-बान-शान के साथ झंडोत्तोलन किया गया। अध्यक्ष तेजेंद्र कुमार सिह ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दिया। अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए देश की एकता, राष्ट्र की संस्कृति एवं संविधान के प्रति यह उत्तरदायित्व बन जाता है कि हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों सही रूप से सजग होकर पालन करे।

## अलग-अलग घटनाओं में कई लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को हुई अलग-अलग घटनाओं में कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज फिलहाल रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में चल रहा है। पहली घटना प्रखंड के कलानौर गांव की है, जहां आपसी विवाद में हुई मारपीट में महेंद्र राम, अजीत कुमार और रिचा कुमारी घायल हो गए। तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, भानोविगहा गांव में सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में हिमांशु कुमार, पंकज कुमार, ऋषि मुकेश और आशीष रंजन शामिल हैं। घटना के बाद उन्हें भी तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इसके अलावा डकरा गांव में सांप काटने की घटना हुई, जिसमें दाहू यादव गंभीर रूप से प्रभावित हो गए। चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। रेफरल अस्पताल मखदुमपुर के चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# मगध विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो एसपी शाही ने किया ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय परिसर स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति की भावना से सराबोर रहा। 15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही ने कुलपति आवास और प्रशासनिक भवन प्रांगण में ध्वजारोहण कर सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में प्रो एसपी शाही ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह उन शहीदों को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई। उन्होंने कहा कि वीरों की स्मृति हमें यह प्रेरणा देती है कि हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करें। प्रो शाही ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे शिक्षा की गुणवत्ता, अनुसंधान के स्तर और नवाचार को निरंतर ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी केवल ज्ञान का प्रसार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता, नैतिकता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे अपने समय का सदुपयोग करें, तकनीकी ज्ञान और कौशल में दक्षता हासिल करें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भारत आज अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और आने वाले 25 वर्ष हमारे भविष्य को निर्धारित करेंगे। इस अवधि में युवा शक्ति का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होगा, इसलिए विश्वविद्यालय का दायित्व है कि वह युवाओं को जिम्मेदार, जागरूक और नवाचारी नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करे। समारोह में विभिन्न विभागों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण किया गया और देशभक्ति गीतों व नारों से विश्वविद्यालय परिसर का वातावरण ऊर्जा और उत्साह से भर गया।


आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रूबी शाहीन — सरपंच
मो. शाहिद उर्फ साहू जी — सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत- तिनेरी, कोंच, गया

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
श्यामबाबू प्रसाद यादव विधायक
पिपरा विधानसभा
पूर्वी चम्पारण

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो.(डॉ) संजय सिंह यादव
अध्यक्ष-संजय सिंह यादव कॉलेज
प्रदेश उपाध्यक्ष (शिक्षक प्रकोष्ठ राजद)
रफीगंज (औरंगाबाद)

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा से संबंद्धता प्राप्त
संत श्री बारहना महिला महाविद्यालय
जगदीशपुर के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों की ओर से
79वें स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
Happy 15 August Independence Day
उपलब्धियाँ
- महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास व प्रयोगशाला की बेहतर व्यवस्था
- पुस्तकालय, ठंडा पेयजल सहित अन्य डिजिटल सुविधा उपलब्ध
महाविद्यालय में ऑन स्पॉट नामांकन जारी
दिनेश कुमार मिश्रा
प्राचार्य
संत श्री बारहना महिला कॉलेज
जगदीशपुर (भोजपुर)

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र साव — अध्यक्ष, कारू साहू सेवा सदन, नवादा
अंबिका प्रसाद — सचिव, कारू साहू सेवा सदन, नवादा
पंकज साव — कोषाध्यक्ष, कारू साहू सेवा सदन, नवादा

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र यादव
कार्यकारी अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमिटि
औरंगाबाद

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार चन्द्रवंशी
प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश भाजपा
रफीगंज (औरंगाबाद)

बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : औरंगाबाद (बिहार)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मयंक किशोर
मुख्य प्रबंधक

Aadharshila Public School
Based on CBSE Curriculum
Admissions Open
for Classes Nursery to VIII
Why Choose Us?
✓ Creative Learning
✓ Expert & Trained Teachers
✓ Small Classrooms
✓ Loving Environment
✓ Well-organised & Sanitary Campus
✓ Excellent Programs
✓ Child Care (Ages 1 to 5)
Add : Rafiganj Road, Guraru, Gaya Contact us : 8228868704, 9801668634

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
दीनानाथ सिंह
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, जहानाबाद


## 18 वर्षो से फरार लाल वारंटी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के महदीपुर से 18 वर्षो से फरार चल रहे लाल वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लाल वारंटी की पहचान महदीपुर गांव निवासी रामदहीन उर्फ राकेश जी के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि टिकारी थाना कांड संख्या 11/7 में न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था, तब से पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली थी कि वह घर पर ही रह रहा है, जिसे गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


बिहार की समस्त जनता सहित बेतियावासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. नेजामुद्दीन, मुखिया — टोला चपरीया पंचायत
भोट साह उर्फ गणेश साह — प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मैनाटांड़
अफरोज आलम, मुखिया — मधूरी पंचायत
धनंजय मंडल — वार्ड सदस्य, भंगहा पंचायत
खुर्शीद आलम — उप प्रमुख मैनाटांड़
बिंदा प्रसाद — मुखिया, बारवा पंचायत

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार उर्फ पिंटू कुशवाहा
जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय लोक मोर्चा
रफीगंज (औरंगाबाद)

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय
कामेश्वरनगर, दरभंगा-846004
देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हम राष्ट्र में शांति, समृद्धि, एकता, अखंडता एवं निरंतर सर्वांगीण विकास की अविरलता की कामना करते हैं और समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस के इस पुनीत अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छ, खुशहाल, शिक्षित तथा विकसित भारत का पूर्ण समर्पण भाव से संकल्प लेने का आह्वान करते हैं।
'जय हिन्द'
प्रो (डॉ.) संजय कुमार चौधरी
कुलपति
ल.ना. मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
रितेश कुमार सिंह
मुखिया
बखोरापुर, बड़हरा (भोजपुर)

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्ण मोहन
प्रधानाध्यापक
कन्या मध्य विद्यालय, संदेश (भोजपुर)

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू
मुखिया प्रतिनिधि
डुमरा, हसपुरा (औरंगाबाद)

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रवण कुशवाहा
नवादा लोकसभा पूर्व प्रत्याशी
प्रदेश मंत्री, राजद

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश तिवारी टाइगर
भावी विधायक प्रत्याशी
भभूआ (कैमूर)विधानसभा क्षेत्र
जनसुराज

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सोनु राज कुशवाहा
युवा जदयू जिलाध्यक्ष,नवादा-सह-मुखिया प्रतिनिधि,बागीबरडीहा पंचायत

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
रवीन्द्र कुमार
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय फतेहपुर, हसपुरा (औरंगाबाद)

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीनिवास सिंह
प्रखंड प्रमुख
हसपुरा (औरंगाबाद)


## सड़क दुर्घटना में जख्मी हुई महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार में सड़क दुर्घटना में हुई जख्मी एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक महिला हरनौत थाना क्षेत्र के लंघौरा गांव निवासी दुखी पासवान के 54 वर्षीय पत्नी पर्वतीय देवी हैं। मृतका के परिजनों ने बताया कि 7 जुलाई को हरनौत बाजार में पिकअप वाहन ने कुचल दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान एक निजी क्लीनिक में शनिवार को जख्मी महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना स्थानीय हरनौत थाना पुलिस को दिया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिए।

# कुलपति ने विश्वविद्यालय मुख्यालय में फहराया तिरंगा

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर मूल्यपरक शिक्षा, उन्नत शोध और आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा।** देश आज़ादी के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय मुख्यालय भवन से प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया। साहस, शांति और समृद्धि के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने के बाद कुलपति ने एनसीसी परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड सलामी के बाद समूचे विश्वविद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने भारतीय संस्कृति, संप्रभुता, समरसता और राष्ट्रप्रेम को सर्वोच्च मानते हुए देश के स्वाधीनता संग्राम में आहुति देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। अपने संबोधन में कुलपति ने आज़ादी के भाव को कर्तव्य बोध और राष्ट्र प्रेम के समन्वय का पर्याय बताया। वैश्विक वातावरण के अनुकूल देश को वर्ष 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी का आह्वान किया। वर्ष 1947 के भारतीय स्वाधीनता दिवस से लेकर वर्ष 2047 तक की शताब्दी में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के क्रम में विश्वविद्यालय में मूल्यपरक शिक्षा, उन्नत शोध और आत्मनिर्भरता की भावना युवा शिक्षकों, कर्मियों और छात्र - छात्राओं में भरा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने संबोधन में कुलपति ने आगे कहा कि हमारा देश तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है। हमारे युवा तेजी से विश्व पटल पर अपने ज्ञान, परंपरा और अनुशासन के बल पर नई इबारतें लिख रहे हैं। ऐसे में पूर्ण निष्ठा और समर्पण तथा राष्ट्र प्रेम की भावना से देश में व्याप्त चुनौतियों का सामना करना हमारा कर्तव्य है। सुधार के लिए साहस ज़रूरी है। साहस नई संभावनाओं को जन्म देती है। आज शिक्षा और शोध के क्षेत्र में ऐसी साहस और तटस्थता की आवश्यकता है। हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करें। बजबूत नींव मूल्यपरक शिक्षा और अनुशासन से सिक्त आत्मनिर्भरता पर आधारित होती है। उच्च शिक्षण संस्थान होने के कारण राज्य के संवर्धन और राष्ट्र निर्माण के लिए 21 वीं सदी के अनुकूल एजुकेशन सिस्टम को बनाना ज़रूरी है। शिक्षा के ग्लोबल स्टैंडर्ड को ध्यान में रखते हुए हमें आगे बढ़ना है। नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क, टीचिंग- लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कदम- से - कदम मिलाकर चलते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करने होंगे। हर्षित भाव से उन्होंने विश्वविद्यालय में पीएम उषा योजना अंतर्गत मेरु योजना के दिशा-निर्देशानुसार विश्वविद्यालय का संशोधित प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार पीएम उषा के पोर्टल पर इंफ्रा कंस्ट्रक्शन, इंफ्रा रेनोवेशन, उपकरण खरीद एवं सॉफ्ट कंपोनेंट्स का औचित्य के साथ अपलोड करने की जानकारी साझा की। कुलपति ने महात्मा गांधी सदन, मुख्यालय भवन और कुलपति आवासीय कार्यालय में ध्वजारोहण किया। कर्मचारी संघ कार्यालय एवं छात्र संघ कार्यालय में प्रभारी कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, वहीं नरगौना मुख्य भवन में वरिष्ठ संकायाध्यक्ष प्रो मो शाहिद हसन ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए सलामी दी।

### असामाजिक तत्वों ने स्टीमर के पायलट और कर्मी के साथ की मारपीट

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार की सुबह पानापुर घाट पर असामाजिक तत्वों ने मेन पानटून गंगा वन स्टीमर के पायलट व एक कर्मी के साथ मारपीट की और स्टीमर को तोडफोड करने का प्रयास किया। इस घटना के विरोध में शुक्रवार को स्टीमर का परिचालन बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को शाम से पुनः परिचालन शुरू कर दिया गया था। स्टीमर के पायलट गोपाल मंडल ने बताया कि शुक्रवार को सुबह नासरीगंज घाट से यात्रियों सवार कर पानापुर घाट पर पहुंचे थे और यात्रियों उतार रहे थे। इसी दौरान आधा दर्जन लोगों स्टीमर के पालयट रूम के पास धावा बोल दिया और मारपीट करने लगे जिससे एक कर्मी को सर पर चोट लगा था और स्टीमर को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास कर रहे थे. किसी तरह जान बचाकर स्टीमर लेकर नासरीगंज घाट पहुंचे. उन्होंने बताया कि नाविकों ने मारपीट किया है। इस घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है।

## एक नजर

### मारपीट कर जख्मी करने का लगाया आरोप

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के सुलतानपुर शनिचरा स्थान निवासी प्रेम प्रकाश को मारपीट कर सर फोड दिया और गले से सोने के चेन छीन लेने का आरोप लगाय है। जख्मी प्रेम प्रकाश ने अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कराया है. इस संबंध में जख्मी प्रेम प्रकाश ने स्थानीय थाना में बैजू साव के पुत्र शिवराम कुमार व गुल्लू साव के पुत्र रोहित कुमार पर मारपीट कर जख्मी करने और गले से सोने के चेन छीनने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में जख्मी प्रेम प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार को शनि देव मंदिर से कलश यात्रा निकाल रहा था. जब मैं मंदिर पर गये तो बैजू साव व उनके पुत्र शिवराम मंदिर के गेट बंद किये हुए थे. जब गेट खोलने के लिए कहा तो गाली-गलौज करते हुए शिवराम व रोहित कुमार ने मारपीट कर सर फोड दिया और गले से सोने के चेन छीन लिया है. पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के लेखानगर स्थित एक महिला के साथ अपार्टमेंट के लोगों ने मारपीट व छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में उसने बताया कि सोसाइटी में कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम को लेकर बाजा बजाया जा रहा था. जब मैंने कम ध्वनि में बजाने के लिए कहा तो सोसाइटी के अजीत कुमार, रत्ना सिंह, अरविंद कुमार सिंह ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट व छेड़खानी करने और गले से सोने के चेन छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि मेरे पति बाहर रहते है और मैं अकेली रहती हूं. उन्होंने बताया कि जब मेरे पति सुबह में फोन कर धीमी गति में बजा बजाने के लिए कहा तो अरविंद कुमार सिंह ने मेरे पति के साथ गाली-गलौज और जान मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### भाजपा नेता ने जल जमाव का लिया जायजा

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने शनिवार को आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के पास जल जमाव का जायजा लिया. श्री यादव ने बताया कि बारिश से जल जमाव हो गया है. उन्होंने परिषद के ईओ पंकज कुमार से फोन पर जल निकासी के लिए उचित पहल करने की मांग किया है. साथ ही श्री यादव ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही जल जमाव से निजात दिलाया जायेगा।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रूपसपुर पुलिस ने महावीर कॉलोनी के पास वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के बाइक के साथ दो चोर को गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार छोटू कुमार तकियापर व पिंटू कुमार झखडी महादेव मुसहरी दानापुर का निवासी है. सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि रूपसपुर पुलिस ने महावीर कॉलोनी में वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार दो युवक को पकडा गया और जब गाडी का कागजात मांगा गया तो नही प्रस्तुत किया गया .और बाइक चोरी का था. गिरफ्तार छोटू व पिंटू से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### श्रद्धा के साथ मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मठ मंदिरों को रंग बिरंगे आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। जगह-जगह भजन-कीर्तन और झांकी का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, देर रात तक भगवान श्रीकृष्ण के गीत भजन गूंजते रहे। भक्तों ने अपने अपने घरों पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विशेष पूजन की तैयारी की थी। भगवान को झूले पर विराजमान कर आरती उतारी गई एवं झूला झुलाया गया। महिलाएं और बच्चियां पारंपरिक वेशभूषा पहन रखी थी । पूरे क्षेत्र में जन्माष्टमी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और परिवार तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

### बाइक की टक्कर से मौत

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 15 अगस्त के देर शाम पाली अकबरपुर रोड़ में तोरनी मोड़ के पास तेज गति से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर लगने से तोरनी गांव निवासी 56 वर्षीय किसुनदेव बिन्द गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना की सूचना जब लोगों को मिली तो उसे अस्पताल में ले जाया गया। इसके बाद गंभीर स्थिति में पीएमसीएच भेजा गया था जिसे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# आज औरंगाबाद और सासाराम पहुंचेंगे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार को सासाराम और औरंगाबाद के दौरे पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर दोनों जिलों में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है और पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक राहुल गांधी का डिहरी के सुअरा में जनसभा करेंगे। इसके बाद वे डेहरी पहुंचेंगे और वहां अंबेडकर चौक से होते हुए मुख्य बाजार, कर्पूरी चौक और पाली रोड से गुजरते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते औरंगाबाद जाएंगे। औरंगाबाद में राहुल गांधी रमेश चौक पर रुक कर स्थानीय लोगों से बातचीत करेंगे। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटने की संभावना है। इसके बाद वे रात्रि विश्राम के लिए कुटुंबा पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम के बाद सोमवार की सुबह राहुल गांधी औरंगाबाद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और फिर वहां से गया के लिए रवाना होंगे। राहुल गांधी के इस दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जोश है। जगह-जगह स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं और जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# गांवों से लेकर शहर तक शान से लहराया तिरंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** स्वतंत्रता दिवस के 79वां वर्षगांठ के अवसर पर मसौढी में गांव से लेकर शहर तक शान से तिरंगा लहराया, जहां आजादी के जश्न को लेकर हर तरफ उत्साह देखा गया। मसौढी सिविल कोर्ट में एडीजे-2 संजीव कुमार, अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम अभिषेक कुमार, डीएसपी कार्यालय में एएसपी कोमल मीणा, अधिवक्ता संघ में महासचिव राकेश कुमार, मसौढ़ी जेल में जेल सुपरिंटेंडेंट विपिन कुमार, नगर परिषद, चेयरमैन पिंकी देवी, मसौढ़ी थाना, में अनिल कुमार, धनरूआ थाना में आलोक कुमार, कादरीगंज थाना में पूनम कुमारी, लहसुना थाना में खुशबू खातून, केवड़ा थाने में संतोष कुमार, पुनपुन थाना में बेबी कुमारी, पिपरा में आरके पाल, आदी ने पुरे जोश खरोश के साथ झंडातोलन किया गया। इस मौके पर गांधी मैदान मसौढी में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया, जहां विधायक रेखा देवी ने झंडातोलन की वहीं भव्य झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को विधायक ने मेडल और प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।

इसके अलावा मीरचक प्राथमिक विद्यालय में दीपक शर्मा, पीपीएस स्कूल में एसपी बोस, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा में मो. मंजर शदाब, धनरूआ के अतरपुरा प्राथमीक विध्यालय संजय कुमार, कांग्रेस कार्यालय मे अरफराज साहिल के नेतृत्व में वहीं मसौढ़ी के मालिकाना मदरसा जामिया सौतुल कुरान में मौलाना जहूर ने झंडा फहराया।

# पालीगंज में धूमधाम से मना 79वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पालीगंज।** 79वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश की आन बान व शान राष्ट्रीय ध्वज को अनुमंडल क्षेत्र के सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयों व सामाजिक संस्थानों में धूम धाम से झंडोतोलन किया गया। सबसे पहले झंडा आंदोलन शाहिद वीर हरदेव सिंह के मूर्ति तोड़नी में अनुमंडल पदाधिकारी अमन प्रीत सिंह ने माल्यार्पण किया। पालीगंज अनुमंडल आवास व कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी अमन प्रीत सिंह ने झंडोत्तोलन किया। वही पालीगंज व्यवहार न्यालय, एसडीपीओ कार्यालय सहित प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख अनीशा देवी, पालीगंज नगर पंचायत कार्यालय में नगर अध्यक्ष बीरेंद्र बैठा, पालीगंज थाना में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने झंडोतोलन किया। वही सिगोड़ी थाना, खिरिमोड थाना, इमामगंज थाना, पीयरपुरा थाना में थानाध्यक्ष ने झंडोतोलन किया। इस अवसर पर थाने में स्थापित सभी पुलिसकर्मियों ने झंडे की सलामी दी। इस अवसर पर मसौढा जलपुरा पंचायत में बने पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन पंचायत के मुखिया गुड्डू कुमार के किया तथा झंडोतोलन किया गया। वही सभी पंचायत में मुखिया, पैक्स अध्यक्ष, व वार्ड पार्षद तथा गैर सरकारी संस्थानों सहित आर्यसमाज में सतीश चंद्र खत्री ने झंडा फहराया। इस अवसर पर कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

### डीएवी अछुआ में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**पालीगंज।** डीएवी पब्लिक स्कूल, अछुआ, पालीगंज में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय निदेशक रामाशीष राय और मैनेजर वी. आनंद कुमार के निर्देशानुसार प्रभारी प्राचार्या प्रभा निधि के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे मुख्य अतिथि अरविंद धारी और प्राचार्या प्रभा निधि ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कक्षा 9 के चित्रांशु कुमार ने अंग्रेजी में, आकांक्षा ने हिंदी में और कक्षा 8 के अरिहंत ने संस्कृत में भाषण देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चंदन शीतल, शिक्षिका राखी कुमारी और छात्र-छात्रा आर्यन व रूपनंदिनी ने किया। प्राचार्या प्रभा निधि ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को देशभक्ति और राष्ट्र सेवा के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रबंधन की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक डॉ. संदीप सौरव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वैदिक ध्वनि 'ओउम शांति, ओउम शांति' के साथ हुआ।

### शान से फहरा तिरंगा

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनीत राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस के अवसर पर बिक्रम में धूमधाम से झंडोत्तोलन संपन्न हुआ। बिक्रम शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता सेनानी रामजीवन सिंह, गांधी आश्रम में सीओ स्वयं प्रभा, नगर पंचायत में कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार,अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय में चंद्रिका प्रसाद, थाना में थानाध्यक्ष विनोद कुमार, अख्तियारपुर पंचायत भवन पर मुखिया रीता देवी, पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में डॉ मनोज कुमार, डायट में डॉ नवल ठाकुर, आर पी कालेज में डॉ सपना कुमारी,मदनधारी बालिका स्कूल में प्राचार्य राकेश रंजन, एम एम कॉलेज में डॉ अशोक अंशुमाली, एम्बिशस में जनेश्वर सिंह, त्रिभुवन पुस्तकालय में पंकज द्विवेदी ने झंडोत्तोलन किया।

# डालमिया सीमेंट का स्वतंत्रता दिवस पर पूर्वी भारत के वीर जवानों को सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश के प्रमुख सीमेंट निर्माताओं में से एक डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) ने देश की स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 'सैल्यूटिंग 78' पहल के तहत पूर्वी भारत के सशस्त्र बलों के युद्ध वीरों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। समुदायों को एक साथ लाने वाले समारोहों में, कंपनी ने बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड के 78 पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान के लिए श्रद्धांजलि दी। बिहार में, अलग-अलग पृष्ठभूमि के 27 पूर्व सैनिकों को देश सेवा में उनके साहस और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ऑपरेशन सिंदूर में बिहार के सैनिकों की बहादुरी को भी भावपूर्ण तरीके से याद किया गया। बक्सर जिले के हवलदार सुनील कुमार सिंह को मरणोपरांत सम्मानित किया गया, जिन्होंने 2002 में सेना में भर्ती होकर 2023 में हवलदार पद प्राप्त किया था। वे पाकिस्तानी ड्रोन हमले में गंभीर रूप से घायल हुए और वीरगति को प्राप्त हुए। डालमिया सीमेंट ने उनकी शहादत को नमन करते हुए, उन्हें बिहार की गौरवशाली सैन्य परंपरा का प्रतीक बताया। प्रत्येक पूर्व सैनिक को एक पट्टिका, ट्रॉफी, शॉल, भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और सभी 78 सम्मानित पूर्व सैनिकों की विशेष स्मृति एल्बम भेंट की गई।

# मेट्रो निर्माण कार्य से नगर में जल जमाव की समस्या गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** बिहार सरकार ने दानापुर वासियों को मेट्रो रेल की सौगात दी है। परंतु मेट्रो निर्माण कार्य के कारण बेली रोड के नेहरू पथ के दोनों बडे नाला गोला रोड मोड के पास संकीर्ण हो गया है और जल निकासी समुचित तरीके से नही हो पा रहा है. जिससे परिषद क्षेत्र के बेली रोड के विभिन्न कॉलोनियों में जल जमाव का समस्या उत्पन्न हो गया है. बताया जाता है कि मेट्रो निर्माण कार्य के कारण गोला रोड बेली रोड में पेट्रोल पंप के पास मेट्रो का पिलर तैयार हो रहा है। मेट्रो निर्माण की वजह से पहले से मौजूद बड़े आहर को बंद कर दिया गया और छोटा नाला बना दिया गया. साथ ही जिस ओर घनी आबादी है, उस ओर जल निकासी का रास्ता छोड़ने के बजाय मेट्रो कंपनी ने सड़क के विपरीत दिशा से पानी निकासी की व्यवस्था की. जिसके कारण आधा दर्जन से अधिक वार्डों में घरों तक पानी घुस गया और जल जमाव में जीने को विवश है। नगर परिषद प्रशासन का आरोप है कि मेट्रो द्वारा लगाए गए मोटर पंप तक को मेट्रो कर्मी चालू नहीं करते जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। जल जमाव के कारण वार्डो के कई घरों में पानी घुस गया है और वार्डो में रहने वाले लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। परिषद के 9 वार्ड प्रभावित हुए है। इस पाइन के जरिए परिषद के वार्ड संख्या 12, 15, 16, 17, 37, 38, 39 और 40 का पानी निकासी होनी है. परंतु पानी का फ्लो काफी धीमा होने की वजह से वार्डों में जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। परिषद प्रशासन ने कई बार पत्राचार के माध्यम से मेट्रो के अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन स्थित जस का तस बना हुआ है। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने कहा कि मेट्रो निर्माण से पहले यह आपसी सहमति बनी थी कि नाले का प्राकृतिक धारा प्रवाह बाधित नहीं किया जायेगा. परंतु वर्तमान हालात इस सहमति का मजाक उड़ा रहे हैं जिससे जल जमाव की गंभीर समस्या बन हुआ है ,जो नगर परिषद के लिए सरदर्द बना हुआ है. कम से कम 6 फीट चौड़ा नाला छोड़ा जाता तो जल जमाव जैसी स्थिति नहीं बनता। कंपनी की मनमानी और लापरवाही से हजारों लोग अपने ही घरों में कैद होकर जल जमाव और गंदगी की मार झेल रहे हैं।

# यहां आज भी सुनाई देती है कृष्ण की 'बांसुरी की धुन'

**श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष**

शशि तुलस्यान / नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**मसौढ़ी।** राजधानी पटना से सटे धनरूआ का एक ऐसा गांव है, जहां आज भी भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी की आवाज लोगों को सुनाई देती है। कहा जाता है, सुबह गाय चराने के लिए गाय पालक जब निकलते हैं, तो उन्हें कभी पायल, कभी घुंघरू तो कभी बांसुरी की आवाज सुनाई देती है। आस्था और पूरे विश्वास के साथ यहां के ग्रामीण आज इस गांव में श्रीकृष्ण के होने की बात पर विश्वास करते हैं। बहरहाल मसौढ़ी अनुमंडल के धनरूआ प्रखंड के विजयपुरा गांव में आज भी भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी की सुरीली आवाज सुनाई देती है। गांव के लोगों का ऐसा मानना है कि यहां भगवान श्रीकृष्ण बांसुरी की मधुर तान छेड़ते हैं। जिसे आज भी सुना जा सकता है। हालांकि संभव नहीं है कि यह सुरीली आवाज हर किसी को सुनाई दे, जिनकी आस्था और कृष्ण भक्ति दिलों में बसी है, वही इसे सुन सकते हैं। गांव के कुमुद कुमार सिंह, योगेंद्र चंद्रवंशी, संतोष कुमार आदी ने बताया की उनके पुर्वज कहानी बताते है की विजयपुरा गांव में भगवान श्रीकृष्ण जब पांडवों के साथ जरासंध पर विजय पाकर लौट रहे थे, तो यहां पर रात में विश्राम किया था। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण जब रुक्मणी हरण कर लौट रहे थे, तो यहीं पर उनका ठहराव हुआ था, इसलिए शायद इस गांव का नाम वृजपुरा से विजयपुरा रखा गया होगा। बहरहाल विजयपुर गांव स्थित कन्हैया स्थान में जन्माष्टमी को लेकर भी तैयारी की जा रही है। यहां जन्माष्टमी पर दूर-दूर से लोग इस मंदिर में अपनी आस्था और मन्नतें मांगने के लिए आते हैं। ग्रामीणों की मानें तो रासलीला कब से यहां शुरू हुई है, आज तक किसी को नहीं पता है. तकरीबन सैकड़ों सालों से यहां पर रासलीला का कार्यक्रम किया जाता है।कहते है की पूरे भारत में तीन जगह पर ही सबसे ज्यादा दिनों तक रासलीला का आयोजन होता है। जिसमें बिहार के पटना के धनरूआ प्रखंड का यह विजयपुरा गांव भी है, जहां पर 53 दिनों तक रासलीला का कार्यक्रम किया जाता है।

# कान्हा के स्वागत के लिए दुल्हन की तरह सजे मंदिर, रात 12 ही बजते मनाया गया जन्मोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मसौढी के श्रीरामजानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया, जिससे भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। पूरे शहर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर रही। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है और कृष्ण भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। वही मंडप के पास श्री रामनाथेश्वरार मंदिर में भी काफी उत्साह देखा गया गौरतलब है की सुबह से लेकर रात भर मंदिर में श्रद्धालुओं की रौनक और उनकी महिमा का गुणगान व झांकियां प्रस्तुत की गई। रात को उनके जन्म के समय में भी बाल रूप में कान्हा को एक पालने में झुलाया गया है। जिससे पुरा माहौल श्रीकृष्णमय रहा। इसमें युवाओं महिलाओं में खास उत्साह देखा गया है। भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन को मनाने का एक अलग तरह का उत्साह बना रहा। मंदिर कमेटी की ओर से बाल गोपाल के जन्मोत्सव की तैयारी धूमधाम से की गई। मंदिर कमेटी के सदस्य पंकज प्रभु ने बताया कि हर साल ठाकुरवाड़ी मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी ऐसी ही तैयारियां की गई हैं। श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर के पुजारी गोपाल पांडे ने बताया कि रात 12:00 बजे के बाद जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी लेकिन सुबह से ही सैकड़ो से की संख्या में कृष्ण भक्ति भक्ति में झूम रहे हैं। जन्मोत्सव के बाद पालना उत्सव भी कार्यक्रम किया जाएगा, हजारों हजार की संख्या में भक्तों की भीड़ उमडती है।और सुबह से ही भक्ति भजन का कार्यक्रम चलता रहा है इसके अलावा छठीयार भी धूमधाम से मनाया जाता है। बहरहाल जनमोत्स्व के बाद अल्हे सुबह शहर मे भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा जिसकी तैयारी जोरो पर है।

### वाहन की टक्कर से पत्नी की मौत, पति जख्मी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रामाबांध बस स्टैंड के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जबकि उसके पति जख्मी हो गए। मृतका की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के सुंदरगंज गांव निवासी मो. फारूक की पत्नी रेहाना खातून के रूप में हुई है। जख्मी पति मो. फारूक अस्पताल में इलाज किया गया। परिजनों ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन औरंगाबाद शहर के टिकरी रोड स्थित पुल पर खेलने के दौरान पानी में डूबकर एक बच्चे की मौत हो गई थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उसका शव बरामद नहीं हुआ। मो फारूक अपनी पत्नी रेहाना खातून को लेकर टिकरी रोड स्थित पीड़ित परिजनों से मुलाकात करने के लिए जा रहा था।

### औरंगाबाद में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण

# सीएम नीतीश ने औरंगाबाद को दी है 1124 करोड़ की सौगात : संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के गांधी मैदान में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां लघु जल संसाधन मंत्री-सह-प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, ज़िलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। तत्पश्चात स्कूली छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किए जाने के बाद प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण किया। मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए सभी वीर सपूतों, महान स्वतंत्रता सेनानियों तथा हाल के दिनों में मातृभूमि की रक्षा में शहीद हुए सैनिकों को नमन किया। उन्होंने विशेष रूप से बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा एवं जिले के ओबरा प्रखंड के खरांटी ग्राम निवासी शहीद जगतपति कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद जिला को 1124 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात मिली है जिसमें देव प्रखंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सूर्य मंदिर परिसर में प्रगति पथ एवं रिंग रोड, मदनपुर में चेक डैम, नबीनगर में कैनाल, औरंगाबाद में ट्रॉमा सेंटर व रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सात प्रखंडों में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय



भवन, रफीगंज बाईपास एवं गयाजी-औरंगाबाद मार्ग का चौड़ीकरण शामिल है। प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत 2.31 लाख बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो रहा है तथा रसोईया-सह-सहायकों का मानदेय बढ़ाकर 3,300 किया गया है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि योजनाओं से जिले के 2,64,353 लाभुकों को अब 1,100 प्रतिमाह क्ळ्ट्ठ के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत 1,889 शिविरों के माध्यम से 99,903 लाभुकों को उसी दिन योजनाओं का लाभ दिया गया एवं 749 परिवारों को वासभूमि का पर्चा उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के द्वारा वाणिज्य कर विभाग द्वारा संग्रहण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नॉन कॉरपोरेट व्यवसायियों को भामाशाह सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया जिनमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय क्रमशः अभिषेक ऑटो, श्री गोपाल सेल्स एवं न्यू अजीत इलेक्ट्रॉनिक्स को नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले डॉक्टरों में दृष्टि आई केयर हॉस्पिटल, औरंगाबाद एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, मदनपुर के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ परिवहन विभाग अंतर्गत गुड से सेमेट्रीन अवार्ड से अरविंद यादव, शाहनवाज, विजय कुमार एवं मोहम्मद मुस्ताक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधान पार्षद दिलीप कुमार, जिले के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं किसान शामिल रहे। वहीं मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के निदेशानुसार जिले के विभिन्न महादलित टोलों में झंडोतोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन द्वारा शहर के दानी बिगहा स्थित महादलित टोला में वहां के सर्वाधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक से झंडोतोलन कराया।

# पूर्व सांसद ने सिंह कोठी में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने 79वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। पूर्व सांसद ने कहा कि हम सभी लोग अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे है। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस हमे गौरवान्वित भारतीय होने का याद दिलाते है। मैं सभी भारतीयों से अपील करता हुँ कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करें। पूर्व सांसद राजकीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विधालय चौखड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए और छात्रों को पुरस्कार वितरण कर उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस और बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया। मौके पर भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक आदि उपस्थित रहे।

# भारत के विकास में एनटीपीसी का महत्वपूर्ण योगदान : बेहेरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नबीनगर में 79वें स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे, जिन्होंने ध्वजारोहण किया। श्री बेहेरा ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों, डीजीआर गाईस, बाल भारती पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत गरिमापूर्ण परेड से 'गार्ड ऑफ ऑनर' स्वीकार किया। मौके पर उन्होंने भारत के विकास और विद्युत आपूर्ति में एनटीपीसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने संयंत्र की उपलब्धियों



का उल्लेख करते हुए सभी विभागों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर स्वरा महिला संघ, केंद्रीय विद्यालय, बीबीपीएस और बाल भवन के छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने अपने कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों के असाधारण योगदान के लिए उन्हें बीयूएच मेरिटोरियस अवॉर्ड' और 'पावर एक्सेल' से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक के.डी. यादव, महाप्रबंधक अनिल कुमार टी.सी., उप कमांडेंट, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं स्वरा महिला संघ की अध्यक्ष आरती बेहेरा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# महामाया बीएड कॉलेज और लक्ष्मी पब्लिक स्कूल में हुआ झंडोतोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन देवकली एवं बेल रोड स्थित लक्ष्मी पब्लिक स्कूल में निदेशक अभिषेक कुमार के द्वारा झंडोतोलन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भाषण, संगीत, नाट्य कला का बेहतर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने आजादी के महत्व एवं अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति बच्चों को अवगत कराया। साथ ही एक बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा दी। संस्थान में बेहतर प्रदर्शन



करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य प्रबंधक एवं वरीय राजद नेता विनय प्रसाद, संचालक सालोना शाह, शिक्षक श्रवण कुमार, धीरज कुमार, बृजेश कुमार, प्रमोद कुमार, अजीत कुमार, यश कुमार आदि उपस्थित थे।

# बीआरबीसीएल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण का नेतृत्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और बीआरबीसीएल की हाल की उपलब्धियों को साझा किया। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से भर दिया। सीआईएसएफ के जवानों ने



रोमांचक डेमो का प्रदर्शन कर समारोह में जोश का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान दीपक रंजन देहुरी ने आसपास के गांवों के 16 विद्यार्थियों को 'उत्कर्ष मेधावी पुरस्कार' से सम्मानित किया। साथ ही 5 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जो बीआरबीसीएल की सामाजिक जिम्मेदारी और सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए 25 कर्मियों को 'मेरिटोरियस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह का समापन देशभक्ति और एकता की भावना के साथ हुआ। इसी क्रम में एच टाइप कार्यालय में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) बिमल कुमार साहा ने ध्वजारोहण किया और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# हमारे बलिदानों का प्रतीक है तिरंगा : डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। अनुग्रह छात्रावास में अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ। इसके बाद मां सरस्वती महिला छात्रावास, संस्थापक अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा की प्रतिमा, सच्चिदानंद सिन्हा की प्रतिमा और भारत माता की पूजा सम्पन्न हुई। एनएसएस प्रभारी निहारिका कुमारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों और एनसीसी सीटीओ मनजीत कुमार के निर्देशन में कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। सुशांत सिंह राजपूत मुक्ताकाश मंच पर प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण कर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि असमानता



में समानता हमारी पहचान है, तिरंगा हमारे बलिदानों का प्रतीक है और लक्ष्य है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। बाद में पंडित जनार्दन झा द्विज सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसकी जिम्मेदारी नीतू सिंह ने संभाली। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप तक्षक और सूबेदार मेजर संबीत पात्रा थे। उन्हें शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिंदी विभाग से अरविंद कुमार सिंह, मनोविज्ञान विभाग से कमलेश कुमार सिंह, राजनीतिक विज्ञान विभाग से प्रेम शंकर गोंड, संजीव रंजन, योगेंद्र कुमार सिंह (पीटीआई), नागेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, ओमप्रकाश कुमार, अरुण त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी सह सहायक प्राध्यापक शशिकांत कुमार, अनिल कुमार सिंह, रमाकांत कुमार, प्रधान सहायक सौरभ सुमन, लेखपाल मनोज कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, राजेश मिश्रा, जयप्रकाश कुमार, राकेश कुमार, रमेश सिंह, सरोज सिंह, विकास कुमार, गोविंदा कुमार समेत महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।



औरंगाबाद के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर ने झंडोतोलन किया। मौके पर कांफ्रेस के वरीय पदाधिकारीगण मौजूद

# पूर्वजों के बलिदानों को कभी नहीं भूलें : प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के धनाडी स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक में स्वतंत्रता दिवस का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ बी के सिंह ने तिरंगा झंडा फहराकर स्वतंत्रता दिवस के उत्सव की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए हमें अपने पूर्वजों के बलिदानों को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय पॉलीटेक्निक औरंगाबाद के छात्रों ने इस अवसर पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। छात्रों ने देशभक्ति गीतों और नृत्यों के अलावा अपने विचारों और कविताओं के माध्यम से भी



देशभक्ति की भावना को व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और नृत्यों के साथ समा बांध दिया। उनके कार्यक्रमों ने दर्शकों की तालियां बटोरीं और सभी को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। आयोजकों ने डॉ बी के सिंह और सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर छात्रों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत करने के लिए आयोजकों ने विशेष प्रयास किए। आयोजकों ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक अच्छा अनुभव था और उन्हें देश की आजादी के महत्व को समझने में मदद मिली। संस्थान के मीडिया प्रभारी व्याख्याता मो शाहिद अख्तर ने बताया कार्यक्रम के अंत में सभी ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया और देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में कहा कि हम अपने देश की आजादी की रक्षा करने और इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रगान गाया और देश की सलामती के लिए प्रार्थना की।

# औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद तथा अधिवक्ता संघों के प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीश राजकुमार वन ने ध्वजारोहण किया। इसी क्रम में जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में महासचिव जगनरायण सिंह तथा अधिवक्ता संघ औरंगाबाद में महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने ध्वजारोहण किया। समारोह के दौरान देशभक्ति की भावना से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। समारोह में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरुण कुमार, जिला न्यायाधीश प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, जिला न्यायाधीश तृतीय अशोक कुमार गुप्ता, जिला न्यायाधीश पंचम उमेश प्रसाद सहित अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद की सचिव तान्या पटेल, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, जिला विधिज्ञ संघ अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह तथा जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा भी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। देशभक्ति के नारों और झंडारोहण के उत्साह से न्यायालय परिसर का वातावरण ऊर्जा और उमंग से भर गया।

# देश की आजादी और गौरव को बनाए रखने की जरूरत : धनंजय

## लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के जसोइया सिति लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. धनंजय कुमार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमें अपने देश की आज़ादी और गौरव को बनाए रखने के लिए सदैव एकजुट होकर प्रयासरत रहना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को देशभक्ति की भावना सदैव बनाए रखने का संदेश दिया, जबकि सह-प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने आज़ादी के महत्व को विस्तार से समझाया। विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस अपेक्षा ठाकुर, संतन कुमार सिंह एवं अन्य विद्यालय के शिक्षकों के संयोजन में



सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिनके माध्यम से स्वतंत्रता दिवस का महत्व उजागर किया गया। **फैंसी ड्रेस (नर्सरी से यूकेजी):** नन्हे बच्चों ने आकर्षक परिधानों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। **फैशन शो:** प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने रंगारंग परिधानों में रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। **भाषण:** नव्या परमार, अर्पणा रानी, दिव्यांश दुबे, पिहू गुप्ता और सुप्रिया कुमारी ने तेजस्वी भाषण दिए। **ग्रुप सॉन्ग:** शृष्टि ने 'करमा' गीत के साथ प्रस्तुति दी, जबकि पिहू एवं ग्रुप ने वतन याद रहेगा गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। **सोलो सॉन्ग:** प्रणव मिश्रा ने अंबर में जब... गीत प्रस्तुत किया, वहीं तूबा ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत गाकर सभी का मन मोह लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दयानन्द विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की संस्कृति और परंपरा का अनुकरण करते हुए कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि के स्वागत, ध्वजरोहण तथा राष्ट्रीय गान से हुआ। तत्पश्चात एनसीसी के विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि से मार्च पास्ट की अनुमति ली। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विजय कुमार पाठक ने मंच से विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी अतिथियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए उनका स्वागत अभिनन्दन किया। प्राचार्य, मुख्य अतिथि एवं कुछ शिक्षकों के द्वारा







एक पुस्तक का विमोचन किया गया जिसकी रचना कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के द्वारा की गयीं है जिसमें हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत तीनो भाषाओ का समावेश है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा आठवीं, नवमीं और दसवीं की छात्राओं ने उड़िया नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कक्षा पांचवी की छात्रा गार्गी ठाकुर ने अपनी ओजस्वी वाणी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आजादी की भावना से ओत-प्रोत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन मिंटू मैम और दीप्ती मैम के निर्देशन में कक्षा बारहवीं की छात्रा हंसिका और सालविका के द्वारा किया गया। अंत में डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षक मोहम्मद उमैर ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। वहीं शहर के दानी बिगहा स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्या अल्पना मिश्रा ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान तथा वंदे मातरम् के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। प्राचार्या ने कहा कि इस दिवस का मतलब है हमारे देश की आजादी, हमारे वीरों के संघर्ष और समर्पण की गाथा। आज भारत एक ऐसी दिशा की ओर अग्रसर है जो अपनी संस्कृति, सांस्कृतिक धरोहर, विविधता और एकता में विश्वास करता है। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कक्षा तीसरी के छात्र आरव ठाकुर तथा कक्षा छठी की छात्रा संस्कृति ने अंग्रेजी एवं हिंदी में भाषण देकर देश की गौरव गाथा पर प्रकाश डाला। मौके पर समाजसेवी कौशलेंद्र प्रताप सिंह एवं राघवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

# विवेकानंद वीआइपीएफ इंस्टिच्यूट आफ एजुकेशन में लहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के विवेकानंद वीआईपी स्कूल व विवेकानंद वीआइपीएफ इंस्टिच्यूट आफ एजुकेशन में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह ने किया। झंडोतोलन चेयरमैन मनीष वत्स ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दिया। समारोह में बाल कलाकारों द्बारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विवेकानंद बिग्रेड द्बारा कि ए गए मार्चपास्ट ने सभी का मन मोह लिया। चेयरमैन ने कहा कि हम शिक्षा के सहारे उन्नत राष्ट्र का सपना बुन सकते है। चेयरमैन ने निदेशक डा. शम्भू शरण सिह द्वारा संप्रेषित संदेश को बच्चों तक पहुंचाया। निदेशक ने अपने



व्यक्तिगत वेतन से 10वीं व 12वीं के छात्रों के लिए छात्रवृति की घोषणा की। विद्यालय के प्राचार्य डा. रंजय कुमार सिह, विभागाध्यक्ष रामचंद्र शर्मा, विद्यालय समन्ययवयक सूची कुमारी, शिक्षक अखिलेश शर्मा, आरआर मिश्र, कुमारी सुमन, रंजन कुमार, नित्यानंद कुमार, अविनाश कुमार सहित मौजूद रहे।